दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :187
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 10 मई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


मोदी के हाथ से फिसल रहा चुनाव

# 15 अगस्त तक 30 लाख भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी इंडिया सरकार-राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार सत्ता में आने पर 15 अगस्त तक विभिन्न सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करेगी। एक वीडियो संदेश में, कांग्रेस सांसद ने देश के युवाओं से एक अपील की जिसमें उन्होंने कहा अगले 4-5 दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्यान भटकाने की कोशिश करेंगे क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि चुनाव उनके हाथ से फिसल रहा है। राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहा कि वह प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और उन्होंने अब 4-5 दिनों के लिए आपका ध्यान भटकाने का फैसला किया है।% वह कोई न कोई ड्रामा करेंगे। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए। बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है नरेंद्र मोदी ने 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था लेकिन यह झूठ था। वह नोटबंदी, गलत जीएसटी लाए और अडानी जैसे लोगों की सेवा की।

उन्होंने कहा कि हम भारती भरोसा लेकर आ रहे हैं। 4 जून को इंडिया ब्लॉक सरकार बनाएगा और 15 अगस्त तक 30 लाख खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जय हिंद। नमस्कार। उन्होंने अपने संदेश में नरेंद्र मोदी के इस हमले पर पलटवार करते हुए अडानी का जिक्र किया कि राहुल गांधी ने अडानी-अंबानी का नाम लेना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि पांच साल तक कांग्रेस के शहजादा एक ही बात दोहराते रहे। लेकिन जब राफेल मुद्दा फीका पड़ गया, तो उन्होंने पांच उद्योगपतियों, खासकर अंबानी और अडानी को निशाना बनाना शुरू कर दिया। हालाँकि, चुनावों की घोषणा होने के बाद, उन्होंने उन पर हमला करना बंद कर दिया।

मैं तेलंगाना की धरती से पूछना चाहता हूं कि शहजादा ऐलान करें कि अंबानी-अडानी से कितना उठाया है। क्या कांग्रेस के पास तेजी से पैसा पहुंचा है? ऐसी कौन सी डील हो गई कि रातों-रात अंबानी-अडानी को गाली देना बंद हो गया। जबकि कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि राहुल गांधी ने अडानी-अंबानी के बारे में बात करना कभी बंद नहीं किया, राहुल गांधी ने पूछा कि क्या पीएम मोदी को अपने व्यक्तिगत अनुभव से %पैसे के टेंपो लोड% के बारे में पता था। गांधी ने कहा, ÷मोदी जी, क्या आप थोड़ा डरे हुए हैं? आम तौर पर आप बंद दरवाजों के पीछे अडानी और अंबानी के बारे में बात करते हैं, लेकिन पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अडानी और अंबानी के बारे में बात की है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की 74 उड़ानें रद्द

## 30 कर्मचारियों को किया बर्खास्त



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने केबिन क्रू की कमी के कारण गुरुवार को 74 उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने अचानक छुट्टी पर गए 200 से ज्यादा केबिन क्रू-मेंबर्स में से 30 को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही बचे हुए कर्मचारियों से आज शाम 4 बजे तक नौकरी पर लौटने की अपील की है। ऐसा न करने पर सबको निकालने का अल्टीमेटम दिया गया है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन ने 30 वरिष्ठ केबिन क्रू सदस्यों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक सिंह ने कहा है कि आज और आने वाले दिनों में भी कई फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ सकती हैं जबकि कंपनी अपनी अन्य उड़ानों में भी कटौती करेगी।उधर, कंपनी ने नौकरी से बर्खास्त कर्मचारियों को भेजे गए सेवा समाप्ति पत्र में कहा है कि आपका कार्य, उड़ान का संचालन न करने और कंपनी की सेवाओं को बाधित करना भी कानूनों का उल्लंघन है, जो एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड कर्मचारी सेवा नियमों का भी उल्लंघन है, जो आप पर लागू होते हैं।नौकरी से बर्खास्त ये केबिन क्रू सदस्य 7 मई की रात अचानक सामूहिक छुट्टी पर चले गए थे, जिसकी वजह से एयरलाइन को मंगलवार रात से बुधवार तक 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं।

आज भी अबतक 74 उड़ानें कैंसिल हो चुकी हैं।कंपनी ने जारी एक बयान में कहा है कि हम अभूतपूर्व उड़ान देरी और रद्दीकरण के कारण हुई असुविधा के लिए ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं। हम व्यवधानों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, कृपया हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करें। यदि आपकी उड़ान प्रभावित होती है, तो कृपया रिफंड और पुनर्निर्धारण सहायता के लिए व्हाट्सएप या http://airindiae&press.com/support पर टिया से संपर्क करें।उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले जाने के कारण एयरलाइन को 100 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ाने रद्द करनी पड़ी हैं। दरअसल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसको लेकर पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य नाराज चल रह रहे हैं।

# हमारी सरकार आई तो किसान कर्जमाफी के लिए बनेगा स्थायी आयोग-प्रियंका गांधी



**रायबरेली,(हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक चुनावी जनसभा में कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो किसानों के कर्जमाफी के लिए स्थायी आयोग का गठन करेंगे। खेती से जुड़े सभी उपकरण जीएसटी से मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जो वादे कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में किए थे वो पूरे किए, ये वादे भी पूरे करेंगे।प्रियंका ने रायबरेली से प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में गुरुवार को चुनावी जनसभा में कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने कहा था कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे तो माफ किया। कर्नाटक में हमने कहा था कि महिलाओं के खाते में 2000 डालेंगे, आज डाल रहे हैं। जहां-जहां हमारी सरकार है, हमने वादे पूरे किए हैं।उन्होंने एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ओवैसी भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जहां भी भाजपा को अन्य दलों को पीछे धकेलने के लिए किसी को मैदान में उतारने की जरूरत है, वह ऐसा कर रहे हैं। तेलंगाना चुनाव में ये बात बिल्कुल साफ हो गई है।कांग्रेस नेता ने कहा कि पांच किलो राशन से आपका भविष्य नहीं बनने वाला है, मिल रहा है ये अच्छी बात है। आपको वो सरकार चाहिए जो कि रोजगार दे। जब आपके पास रोजगार होगा तो आप खुद ही आत्मनिर्भर बनेंगे। जो राजनीतिक दल आपको सिर्फ राशन देने तक ही सीमित कर रहा है उसकी नीति ठीक नहीं है।प्रियंका ने कहा कि रायबरेली में एक राजनीतिक जागरुकता की परंपरा रही है। यहां के किसानों ने 103 साल पहले एक आंदोलन किया था जिसमें पंडित नेहरू भी शामिल हुए थे और किसानों के साथ गिरफ्तार हुए थे। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता ने नेताओं को दंडित भी किया। इंदिरा गांधी को भी हरा दिया लेकिन इंदिरा जी ने हमेशा ही आपका आदर किया और जनता की बात सुनी।

# कुलगाम के रेडवानी इलाके में लगभग 40 घंटे तक चला अभियान समाप्त, तीन आतंकी ढेर



**कुलगाम(हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में लगभग 40 घंटे तक चला अभियान गुरुवार सुबह समाप्त हो गया। इस दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है।सोमवार देर रात इलाके में तीन आतंकियों बासित अहमद डार, फहीम अहमद बाबा और मोमिन की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में अभियान शुरू किया था। इस दौरान शुरू हुई मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मंगलवार को मार गिराए गए थे, जिसमें बासित डार और फहीम अहमद बाबा शामिल थे। बुधवार को एक अन्य आतंकी मोमिन को मार गिराया गया। मोमिन व बसित पर 10-10 लाख रुपये का इनाम था और यह आतंकवादी टारगेट हत्याओं में शामिल थे।भारतीय सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि कुलगाम के क्षेत्र रेडवानी पाइन में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है।रेडवानी इलाके में सोमवार से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार शाम को एक और आतंकी को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उसका साथी फहीम अहमद बाबा मारा गया था।भारतीय सेना ने 40 घंटे की निगरानी के बाद तीन आतंकवादियों को मार गिराते हुए ÷ऑपरेशन रेडवानी पाईन÷ का समापन किया है। मुठभेड़ स्थल से युद्धक सामान भी बरामद हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मां भारती के महान सपूत महाराणा प्रताप को किया नमन

**नई दिल्ली(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर आदरपूर्वक याद किया। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा है, %%मां भारती के महान सपूत महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। साहस, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया, जो देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगाउल्लेखनीय है, भारत के पराक्रमी महाराणा प्रताप का जन्म 09 मई, 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। महाराणा प्रताप ने मुगलों के हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। आन, बान और शान के लिए कभी समझौता नहीं किया। विपरीत से विपरीत परिस्थिति ही क्यों ना हो, कभी हार नहीं मानी।

# मोदी की दलाली कर रही हैं ममता बनर्जी

## अधीर रंजन का टीएमसी पर बड़ा हमला



**कोलकाता,एजेंसियाँ।** बंगाल कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोलकर उन पर गुप्त रूप से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काम करने का आरोप लगाकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस की सहयोगी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता पर हमला करते हुए अधीर रंजन ने कहा कि वह मोदी की दलाली और उनकी पैरवी कर रही हैं, यही वजह है कि पश्चिम बंगाल में दोनों गठबंधन सहयोगियों के बीच समझौता नहीं हो सका। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस पर कटाक्ष किया और आरोप लगाया कि मौजूदा पश्चिम बंगाल सरकार दो समुदायों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश करती है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और बेरहामपुर सीट से पांच बार के सांसद ने यह भी कहा कि टीएमसी यह साबित करने के लिए अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है कि इस बार सत्ताधारी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है (टीएमसी ने बेरहामपुर सीट से पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को मैदान में उतारा है) अधिक तरजीह दी जानी चाहिए क्योंकि वह अल्पसंख्यक समुदाय से हैं और मैं हिंदू समुदाय से हूं।वहीं दूसरी तरफ टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के तहत सीट बंटवारा नहीं होने के लिए पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी जिम्मेदार ठहराया। बनर्जी ने कहा कि टीएमसी बंगाल में कांग्रेस के साथ सीट-बंटवारे चाहती थी ताकि 'इंडिया' गठजोड़एक साथ लड़ सके। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ क्यों गई, जो लंबे समय से राज्य में उसकी कट्टर दुश्मन है और इस गठजोड़ के लिए चौधरी को दोषी ठहराया। अभिषेक बनर्जी ने बहरामपुर से टीएमसी उम्मीदवार यूसुफ पठान के समर्थन में यहां रोड शो करने के बाद कहा कि बंगाल में 'इंडिया' गठबंधन के आकार नहीं लेने का एकमात्र कारण अधीर रंजन चौधरी हैं। पठान का मुकाबला इस सीट पर कांग्रेस के चौधरी से है।

विपक्षी गठबंधन के गठन के बाद से ही माकपा ने स्पष्ट कर दिया था कि वह बंगाल में भाजपा और टीएमसी दोनों के खिलाफ लड़ेगी। चौधरी लगातार पांच बार से इस सीट से सांसद हैं और वह छठी बार फिर से मैदान में हैं। वहीं भाजपा ने निर्मल कुमार साहा को टिकट दिया है। इस सीट पर 13 मई को चुनाव होना है।

# संदेशखाली की महिला का यू-टर्न, रेप का मामला लिया वापस

## बीजेपी पर शिकायत करने के लिए मजबूर करने का आरोप



**कोलकाता,एजेंसियाँ।** संदेशखाली की तीन महिलाओं में से एक तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बलात्कार की शिकायत वापस लेना चाहती है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने दावा किया कि उसके साथ मारपीट नहीं की गई और स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों पर उसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर करने और पुलिस में शिकायत करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया। इसमें कहा गया है कि महिला ने कथित तौर पर झूठे बलात्कार के आरोप को वापस लेने के फैसले के परिणामस्वरूप धमकियों और सामाजिक बहिष्कार का हवाला देते हुए संदेशखाली पुलिस स्टेशन में एक नई शिकायत दर्ज की।महिला ने आरोप लगाया है कि भाजपा महिला मोर्चा की एक स्थानीय पदाधिकारी और पार्टी के अन्य सदस्य उसके घर आए और उससे फर्जी शिकायत पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा। उन्होंने पीएमएवाई के लिए मेरा नाम सूचीबद्ध करने के बहाने मुझसे हस्ताक्षर मांगे। बाद में, वे मुझे यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन ले गए। टीओआई ने महिला के हवाले से कहा कि तृणमूल कार्यालय के अंदर मेरे साथ कोई यौन उत्पीड़न नहीं हुआ. मुझे कभी भी देर रात पार्टी कार्यालय जाने के लिए मजबूर नहीं किया गया। टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि कल सुवेंदू अधिकारी की बांकुड़ा में एक मीटिंग थी इसी दौरान ठीक उसी जगह पर तृणमूल कांग्रेस की भी मीटिंग थी। इस दौरान तृणमूल की महिला कार्यकर्ताओं ने कुछ नारेबाज़ी की और इससे प्रभावित होकर सुवेंदू अधिकारी ने जवाब में बेहत गंदे अल्फाज़ का इस्तेमाल किया जोकि महिला से जुड़ा था। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस ने सुवेंदू अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत संदेशखाली की घटना को जिस प्रकार से प्लान कर झूठे दुष्कर्म सहित अन्य आरोप लगाए थे, इसे लेकर की गई है।

# केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में चार्जशीट दाखिल करेगा ईडी



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकता है। यह पहली बार होगा जब मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम चार्जशीट में होगा। फिलहाल अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूरक आरोपपत्र दाखिल कर सकता है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को कथित दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल कर सकता है, जो फिलहाल जेल में बंद हैं।उल्लेखनीय है कि दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सूबे के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है।

# ईडी को अडाणी और अंबानी की जांच करनी चाहिए- संजय राऊत



**मुंबई, (हि. स.)।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी की जांच करनी चाहिए। संजय राऊत ने कहा कि बुधवार को पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी) उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी के काले धन पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है।संजय राऊत ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी पर वित्तीय हेराफेरी का आरोप लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक जिम्मेदार व्यक्ति प्रधानमंत्री के इस बयान को आधिकारिक बयान मानना चाहिए और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच करनी चाहिए और अंबानी के साथ-साथ अडाणी को भी गिरफ्तार करना चाहिए। संजय राऊत ने तेलंगाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो प्रचार सभाओं का हवाला दिया। यह भी कहा जा रहा है कि इस कार्यक्रम के जरिए मोदी ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी का जिक्र किया है।संजय राउत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी का काला धन पूरी रफ्तार से कांग्रेस के पास जा रहा है। कांग्रेस उस पैसे पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब है कि मोदी को इस भ्रष्टाचार, इस अनाचार के बारे में पता है।

बाबा खालसा की अपील

# हर एक सिख और पंजाबी पैदा करे कम से कम 5 बच्चे, नहीं पाल सकते तो 4 हमें दे दो



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** खालसा सिख सांस्कृतिक और शैक्षिक संगठन दमदमी टकसाल ने पंजाबी समुदाय, विशेषकर सिखों से पारिवारिक बंधन मजबूत करने और समाज की समृद्धि में योगदान देने के लिए कम से कम पांच बच्चे पैदा करने को कहा है। यह अपील करते हुए सिख संगठन ने आगे कहा कि यह उन लोगों को बच्चों के पालन-पोषण में भी मदद करेगा जो बड़े परिवारों का समर्थन करते हुए आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि तुम उनकी देखभाल नहीं कर सकते तो उन्हें मुझे दे दो। एक बच्चा घर में रख लो और बाकी के 4 मुझे दे दो। मैं इन सभी में आने वाले भविष्य की झलक को देखता हूं। एक समय दमदमी टकसाल का नेतृत्व जरनैल सिंह भिंडरावाले के पास था।बाबा हरनाम सिंह खालसा दमदमी टकसाल के 16वें प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि सिख जोड़ों को पंजाब को धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने के लिए कम से कम पांच बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। सिर्फ सिख ही नहीं, बल्कि पंजाब में रहने वाले हिंदू और अन्य समुदाय के लोगों को भी कम से कम पांच बच्चे पैदा करने चाहिए। इस बीच, एक अन्य घटनाक्रम में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 1950 से 2015 तक, हिंदू आबादी में 7.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि मुस्लिम आबादी 43 प्रतिशत की दर से बढ़ी।1951 की जनगणना के अनुसार, भारत में हिंदुओं की आबादी 84.68 प्रतिशत थी जो 2015 में घटकर 78.06 प्रतिशत हो गई, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई। ईएसी-पीएम सदस्य शमिका रवि, सलाहकार अपूर्व कुमार मिश्रा और यंग प्रोफेशनल अब्राहम जोस द्वारा लिखित पेपर में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान ईसाई आबादी का हिस्सा 2.24 प्रतिशत से 5.38 प्रतिशत बढ़कर 2.36 प्रतिशत हो गया। सिख आबादी का हिस्सा 1950 में 1.24 प्रतिशत से 6.58 प्रतिशत बढ़कर 2015 में 1.85 प्रतिशत हो गया।

## चुनावी चकल्लस



जीत करके बने सांसद तो सब कुछ भूल जाते हैं
वही वोटों की खातिर एक दिन खूब गिड़गिड़ाते हैं
झुकाये सर फिरा करते सदा जनता की आगवानी में
अगर जीते तो हाय तौबा गजब लगादें आग पानी में
चुनावी रंग जब चढ़ता तो न देखें कि सर्दी है या गर्मी है
अगर जीते गये दिल्ली तो मत पूंछे वेशर्मी ही वेशर्मी है ।

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# निजी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित, सीज

## प्रसव में लापरवाही से जच्चा बच्चा की मौत पर हुई कार्रवाई

### दो दिन पहले हुई घटना पर स्वास्थ्य महकमा हुआ गम्भीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के रामनगर स्थित लक्ष्मी हॉस्पिटल में दो दिन पूर्व एक महिला के प्रसव के दौरान की गई लापरवाही से जच्चा बच्चा की मौत की शिकायत का स्वास्थ्य महकमे ने संज्ञान लेते हुए गुरुवार को अस्पताल को सीज कर सीएमओ ने उसका लाइसेंस भी निलंबित कर दिया। इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन पर शिकंजा कस दिया गया है।एसीएमओ पंकज पांडेय ने प्रसव से जुड़ी समस्त डिटेल देने के निर्देश के साथ इलाज का विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया है।



बता दें कि दो दिन पूर्व रामनगर के लक्ष्मी हॉस्पिटल में मनू का पूरा गांव की सोनम पत्नी रोहित बिंद की डिलवरी में यहाँ के डॉक्टरों की लापरवाही सामने आई थी। बच्चे की डिलवरी के बाद महिला की तबियत अचानक विगड़ी और अस्पताल ने हाँथ खड़े कर दिए।महिला को गम्भीर हालत में शहर ले जाया गया जहां तत्काल उसकी मौत हो गयी।महिला के साथ बच्चे को भी नही बचाया जा सका।जच्चा व बच्चा की मौत से बौखलाए परिजनों ने रामनगर लौट कर अस्पताल के सामने हंगामा शुरू कर दिया था।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने बीच बचाव कर मामले को शान्त कराया था।परिजनों ने तहरीर देकर न्याय की मांग की थी।

अस्पताल की लापरवाही के मामले को गम्भीरता से लेते हुए गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम दोपहर अस्पताल पहुंची, तो वहां अफरा तफरी मच गई।जांच के लिए पहुंचे एसीएमओ डॉ पंकज पांडेय व तीरथ लाल ने अस्पताल में कई खामियां पाई और अस्पताल को सीज करते हुए संचालक समेत वहां कार्यरत टीम की क्लास ली।डॉ पांडेय ने अस्पताल से विन्दुवार स्पष्टीकरण मांगा है।

### अवैध अस्पतालों पर महकमा मेहरबान

क्षेत्र में दर्जनों ऐसे अस्पताल हैं जिनमे इलाज की समुचित व्यवस्था नही हैं। तहसील क्षेत्र में इस तरह के अस्पताल प्रत्येक बाजार और चौराहों पर धड़ल्ले से चल रहे है।क्षेत्र की सीएचसी के आस पास भी इस तरह के अस्पताल देखे जा सकते हैं।लोगों की माने तो स्वास्थ्य विभाग की कृपा पर चल रहे इन अस्पतालों से मोटी रकम वसूली जाती है।अस्पताल की लापरवाही पर जब मौत व हंगामा होता है तो महकमा इस तरह की खानापूर्ति करता है।

# सरकारी वकील की पत्नी की जंजीर छिनी

## पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के कालिंदीपुरम के नंदगांव निवासी दिनेश कुमार सिंह जो पेशे से इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता और उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कालिंदी नगर के नगर सेवा प्रमुख हैं। उनकी पत्नी के गले से जंजीर बुधवार को शाम करीब सात बजे एक स्कूटर सवार बदमाश छीन कर भाग गया। वे नंदेश्वर मंदिर से पूजा करने के बाद पैदल घर लौट रही थीं। इसी बदमाश ने 10 मिनट पहले जाग्रति चौराहे की पेट्रोल पंप के पास एक महिला के गले से जंजीर छीनने की कोशिश की। महिला की कमीज फट गई और जमीन पर गिर पड़ी लेकिन बदमाश के जंजीर नहीं आयी।आर्मी कालोनी रोड़ की सभी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं इसका फायदा उठा कर बदमाश भागने में सफल रहा। घटना की लिखित सूचना धूमनगंज थाना में दिनेश कुमार सिंह ने दिया लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, घटना के तत्काल बाद डायल 112 नंबर पर दी गई ।

# विकसित राष्ट्र का संकल्प हमारा चुनावी एजेंडा-नीरज त्रिपाठी

## क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से मांगा आशीर्वाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने बुधवार को मेजा क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर वोट व आशीर्वाद मांगा है। उंन्होने कहा कि देश मे चल रहा यह चुनाव कई मायने में अलग है।भाजपा सनातन रक्षा और राष्ट्र विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है वहीं इंडी गठबन्धन सत्ता हासिल करने के लिए मोदी को कोस रहा है।

भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी का प्रचार कारंवा बुधवार को चौकी,बगहा,लोहारी ,सिरसा से होते हुए डेलौंहा,, बंधवा होते हुए कोहडार और एनटीपीसी तक पहुंचा।प्रत्येक गांव में पार्टी समर्थकों ने श्री त्रिपाठी का स्वागत किया और जय श्रीराम के नारे लगाकर उत्साह वर्धन किया है।मेजारोड़ में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता राजा अग्रवाल सहयोगियों के साथ घण्टों इंतजार करते देखे गए।देर शाम जब काफिला पहुंचा तो जय श्रीराम और भारत माता के जयकारे से चौराहा गूंज उठा।राजा ने आस्वस्त किया कि मेजा क्षेत्र से बड़ी जीत होगी। बंधवा में शिव उपाध्याय की अगुवाई में श्री त्रिपाठी का स्वागत किया गया।यहाँ नीरज त्रिपाठी ने बड़े बुजुर्गो का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।कहा आपका बेटा आशीर्वाद व समर्थन के लिए आया है।हम राष्ट्र के विकास,सनातन के साथ प्रयागराज के विकास की बात कर रहे हैं।हम मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की बात कर रहे है लेकिन विपक्ष के लोग अभी भी जाति विरदारी के मकड़जाल में क्षेत्र को उलझाए रखना चाहते हैं।फैसला आप सबको करना है।मोदी जी यदि राष्ट्र का गौरव बढ़ा रहे हैं,सनातन की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं तो आप सबको भी विचार करना होगा।

एनटीपीसी कोहडार में मेजा प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ डॉ नीरज त्रिपाठी का स्वागत कर जिताने का संकल्प दोहराया है।श्री मिश्र ने कहा कि पँचायत परिवार आपके साथ है और यह क्षेत्र मोदी और योगी के साथ खड़ा है। यहाँ तय समय से 4 घण्टे विलंब से पहुँचे नीरज त्रिपाठी ने पँचायत प्रतिनिधियों से हाँथ जोड़कर कहा कि देर के लिए खेद है।

काफिले में मुन्नन शुक्ल, अधिवक्ता नीरज मिश्र, कामेस्वर पटेल, श्याम राज यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब्बा ने कहा उमेश को मारना है

## माफिया अतीक के बेटे उमर व अली के बयान में एक ही जवाब

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के मामले में प्रयागराज धूमनगंज थाने की पुलिस ने लखनऊ जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे उमर अहमद से पूछताछ की है। पूछताछ में उमर की भी साफ तौर पर बताया कि अब्बा ने कहा था कि उमेश का मारना जरूरी है। इससे पहले प्रयागराज पुलिस ने नैनी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अली से भी पूछताछ की थी। दोनों भाइयों का बयान के दौरान एक ही जवाब रहा।अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के मामले में प्रयागराज पुलिस को कई अहम सबूत मिल चुके हैं। जिसको लेकर पुलिस अब आगे की कार्रवाई करते हुए चार्जशीट दाखिल करेगी। नैनी जेल में बंद अली ने पुलिस को बताया कि उमेश पाल की पैरवी करने से उसका कारोबार कमजोर होता जा रहा था। उमेश मुकदमों के अलावा जमीन संबंधित मामलों में भी हस्तक्षेप करने लगा था। इससे नाराज होकर अब्बा (अतीक अहमद) ने कहा था कि उमेश पाल को मारना है। उनकी जिद थी कि उमेश पाल को खत्म कर दिया जाए। इसलिए अशरफ चच्चा ने इस हत्याकांड की साजिश को रचा था। जिसके बाद उमेश पाल को मारने के लिए शूटरों को भेजा गया था।

हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस की बताया कि अतीक का बेटा असद आईफोन से जेल में अपने अब्बा और चच्चा से बातचीत करता था। जिसकी सारी सूचना उमर तक पहुंचती थी। पुलिस के मुताबिक इन दोनों के बीच पर्ची से बातचीत होती थी। पर्ची की मदद से एक दूसरे को जानकारी पहुंचाते थे। पुलिस को यह पर्ची भी मिल चुकी है। जिससे विवेचना में शामिल किया गया है। केस डायरी में लिखा है कि अतीक के दोनों छोटे बेटों ने शूटरों के आईफोन की फेसटाइम की आईडी बनाई थी।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन

## केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज में वार्षिकोत्सव सान्ध्य सरगम का रंगारंग आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज में विद्यालय का वार्षिकोत्सव ÷सांध्य सरगम÷ का रंगारंग आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर एम एस सिद्धू रहे। विद्यालय के नामित अध्यक्ष कर्नल धीरज सिंह तेवतिया भी उपस्थित रहे। इसके अलावा अतिथियों में केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, विविध विद्यालयों के प्राचार्य, शहर के कई विभागों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुचित्रा ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात् बच्चों ने विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



प्रतिवेदन में सत्र 2023-24 के दौरान विद्यालय की विविध गतिविधियों एवं उपलब्धियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया। अकादमिक, खेल गतिविधि एवं अन्य पाठ्यसहगामी गतिविधियों में संभागीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन का उल्लेख किया गया। साथ ही यह आभार व्यक्त किया गया कि इसमें बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सभी पदाधिकारियों का सहयोग रहा है जिसके बिना यह संभव नहीं है। आगे भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की गई।

सांस्कृतिक संध्या में बच्चों ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। स्वागत गान के पश्चात् छोटे बच्चों का समूह नृत्य, कालबेलिया नृत्य, अरुणांचली नृत्य, हिन्दी एवं अंग्रेजी नृत्य, योग प्रस्तुति, भांगड़ा आदि ने सभी को आकर्षित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुछ बच्चों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को और आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य द्वय हिमांशु शेखर उपाध्याय, श्रीमती मंजू तिवारी के अलावा प्रधानाध्यापिका सुश्री संजू श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही । केन्द्रीय विद्यालय मनौरी के प्राचार्य मनीष त्रिपाठी एवं केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज के पूर्व प्राचार्य डॉ बी बी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।इसके साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सभी अतिथियों, उपस्थित सम्मानित अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिसने जो भी योगदान दिया सबके प्रति आभार व्यक्त किये। इस प्रकार भव्य वार्षिकोत्सव का सफल एवं सुखद समापन हुआ।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना दल एस ने लगाई ताकत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** विधानसभा प्रतापपुर के कई गांवों में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जीत दिलाने के लिए अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत लगा दी है। 78 लोकसभा भदोही भाजपा और एनडीए के प्रत्याशी मंझवा विधायक डॉ विनोद कुमार बिंद के समर्थन में गुरुवार को पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष प्रतापपुर धर्मराज पटेल और विधानसभा उपाध्यक्ष राम आसरे चौहान की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र के वारी, अनुवा, भेलखा,चंपापुर, सिरसा, सराय ममरेज, मड़वा, सराय आलम आदि गांव में पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में लोगों से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट मांगे। भारी संख्या में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हैट्रिक लगाने का संकल्प लिया। जिससे अपना दल एस कार्यकर्ता मतदाताओं के रुझान को देखकर गदगद नजर आए। इस मौके पर नंदलाल पटेल सुखलाल पटेल, अशोक कुमार पांडेय,अमेरिका प्रसाद पांडेय विजय नाथ तिवारी प्रदीप तिवारी विनोद उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रेमिका से मोबाइल पर झगड़ा, फिर यमुना में मिली लाश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शाहगंज थाना क्षेत्र से 2 दिन से घर से गायब युवक का शव आज सुबह जमुना ब्रिज के नीचे मिला। पुलिस के अनुसार यह आत्महत्या प्रतीत होती है।

प्रयागराज में 23 साल के हिमांशु चौरसिया की लाश नए यमुना पुल के नीचे मिली। हिमांशु दो दिनों से लापता था। परिवार वालों ने शाहगंज थाने में गुमुशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया कि हिमांशु का एक लड़की से अफेयर चल रहा है। 5 दिनों से वह परेशान था। मोबाइल पर लड़की से बातचीत कर झगड़ा करने लगता था। लापता होने से पहले भी वह मोबाइल से प्रेमिका से झगड़ा करता हुआ घर से निकला था।

पुलिस हिमांशु के बारे में पता लगा रही थी कि गुरुवार को कीडगंज थाना क्षेत्र के बोट क्लब के पास यमुना में एक लाश बहती हुई नजर आई। गोताखोरों के जरिए पुलिस ने शव को निकाला। हिमांशु के घरवालों को बुलाकर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई।मूलरूप से यमुनापार के करछना इलाके के रहने वाले संजय चौरसिया का बेटा हिमांश

### पुलिस ने जताई सुसाइड की आशंका

प्रयागराज जंक्शन के पास एक जनरल स्टोर पर नौकरी करता था। उसका बड़ा भाई रोहन चौरसिया स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में स्थित मेडिकल स्टोर पर बैठता है।दोनों करेली के भावापुर में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। 7 मई की रात हिमांशु घर से निकला तो वापस नहीं लौटा। भाई रोहन ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।पुलिस हिमांशु की तलाश कर रही थी। गुरुवार सुबह कीडगंज इलाके में गंगा नदी में एक लाश बहती नजर आई तो कीडगंज पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया।

शव मिलने की सूचना पर शाहगंज पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद हिमांशु के घरवालों को बुलाया गया। भाई रोहत ने शव की पहचान कर दी।हिमांशु के भाई रोहन का कहना है कि मामला किसी लड़की को लेकर था। पांच दिनों से हिमांशु परेशान था। वह मोबाइल पर हर वक्त एक लड़की से बात करता था। हालांकि उसने घरवालों से कुछ नहीं बताया था।जिस रात हिमांशु घर से निकला वह मोबाइल पर ही लड़की से बात कर रहा था। इसके बाद गुस्से में घर से चला गया था। लड़की भावापुर करेली की है या कहीं और की इस बारे में घरवाले कुछ नहीं बता सक। चूंकि हिमांशु का मोबाइल नहीं मिला है इसलिए अभी जांच आगे बढ़ नहीं पा रही है।यूं तो माना जा रहा है कि हिमांशु ने प्रेमिका से झगड़ा करने के बाद नए यमुना पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी। घरवालों ने हत्या की आशंका नहीं जताई है। इसके बाद भी कई तरह की चर्चा है।

# महाराणा प्रताप और गोपाल कृष्ण गोखले की मनाई गई जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज सरायतकी झूंसी में मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप सिंह जी की 485 वीं और महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की 159वीं जन्म जयंती।इस अवसर पर कक्षा 10 हिंदी मीडियम कि विद्यार्थियों और उनके कक्षा अध्यापक ममता मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक डॉ दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी उपप्रधानाचार्य राम सिंह यादव ने भगवान गणेश मां सरस्वती और भारत माता के वीर सपूत महाराणा प्रताप और गोपाल कृष्ण गोखले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया त्रिपाठी और श्रेया कुशवाहा ने किया। आंचल प्रजापति ने गणेश वंदना , आयुषी यादव और माही सिंह ने महाराणा प्रताप का जीवन परिचय प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिपाठी में महाराणा प्रताप के शौर्य का परिचय कराते हुए कहा कि भारत के महान योद्धा महाराणा प्रताप ऐसे शूरवीर थे, जिन्हें दुश्मन भी सलाम करते थे। वह मेवाड़ में सिसौदिया राजपूत राजवंश के राजा थे।महाराणा प्रताप को भारत का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भी कहा जाता है। उनका कद 7 फीट 5 इंच था। उनके भाले का वजन 80 किलो था। उनकी दो तलवारें जिनका वजन 208 किलोग्राम और उनका कवच 72 किलोग्राम का था। युद्ध के समय महाराणा प्रताप दो तलवार रखते थे। यदि उनके दुश्मन के पास तलवार नहीं होती थी तो वह उसे अपनी एक तलवार देते थे। जिससे युद्ध की बराबरी हो।विद्यालय के शिक्षा प्रमुख कमलेश प्रसाद यादव ने बताया कि गोपाल कृष्ण गोखले का मानना था भारतीयों को पहले शिक्षित होने की आवश्यकता है. तभी वह नागरिक के तौर पर अपना हक यानी आजादी हासिल कर पाएंगे। इस अवसर पर विजय बहादुर विश्वकर्मा अरविंद त्रिपाठी शशांक त्रिपाठी राहुल पांडे आकाश कुमार गुप्ता राहुल वर्मा प्रियराज दुबे नीतीश कुमार अमित कुमार जैन अनामिका तिवारी मीणा धुरिया सुमन पांडे दिव्या त्रिपाठी खुशबू यादव रीना तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# ईसीसी छात्र हत्या मामला: दो भाई की हत्या करने के आरोपियों को उम्रकैद

**विधि संवाददाता**

**प्रयागराज।** आठ साल पहले नैनी क्षेत्र में ईसीसी में पढ़ाई करने वाले छात्र दो सगे भाइयों की हत्या करने के आरोपियों को सेशन कोर्ट से राहत नहीं मिली है। एडीजे विनोद कुमार चोरसिया ने बचाव पक्ष के वकील तथा एडीजीसी राजकुमार सिंह व अश्वनी सोनकर को सुनने के बाद जुर्म साबित होने पर अभियुक्तगण अतीक, लाइक, फैज़, इमरान व हिमांशु एम लाल को ताजीराते हिंद की दफा 302 के तहत उम्रकैद व मुबलीग 25- 25 हज़ार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना की रकम में से आधी रकम मृतक के वारिशों को देने का भी आदेश पारित किया है। वही डीजीसी गुलाब चंद्र अग्रहरी ने बहस के दौरान आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की थी।अभियोजन के मुताबिक वादी शाहबाज खान निवासी वाराणसी ने थाना नैनी में तहरीर देकर बताया था कि वह अपने छोटे भाई साहब खान व समीर तीनों लोग के साथ ईसीसी में पढ़ते थे और कासिम लॉज में एक कमरे में रहते थे। 21अप्रैल 16 को तीनों लोग दांडी चौराहे पर चाय नाश्ता करने गए थे। चौराहे पर उक्त आरोपी गण मिले और भाई से बातचीत करते हुए बहस करने लगे और देख लेने की धमकी देने लगे। उसके बाद वादी ने समझा बूझकर मामला शांत कराया। फिर लॉज में वापस आ गए। 22 अप्रैल16 की दोपहर 12 बजे उक्त आरोपीगण लाज में घुस आए और चाकू से भाई पर वार करने लगे। वह चिल्लाया तो कोई भी नहीं आया। फिर असद अली आ गए दोनों घबरा गए और चिल्लाने लगे तब तक आरोपीगण समीर व शाहबाज को गंभीर रूप से घायल कर भाग गए। दोनों भाई को जीवन ज्योति अस्पताल ले जाया गया जहां शहबाज की मृत्यु हो गई और 20-25 दिनों के बाद समीर की भी मृत्यु हो गई। घटना के बाद मुकदमा कायम किया गया जुल्म साबित करने के लिए अभियोजन ने 10 गवाह पेश किया।

# स्टेयरिंग फेल होने से खेत में गिरी स्कूल बस

## एक दर्जन बच्चे घायल, मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** सरसों क्षेत्र में बच्चों से भरी स्कूल बस की स्टेरिंग फेल हो जाने की वजह से अनियंत्रित हुई बस सड़क किनारे खेत में चली गई। इस हादसे में दर्जन भर बच्चे घायल हो गए। चीख पुकार मची तो आसपास के लोग वहां पहुंच गए और घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

झूंसी थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित एक पब्लिक स्कूल की बस बृहस्पतिवार सुबह फूलपुर, इफको, बाबूगंज, चिरौडा आदि गांवों से बच्चों को लेकर जैसे ही बगई खुर्द गांव के सामने पहुंची थी कि अचानक बस की स्टेरिंग फेल हो गई। इससे तेज रफ्तार बस सड़क किनारे चार फिट गहरे गड्ढे में चली गई। अचानक बस में हुए इस हादसे से बैठे बच्चे सहम गए। घटना में बाबूगंज बाजार निवासी दसवीं कक्षा के छात्र अनुज कुमार यादव, आकाश कुमार, आदर्श कुमार, तथा 11वीं कक्षा की छात्रा साक्षी, मनजीत कुमार गुप्ता, नौवी कक्षा की शैलजा यादव, तथा आठवीं कक्षा की सृष्टि यादव को चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे अभिभावकों ने उन्हें स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अभिभावक अपने बच्चों को लेकर घर चले गए। वहीं अन्य बच्चों को स्कूल की दूसरी बस द्वारा उनके घरों को पहुंचाया गया।

### अर्थ बास्केटबॉल लीग आज से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन प्रयागराज के तत्वावधान में %अर्थ प्रयागराज बास्केटबॉल लीग% 10 से 12 मई तक संस्कार इंटरनेशनल स्कूल सुलेम सराय में आयोजित की जाएगी।लीग में 21 फ्रेंचाइजियों के लिए 136 खिलाड़ी (84 बालक एवं 52 बालिकाएं) विभिन्न टीमों से खेलेंगे।

# प्रेक्षकगणों की पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित



**प्रयागराज।** सामान्य प्रेक्षक डॉ0 (टीएमटी) बी0 माहेश्वरी, डॉ0 मानिक जी गुरसाल, पुलिस प्रेक्षक मयूर पाटिल तथा व्यय प्रेक्षक संतोष कुमार, राजकुमार प्रजापत की उपस्थिति में गुरूवार को संगम सभागार में पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा गया। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि कोई भी निर्वाचन से सम्बंधित प्रचार-प्रसार का कार्य अनुमति लेने के बाद ही किया जाये। व्यय प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन में व्यय की जाने वाली निर्धारित सीमा का पूर्णतः पालन किया जाये। सामान्य प्रेक्षकगण के द्वारा कहा गया कि आदर्श आचार संहिता से सम्बंधित कोई भी शिकायत सीविजिल एप पर की जा सकती है। बैठक में प्रेक्षकगणों के द्वारा कहा गया कि चुनाव से सम्बंधित कोई भी शिकायत या सुझाव देना चाहें, तो वह लिखित रूप में उपलब्ध करा सकते है।

बैठक में मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार के द्वारा पार्टी पदाधिकारियों, अभिकर्ताओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से व्यय से सम्बंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रपत्रों तथा उनके भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देश का चुनाव लोकतंत्र के लिए चुनौती -नितेश तिवारी

## सयुस अध्यक्ष ने ब्लॉक स्तर पर प्रभारी बनाकर प्रचार किया तेज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के चुनावी प्रचार में सयुस की टीम पूरी ऊर्जा के साथ जुट गई है। सयुस जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी ने ब्लॉक स्तर पर कमान सौंपकर प्रचार की नई रणनीति को गति दी है। उन्होंने कहा देश का यह चुनाव लोकतंत्र के लिए चुनौती है।

समाजवादी युवजन सभा के अध्यक्ष नितेश तिवारी ने कहा कि संगठन के निर्देश पर इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में इंडी गठबन्धन के प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह को जिताने के लिए पूरे यमुनापार में पार्टी के युवा सक्रिय हैं।बताया कि

प्रत्येक विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक और नगर स्तर पर संगठन के लोगों को प्रचार प्रसार के लिए प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी है। उंन्होने टीम की जानकारी देते हुए बताया कि करछना में सत्यप्रकाश सोनकर, मेजा में विपिन कुमार पांडेय,, कोराव में आकाश मिश्र, बारा में अंकित पाल को प्रचार अभियान का प्रभारी बनाया है। इसी प्रकार ब्लॉक और नगर स्तर पर भी प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

### कहा, सपा मुखिया के भाजपा रोकने के संकल्प में होगा इलाहाबाद

सयुस जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी ने कहा की देश का चल रहा चुनाव नही बल्कि एक चुनौती है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से भाजपा का रास्ता रोकने का जो संकल्प लिया है,, उसमे इलाहाबाद लोकसभा जरूर शामिल होगा। सपा की युवा टीम ने इंडी गठबन्धन के प्रत्याशी की जीत के लिए जो संकल्प लिया है,उस पर हम जरूर खरे उतरेंगे।

# भाजपा के युवा सम्मेलन में पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह







**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के सैनी में आयोजित भाजपा के युवा सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे जहां पार्टी नेताओं ने स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत किया । इस दौरान स्वतंत्र देव सिंह ने सपा, काग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा की देश की जनता का विकास भाजपा ही कर सकती है , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पायदान के व्यक्ति को पक्की छत , सहित तमाम योजनाओं का लाभ दिया साथ ही देश की जनता के हित के लिए कार्य किए जो पिछली सरकार नही कर सकी , उन्होंने कौशांबी लोकसभा सीट से घोषित भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए देश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की अपील किया । इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य , सांसद विनोद सोनकर , रिंकू मौर्य , पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल , कविता पासी , लाल बहादुर , कल्पना सोनकर , राजीव मौर्य, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य, अवधेश चंद्र गुप्ता, राकेश पाण्डेय, योगेश्वर शुक्ला, जिला महामंत्री युवा मोर्चा नीरज मोदनवाल, हर्ष केसरवानी, मनीष मौर्य, ज्ञानचंद गुप्ता, विजय तिवारी, ज्ञानेंद्र तिवारी, जितेंद्र मौर्य, आखिल रस्तोगी सहित युवा मोर्चा के तमाम जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष अपने युवा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने नुक्कड सभाकर मांगा समर्थन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी।** लोकसभा कौशांबी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा चायल ,परसरा ,सरियावा कला ,पकसरई बुजुर्ग ,पैगंबरपुर महगाव, कासिया चौराहा, चरवा चौराहा में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे ।तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विधानसभा मंझनपुर के आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभा कर भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए सरकार की नीतियों को बताया। तथा नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा पूरी तरह से बदल गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है चाहे आर्थिक व्यवस्था हो या विकास की बात हो ।मानवीय संवेदनाओं की बात हो या कोविद के कठिन दौर का काल रहा हो। हर चुनौतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व में सफल साबित किया ।और देश के गांव गरीब ,किसान, मजदूर युवा ,छात्र, महिलाओं के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को विकसित राष्ट्र की ओर ले जाने को अग्रसर हैं ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय गुप्ता भरवारी नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी पुष्पेंद्र जी राजीव रैना परमजीत सिंह राजू पांडे दीप चंद दिवाकर नाथूलाल दयाशंकर नसीम चंदन सिंह यादव लाल बहादुर यादव रतन वर्मा आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक व गीतों से मतदाताओं को किया प्रेरित

## 80 वर्ष के ऊपर व दिव्यांग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं की दी जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए नेवादा ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में प्रधानाध्यापक व राज्य अध्यापक सम्मान प्राप्त शिक्षिका अनुराधा पाण्डेय के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गांव की गलियों में नुक्कड़ नाटक कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने नाटक, गीतों के माध्यम से मतदाताओं को आने वाली 20 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील करने साथ साथ भारत निर्वाचन आयोग के बारे में जानकारी दी।

नुक्कड़ नाटक के जरिये छात्रों ने ग्राम के मोहल्ले में रैली के रूप में चलते हुए गीत के माध्यम से बापू, अम्मा, चाचा ,चाची,भैया,भाभी आदि सम्बोधन से समझाते हुए बताया कि सोच समझ कर वोट देने की बारी आई है। सभी को अपना अधिकार जानकर बिना किसी दबाब के सही प्रत्याशी को चुनना चाहिए। इस दौरान छात्रों नए मतदाताओं को ईवीएम के नमूना के माध्यम से मतदान का तरीका बताया। इसी के साथ नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया कि मतदान के दिन 80 से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दिवस पर वाहन की सुविधा दी जाएगी। घर से मतदान केंद्र तक आने-जाने के लिए गाड़ियां उपलब्ध रहेगी। प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय ने मतदाताओं को बताया कि पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा को आदर्श बूथ बनाया गया है,बूथ पर धूप से बचने के लिए टेंट,शीतल पेयजल छोटे बच्चों के लिए खेलने की व्यवस्था, हर बूथ में सेल्फी प्वाइंट जैसी विभिन्न मूलभूत सुविधाएं मौजूद रहेंगी। छात्रों के नुक्कड़ नाटक के दौरान प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय सहित शिक्षिका प्रियंका गुप्ता,नीलम कुमारी,पुष्पेंद्र सिंह,सत्यनिधि शुक्ला व दर्जनों की संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# सिराथू में दूसरे दिन ठोस अपविष्ट प्रबंधन के लिए कार्यशाला में हुई चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** आईटीसी लिमिटेड एवं नगर विकास विभाग उप्र के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी के निर्देश पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत नगर पंचायत सिराथू के सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गुरुवार को दूसरे दिन कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक कृष्णा राज यादव ने कहा कि प्रतिदिन जनित होने वाले कचरे के निस्तारण की नगर पंचायत एवं नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने नागरिकों से कहा कि कचरे को यहां वहां न फेंके बल्कि नगर पंचायत से स्थापित किए गए डस्टबिन के अलावा घर घर कूड़ा गाड़ी में डालें। ताकि उसका उचित निस्तारण हो सके। डीपीएम ने कचरे के प्रथकीकरण , कचरे के प्रकार व उसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए इकाई पे प्रबंधन होम कंपोस्टिंग कमयूनिटी कम्पोस्टिंग , व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीधे जुड़ाव पर जोर देते हुए विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रकाश , आदिल खान , विकास तिवारी , विपिन आदि लोगो ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में बबलू यादव , सफाई नायक , एस बी एम टीम सहित लेखा लिपिक दीप कमल , महेश सिंह सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

## परशुराम जयंती के अवसर पर सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन आज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर जनपद कौशाम्बी मे सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय का आगमन शुक्रवार को हो रहा है जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भगवान परशुराम की शोभा यात्रा मे शामिल होंगे यात्रा मे सवर्ण समाज के हित की लड़ाई लड़ने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा मे शामिल होंगे यह यात्रा अशोक तिवारी डिग्री कॉलेज ऐदिल पुर से शुरू होंगी इस विशाल भव्य शोभायात्रा मे पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र पाण्डेय, रोहित मिश्र शुभम दुबे ,धर्मेंद्र पाण्डेय,अभिषेक पाण्डेय,अनुपम मिश्र,सुनील तिवारी,संजय अग्रहरि,आशीष तिवारी दीपक पाण्डेय,विजय दत्त राजा,ऋषि मिश्र ,मोनू पाण्डेय,कृष्ण मिश्र सहित समस्त सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता ब्रह्मण समाज के साथ साथ सवर्ण समाज के बंधु सामिल होंगे।यह जानकारी शुभम पाण्डेय उर्फ बालम ने दिया।

# वोट का सही प्रयोग किया तो देश का होगा विकास- विश्वनाथ पाल

## देवीगंज में स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित हुई बसपा की चुनावी जनसभा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा क्षेत्र के शरीफाबाद में स्थित एक गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पार्टी द्वारा चुनावी जनसभा का आयोजन किया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल पहुंचे । इस दौरान बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा व सपा पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लोगों को मोदीजी आप सिर्फ प्रदेश के लोगों को शिक्षा व रोजगार दें बाकी लोग स्वयं 5 किलो राशन की जगह 5 कुंतल अनाज बना लेंगे। वहीं साथ ही साथ उन्होंने बेरोजगारी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि देश व प्रदेश में इस समय सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और भाजपा सरकार में देश प्रदेश का युवा पकौड़ा तलने को मजबूर है सरकार के पास युवाओं के लिए कोई रोजगार की व्यवस्था नहीं है इस लिए इस बार लोगों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।



वहीं महंगाई के मुद्दे पर भी प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी सरकार को जमकर घेरा उन्होंने कहा कि देश में इस समय महंगाई बहुत बढ़ गई है जिससे आम आदमी के लिए रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है इससे पहले सरकारों में इतनी महंगाई नहीं थी मोदी सरकार सिर्फ कागजों में ही काम करने वाली सरकार है और हमारी बसपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लोगों को जमीन देने का कार्य किया था इसलिए आप सभी लोगों से यह अपील है कि इस जुमले वाली सरकार को आप लोग उखाड़ फेंकने का काम करें और बसपा को प्रदेश में सरकार बनाने का काम करें। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूद लोगो से कहा की अगर वोट का सही इस्तेमाल किया तो देश का विकास होगा । मुख्य जोन इंचार्च राजू गौतम ने बसपा शासनकाल में बसपा सुप्रीमों द्वारा कराए गए विकास कार्यो को गिनाते हुए देश में नौजवान , किसान सब परेशान है राजू गौतम ने आगे कहा की जो सरकार अच्छी शिक्षा नही दे सकती वो भोजन क्या देगी अब फैसला आप लोगो को लेना है। कार्यक्रम में मुख्य जोन इंचार्च राजू गौतम , अशोक सिद्धार्थ , अमरेंद्र बहादुर भारतीय , बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम , सुकरू लाल निर्मल , बसपा जिलाध्यक्ष महेश चौधरी , प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष , के एल गौतम , कन्धई लाल , रमेश पासी , राम नरेश पासी आदि लोग मौजूद रहे ।

## बौद्ध नगरी में इंटरनेट न चलने से लोग परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** ऐतिहासिक बौद्ध नगरी में इंटरनेट न चलने से उपभोक्ता परेशान है आपको बतादें कि कौशाम्बी खास में जहां पर्यटन विभाग ने कौशाम्बी को विकसित करने के लिए तरह तरह के कदम उठा रहे है वहीं विदेशी अपने अपने बुद्ध विहार बना कर सैलानियों को मन मोह रहे है जैसे कंबोडिया, श्री लंका, माम्यार के साथ साथ इंडिया के कई बौद्ध विहार है जहां देशी विदेशी सैलानियों का आना जाना लगा रहता है परंतु मोबाइल टावर कौशाम्बी के चारो ओर दो किलो मीटर में लगे सभी निष्क्रिय टॉवर होने का कोई फायदा नही है क्योंकि इस कौशाम्बी खास में इंटर नेट चलने का नाम नही ले रहा है वहीं रामबाबू,रमेश ,कल्लू,सुरेश,अनिल का कहना है कि एयरटेल, जियो वोडाफोन जैसे मोबाइल कंपनियां के रिटेलर सिम बेच कर अपना कार्य तो कर रहे है लेकिन इंटरनेट न के बराबर चलने की शिकायत कंपनियों के उच्च अधिकारियों से नही करते जिससे नेट न चलने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है।

# संदिग्ध दशा में आग लगने से भैंस व बकरी जलकर जख्मी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध दशा में एक घर में आग लगने से घर का छप्पर सहित दो मवेशी जलकर जख्मी हो गए , आग की लपटे देख ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सिराथू तहसील क्षेत्र के थुलगुला गांव का मजरा अडार पर निवासी शिव प्रकाश पटेल पुत्र हरीलाल खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है , गुरुवार को शिव प्रकाश के घर के पीछे छप्पर में संदिग्ध दशा में अचानक आग लग गई , आग की विभीषिका में शिव प्रकाश की भैंस व एक बकरी जलकर जख्मी हो गई वही छप्पर जलकर खाक हो गया। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## पीड़िता ने पईसा के युवक पर शादी का झांसा देकर जबरन दुराचार का लगाया आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** महाराष्ट्र के मुम्बई की रहने वाली एक पीड़िता ने पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक पर शादी का झांसा देकर जबरन दुराचार व मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महाराष्ट्र के मुम्बई के बांद्रा की रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक से पांच साल पहले मुंबई में मुलाकात हुई थी , पीड़िता का आरोप है आरोपी युवक हरदोई में ग्लास फैक्ट्री में काम दिलाने के बहाने ले गया , जहां पीड़िता अपनी बहन व एक सहेली से साथ रहकर काम करने लगी । पीड़िता के मुताबिक इस दौरान युवक उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने लगा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा । इस दौरान पीड़िता के एक बच्ची हुई तो पीड़िता युवक से शादी करने की जिद करने लगी । युवक हीलाहवाली करते हुए दूसरी शादी करने की तैयारी करने लगा। पीड़िता को मामले की जानकारी हुई तो युवक के घर पहुंचकर शादी का दबाव बनाया तो युवक व उसके रिश्तेदार धर्म परिवर्तन करने व संबंध बनाने का दबाव डालते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे । पीड़िता ने मामले में पईसा पुलिस से कार्यवाही की मांग की लेकिन कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर तथा प्रभारी निरीक्षक के कुशल निर्देशन मे एंटीरोमियो टीम राखी विश्वकर्मा, म0आ0नंदिनी तिवारी द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग कस्बा मंझनपुर , तथा भीड़ भाड़ वाले विभिन्न स्थानों, में जाकर संदिग्ध लोगो को चेक किया गया बाद नाम पता नोट कर हिदायत देकर छोड़ा गया तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## स्कूल के लिए निकला किशोर लापता, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक किशोर घर से स्कूल के लिए निकला था जिसके बाद किशोर घर नहीं लौटा तो परिजनो ने खोजबीन शुरू कर दिया। किशोर का कही सुराग न लगने पर परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

पईसा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव का रहने वाला सचिन कुमार पुत्र राजेश कुमार पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका भाई विपिन कुमार 14 वर्ष गुरुवार की सुबह स्कूल ड्रेस पहनकर घर से स्कूल के लिए निकला था । जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा काफी खोजबीन के बाद किशोर का पता न चलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस को सुचना दी है।

# रात में एक घर में चोरी, नकदी सहित हजारों के जेवरात ले गए बदमाश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कनैली, गुरौली/ कौशाम्बी।** सरांय अकिल थाना क्षेत्र कनैली चौकी अन्तर्गत के धरमपुर गांव में बुधवार को रात चोरों ने एक घर से नगदी सहित हजारों का जेवरात समान पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामी के होश उड़ गए। घटना के बाद पीड़ितों ने चौकी में जाकर घटना की तहरीर दी। धरमपुर गांव निवासी प्रमोद सिंह पुत्र मान सिंह किसानी करता है। बुधवार रात परिजनों के साथ घर के कमरे में सो रहा था।



सरांय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी अंतर्गत धरमपुर गांव में बुधवार को रात चोरों ने एक घर से नगदी सहित हजारों का जेवरात समान पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामी के होश उड़ गए। घटना के बाद पीड़ितों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। धरमपुर गांव निवासी प्रमोद सिंह पुत्र मान सिंह किसानी करता है। बुधवार रात परिजनों के साथ घर के कमरे में सो रहा था। घर के पीछे से दीवार पर चढ़कर चोरों ने बक्शे का ताला तोड़कर बारह हजार रुपये नगद, एक पांव छागल, सोने की झुमकी व गहने समेत हजारों का सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि चोर घर में रखा बक्शा उठाकर ले गये, जिसमें बारह हजार रुपये नगदी समेत आधा पांव का छागल पार कर दिया। जब हम सुबह सोकर उठे तो घर में चोरी होने की जानकारी मिली। पुलिस ने हमारी तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# शत प्रतिशत मतदान के लिये विद्यालयों में हुई परिचचर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक,नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षकों,कर्मचारियों,विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के मध्य परिचर्चा का आयोजन किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ में विकास कुमार सिंह, योगेश कुमार सिंह, प्रतीक कुमार सिंह,अरविंद कुमार विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह पटेल, अभिनव तिवारी, दिवाकर तिवारी, मोनिका पांडेय,विजय पांडेय के द्वारा विद्यार्थियों की सहभागिता से



मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया।

इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य गीता यादव के निर्देशन और डॉ मो अनीस के संयोजन में,एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मो आजाद अहमद के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य एमपी मिश्रा के निर्देशन में,आरआरकेआईसी दिलीपपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के निर्देशन में, पंडीडीयू जीएमआई महुली में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शशांक कुमार सिंह के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएमआई कालेज महेवा मलकिया में प्रधानाचार्य शिवाकांत तिवारी के निर्देशन में,राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा तिवारी के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में, राजकीय उमावि कांपा मधुपुर में प्रधानाचार्य नीरु श्रीवास्तव के निर्देशन में,राजकीय उमावि ओरीपुर नौगीर में प्रधानाचार्य डॉ नलिन कांत उपमन्यु के निर्देशन में, राजकीय उमावि राजापुर में प्रधानाचार्य सुर्येश प्रताप सिंह के निर्देशन में,छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा कोटा भवानीगंज डॉ डीपी सिंह के निर्देशन में, मुनीश्वर दत्त इंटर कालेज मांधाता में प्रधानाचार्य डॉ जेपी त्रिपाठी के निर्देशन में, आरएन शुक्ल इंटर कालेज पुरेधनऊ कुंडा में प्रधानाचार्य राज कुमार मौर्य के निर्देशन में, एसएस पटेल इंटर कालेज संसरियापुर में प्रधानाचार्य पीएस पटेल के निर्देशन में, मुनीश्वर दत्त इंटर कालेज मांधाता में प्रधानाचार्य डॉ जेपी त्रिपाठी के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मनीषा रावत के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्य डॉ आम्रपाली द्विवेदी के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# जाति-धर्म की राजनीति में विश्वास नहीं-डॉ. एसपी सिंह पटेल

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने कहाकि जनता ने मौका दिया तो सबका विकास होगी उनकी प्राथमिकता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा है कि अगर जनता ने उनको मौका दिया तो वह उसकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। संसदीय क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली और पानी की व्यवस्था कराना उनकी प्राथमिकता होगी।उक्त बातें उन्होंने बृहस्पतिवार को संसदीय क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में जनसंपर्क के दौरान कहीं। रानीगंज विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान सपा नेता ने कहाकि वह जाति और धर्म की राजनीति में विश्वास नहीं करते बल्कि सम्पूर्ण विकास में उनका विश्वास है। इस दौरान लोकमित्र संवाददाता से हुई मुलाकात में उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी वह विश्वनाथगंज, रानीगंज आदि विधान सभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क के लिए गए थे। वह यह देखकर दंग रह गए कि उन क्षेत्रों के अनेक गांवों में बिजली तक नहीं पहुंची है। तारों और बिजली के खंभों



का अभाव है। अनेक ग्रामीणों ने उन्हें दिखाया कि वे बांस-बल्लियों के सहारे खुद तार खींचे हैं और बिजली विभाग बिल जरूर वसूल रहा है। डॉ. पटेल के मुताबिक ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि इन समस्याओं के बारे में वह पिछले पांच साल से संबंधित सांसद से शिकायत कर रहे थे लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। यही हालत अनेक गांवों के संपर्क मार्गो की भी है।सपा नेता ने कहाकि केंद्र सरकार का दावा है कि वह प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल पहुंचा रही है मगर प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के 80 फीसदी से अधिक गांवों के लोग खारा और गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। दुर्भाग्य यह कि इन गांवों के ज्यादातर हैंडपंप भी सूख चुके हैं। पिछले साल से लोग रिबोर की आस लगाए हैं लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। डॉ. पटेल ने कहाकि अगर सांसद ने इस ओर जरा भी ध्यान दिया होता तो लोगों को शुद्ध पीने का मानी तो मिल ही जाता। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने कहाकि क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क से उन्हें यह पता चल रहा है कि शायद प्रतापगढ़ जनपद, अगर दो-चार जिलों को छोड़ दें तो विकास के मामले में प्रदेश में सबसे पिछड़ा है।उन्होंने कहाकि बिजली, सड़क, पानी, चिकित्सा, शिक्षा व्यवस्था ही किसी जिले के विकास का आइना होते हैं। मगर प्रतापगढ़ जिले में इन सभी चीजों का अभाव है। न तो गांवों तक बिजली पहुंची है, न ही बेहतर चिकित्सा और शिक्षा व्यवस्था और न ही गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग ही दुरुस्त हैं। उन्होंने सवाल किया क्या यही विकास है?

# पुलिस ने महिलाओं समेत एक दर्जन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना दिलीपपुर के म0उ0नि0 श्री सारिका मय हमराह म0आरक्षी वन्दना कुमारी द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान केश संख्या 1919,2005 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि थाना कन्धई से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्ता नियाजुल पत्नी मो0 खान नि0 ग्राम देवलहा दिलीपपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।जनपद के थाना जेठवारा के उ0नि0 श्री बंशीधर राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0न0 1468,2015 अ0सं0 196,14 धारा 147, 149, 283, 341, 353, 427, 504 भादवि व धारा 7 सीएलए एक्ट व धारा 2,3 लोक सम्पति निवारण अधिनियम थाना जेठवारा से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्त जगदीश नारायण उर्फ लल्ला पुत्र रामकुमार शुक्ला नि0ग्राम कसहर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।जनपद के थाना जेठवारा के उ0नि0 श्री गणेशदत्त पटेल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0न0 1468,2015 अ0सं0 196,14 धारा 147, 149, 283, 341, 353, 427, 504 भादवि व धारा 7 सीएलए एक्ट व धारा 2,3 लोक सम्पति निवारण अधिनियम थाना जेठवारा से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्ता मंजू देवी पत्नी रामकरन नि0ग्राम जगदीशपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व 01 वारण्टी अभियुक्त रामकरन पुत्र रामलखन नि0ग्राम जगदीशपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 श्री जयकिशुन मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 764,2008 धारा 504, 506, 427 भादवि थाना अन्तू से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्त गिरजाशंकर पुत्र अशर्फीलाल नि0ग्राम गौराडांड थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ व 02 वारण्टी अभियुक्त मु0अ0सं0 357,2015 धारा 147, 323, 504, 506 भादवि व धारा 3(1)10 एससीध्एसटी एक्ट थाना अन्तू से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्त राजेश पुत्र रामराज नि0ग्राम मदारी का पुरवा रायचन्द्रपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री दीपक कुमार मय हमराह द्वारा का0 विकाश बाबू देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों के चेकिंग एवं विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना रानीगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 327,2005 धारा 498ए, 323, 504, 506, 427 भादवि से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त शमशुल जमा उर्फ बादशाह पुत्र कमरुजमा नि0ग्राम चकसारा थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र रानीगंज में जामताली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। जनपद के थाना देल्हूपुर के उ0नि0 श्री उमाशंकर सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान अ0सं0 07,2022 धारा 147, 149, 323, 504, 506 भादवि थाना देल्हूपुर से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्त 01 मो0 इरशाद पुत्र अहमद अली 02. मो0 अख्तर पुत्र अहमद अली नि0गण ग्राम कुशफरा थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## विद्यालय से सबमर्सिबल खोल ले गये चोर

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आमीशंकरपुर में लगा सबमर्सिबल अज्ञात चोर खोल ले गये। प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव व शिक्षकगण गुरूवार की सुबह स्कूल पहुंचे तो विद्यालय के गेट का ताला टूटा देख आवाक रह गये। विद्यालय के अंदर जाने पर सबमर्सिबल पम्प चोरी हो जाने की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**देल्हूपुर, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराधध्अपराधियों के विरूद्ध की जा रही है । इसी क्रम में थाना देल्हूपुर के उपनिरीक्षक शिवपूजन यादव ने मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र देल्हूपुर अंतर्गत हरिहरपुर बाग के पास से कथित एक अभियुक्त मो0 वशीब पुत्र हदीश निवासी ग्राम शिवरा मनेहू, थाना मान्धाता को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया । इस बरामदगी के सम्बन्ध में थाना देल्हूपुर में मु0अ0सं0 79,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 26 प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आवंटन एवं 01 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र लिया वापस









**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कलेक्टेऊट में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन द्वारा 26 प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया गया तथा 01 प्रत्याशी हर्षित सिंह-निर्दलीय ने नामांकन पत्र वापस लिया। कलेक्टेऊट में जिन 26 प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आवंटन किया उनका विवरण निम्नवत् है - प्रतीक आवंटन के 26 प्रत्याशियों की सूची

1-प्रथमेश मिश्रा-बहुजन समाज पार्टी-हाथी 2-डा0 एस पी सिंह (शिव पाल सिंह पटेल)-समाजवादी पार्टी-साइकिल

3-संगम लाल गुप्ता-भारतीय जनता पार्टी-कमल 4-अरूण कुमार पाण्डेय-हिन्दुस्तान समाज पार्टी-कोट

5-ऋषि पटेल-अपना दल (कमेरावादी)-लिफाफा 6-गीता देवी-भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी-गन्ना किसान 7-जोखू पटेल-सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी-कटहल 8-दुर्गेश कुमार-राष्ट्रीय अटल जनता पार्टी-सीटी

9-धर्मेन्द्र तिवारी-लोग पार्टी-बक्सा 10-महेश कुमार प्रजापति-समझदार पार्टी-गैस सिलेण्डर 11-रामकुमार यादव-सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इण्डिया (कम्युनिस्ट)-बैटरी टार्च 12-रामसिद्ध यादव उर्फ आर0एस0 यादव-मानवतावादी समाज पार्टी-कैंची 13-विजय सिंह-सनातन संस्कृति रक्षा दल-अंगूर 14-शिवराम शर्मा-मौलिक अधिकार पार्टी-ऑटो-रिक्शा 15-सुनील चन्द्र पाल-राष्ट्र उदय पार्टी-ट्रक 16-संदीप सिंह-नेशनल जन दल-लेटर बाक्स 17-अजीत प्रताप-निर्दलीय-केतली 18-अमर सिंह-निर्दलीय-सिलाई की मशीन 19-धनन्जय-निर्दलीय-बल्ला 20-ध्यान सिंह-निर्दलीय-अलमारी 21-प्रमोद कुमार-निर्दलीय-चारपाई 22-मोहरम अली-निर्दलीय-आरी 23-शिव पाल पटेल-निर्दलीय-सेब 24-शंकर सुमन तिवारी-निर्दलीय-कॉच का गिलास 25-श्रवण कुमार त्रिपाठी-निर्दलीय-एअरकंडीसनर26-सुनील कुमार मिश्रा-निर्दलीय-करनी चिन्ह आवंटित किया गया है।

# 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस को बन्द रहेगीं शराब की दुकानें-जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना के दिन मद्यनिषेध घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन (आबकारी अनुभाग-2) के निर्देशानुसार जिला मजिस्टेऊट/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने आबकारी अधिनियम की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135(ग) के खण्ड-1 में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतंत्र, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस दिनांक 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होने कहा है कि उक्त अवधि में जनपद की समस्त आबकारी दुकानें (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी एवं एफ0एफ0-16/17 की फुटकर विक्री की दुकानें तथा देशी, विदेशी मदिरा एवं बियर की थोक दुकानें) बन्द रहेगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा।

# मतदान दिवस को जनपद में रहेगा सार्वजनिक अवकाश-जिला निर्वाचन अधिकारी

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग के निर्देशानुसार जिला मजिस्टेऊट/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिये दिनांक 20 मई (सोमवार) निर्वाचन क्षेत्र 50-कौशाम्बी व 25 मई (शनिवार) निर्वाचन क्षेत्र 39-प्रतापगढ़ को जनपद में मतदान दिवस नियत होने के कारण सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जनपद के कोषागार तथा उपकोषागार भी बन्द रहेगें।

# मतदान कार्मिक फैसिलिटेशन सेन्टर पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से 10 मई से 17 मई तक करेगें मतदान-जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया है कि मतदान कार्य में लगे कार्मिकों द्वारा डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) के माध्यम से ऐसे मतदाता जो जनपद प्रतापगढ़ के 50-कौशाम्बी (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (245-बाबागंज (अ0जा0) एवं 246-कुण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र) एवं 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तैनात है तथा उनकी ड्यूटी जनपद प्रतापगढ़ के 50-कौशाम्बी हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 20 मई 2024 एवं 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान हेतु निर्धारित तिथि 25 मई 2024 को किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन कार्यो में लगी है तथा उनका नाम जनपद प्रतापगढ़ में आवर्त किसी विधानसभा में सम्मिलित है तो ऐसे कार्मिक जनपद प्रतापगढ़ में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षण स्थल पर स्थापित होने वाले फैसिलिटेशन सेन्टर पर निर्धारित तिथियों में पहुॅचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।

उन्होने बताया है कि 50-कौशाम्बी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु दिनाक 10 मई से 17 मई तक (12 मई को अवकाश को छोड़कर) राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में विधानसभा क्षेत्र 245-बाबागंज (अ0जा0) व संत एंथोनी इण्टर कालेज में विधानसभा क्षेत्र 246-कुण्डा के फैसिलिटेशन सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु दिनांक 13 मई से 17 मई तक राजकीय इण्टर कालेज में विधानसभा क्षेत्र 249-पट्टी व 247-विश्वनाथगंज तथा सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में विधानसभा क्षेत्र 244-रामपुरखास,

250-रानीगंज एवं 248-प्रतापगढ़ के फैसिलिटेशन सेन्टरों का संचालन किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि जनपद के ऐसे कार्मिक जो जनपद प्रतापगढ़ की किसी भी विधानसभा में मतदाता सूची के रूप में पंजीकृत है तथा उनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्यो में लगी है को निर्धारित तिथियों में अपने निर्वाचन ड्यूटी आदेश की छायाप्रति, मतदाता पहचान पत्र अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य किसी फोटो युक्त पहचान पत्र की छायाप्रति सहित फैसिलिटेशन सेन्टर पर पहुॅचकर अपने मतदान का प्रयोग कर सकते है।

# 40 लीटर अवैध शराब के साथ दो महिलायें गिरफ्तार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 40 लीटर अवैध शराब के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री इबरार खाँ मय हमराह म0का0 रंजना भारद्वाज, म0का पारुल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र लीलापुर के ग्राम रतिगरपुर लक्ष्मणपुर से 02 अभियुक्ता, 01. कटरहिन पत्नी स्व0 रामआधार निवासी रतिगरपुर मजरे लक्ष्मणपुर, थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ 02. ललिता देवी पत्नी राजेश सरोज निवासी रतिगरपुर लक्ष्मणपुर, थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 188,2024 धारा 272 भादवि व 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण स्थल पर समय से उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्रदान करें-सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल राजकीय इण्टर कालेज एवं सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़** जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिये मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल राजकीय इण्टर कालेज एवं सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। उन्होने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण स्थल पर सभी व्यवस्थायें सुव्यवस्थित रहे जिससे मतदान कार्मिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी मास्टर टेऊनर समय से आधे घंटे पूर्व उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्रदान करेगें। सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होने बिजली, पानी, प्राथमिक उपचार व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी मतदान कार्मिक को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिये अपने साथ प्रारूप-12 भरकर और ईपिक साथ लेकर आयेगें। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करेगें। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में समस्त कार्यवाहियॉ पूर्ण की जाये। उन्होने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, फादर आनन्द कुमार जॉन, राज्य स्तरीय मास्टर टेऊनर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मो0 अनीस और धर्मेन्द्र ओझा, नीरज मिश्रा, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

# देवी मंदिर से दर्जनों घंटे खोल ले गये चोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देवी मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए पीतल के दर्जन भर से अधिक घंटे अज्ञात चोर खोल ले गये। घटना को लेकर मंदिर प्रशासन द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी है। कोतवाली क्षेत्र के अगई में मां दुर्गा का भव्य मंदिर है। इसमें बड़ी संख्या में दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालु मन्नतें पूरी होने पर पीतल का घंटा चढ़ावा के रूप में बांधते हैं। मंदिर समिति के जयसिंह के अनुसार बुधवार की रात्रि मंदिर में लगे दर्जन भर से अधिक घंटे अज्ञात चोर खोल ले गये। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आज जिला मुख्यालय पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन

## राष्ट्रीय परशुराम सेना कंपनी बाग से निकालेगी शोभायात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ** राष्ट्रीय परशुराम सेना ने अपने पदाधिकारियों व सनातन धर्म के लोगो के साथ शहर के शिवजीपुरम स्थित केंद्रीय कार्यालय पर आज एक आवश्यक बैठक रखी जिसमे 10 मई को श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव की तैयारी की समीक्षा की गई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी भारत देश के साथ ही कई अन्य देशों में भी पूजे जाते हैं सनातन धर्म के लोगो में परशुराम जी के प्रति गहरी आस्था है उन्होंने सर्व धर्म को संगठित करने के साथ न्याय की स्थापना की । भगवान श्री परशुराम जी चिरंजीवी माने जाते हैं । अक्षय तृतीया के दिन देश विदेश में लोग भव्य शोभायात्रा निकालकर आरती पूजन करते हैं और प्रसाद वितरण कर सायंकालीन दीपोत्सव कर खुशियां मनाते हैं । इस बार अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव राष्ट्रीय परशुराम सेना सनातन धर्म के लोगो द्वारा कंपनी बाग प्रतापगढ़ से पूरे शहर में सुबह 8 बजे से भव्य झांकी शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी मंडल अध्यक्ष प्रयागराज संजय शुक्ल सहित जनपद के पदाधिकारी शोभा यात्रा में शामिल रहेंगे ।यह जानकारी जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय ने दी ।

# दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 09.05.2024 को थाना जेठवारा से उ0नि0 श्री राजीव वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 81,24 धारा 376एबी भादवि व 5एम,6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ कच्चन वनवासी पुत्र शीतला प्रसाद नि0ग्राम सरायनाहर राय थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र जेठवारा के जूड़ापुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# मृतक शिक्षामित्र के स्वजनों को शिक्षकों ने किया आर्थिक सहयोग

## बीएसए व बीईओ ने भी 5100, 5100 का किया सहयोग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** एक छोटी छोटी सहायता राशि से किसी का जीवन बदल सकता है। यह सोच को जागृत करते हुए विकास खंड कड़ा के शिक्षक, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों सहायता राशि इकट्ठा कर कुछ दिन पहले मृत हुए शिक्षामित्र के परिवार को सौंप कर मानवता की मिशाल पेश की है।



विकास खंड कड़ा के परास गांव के निवासी मो. जफर कंपोजिट विद्यालय मोंगरी आमद हथगांव में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे। पिछले सप्ताह 4 मई को उनका आकस्मिक निधन हो गया। परिवार में उनके पत्नी के अलावा दो नाबालिग बेटियां और दो नाबालिग पुत्र हैं जिनके ऊपर से पिता का साया उठने के बाद गमों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के दुख को समझते हुए विकास खंड कड़ा के शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों ने छोटी छोटी राशि का सहयोग कर प्राथमिक शिक्षक संघ के सहयोग से खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज सिंह उमराव की उपस्थिति में कंपोजिट विद्यालय परास पहुंचकर मृतक शिक्षामित्र के पुत्र मो. नसर को तीन लाख बासठ हजार नौ सौ एक रुपए नकद धनराशि सौंप कर आर्थिक सहायता किया। जिसमें बेसिक शिक्षा परिवार के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा ने पांच हजार एक सौ और खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा ने भी पांच हजार एक सौ रुपए सहयोग किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह, कड़ा ब्लाक अध्यक्ष अफरोज आलम, जूनियर शिक्षक संघ कड़ा अध्यक्ष अरुण मिश्रा, रणविजय निषाद, नागेंद्र सिंह, बृज लोचन मिश्र, संदीप त्रिपाठी, जुबैर अहमद, जुनैद अहमद व सामाजिक कार्यकर्ता मुंसब अली उस्मानी उपस्थित रहे।

# पिता-पुत्रों ने पानी बहाने को लेकर युवक को लाठी लेकर दौड़ाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के बड़ी गौहानी गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र राम नेवाज ने बताया कि उसके घर के सामने सरकारी नाली है। उसके घर का पानी नाली से बहकर तालाब में जाता है। गुरुवार की दोपहर वह उस नाली की सफाई कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी पिता-पुत्र वहां पहुंचे और नाली में मिट्टी डालकर उसके घर का पानी नाली में बहने से रोक दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने युवक के साथ गाली-गलौच कर उसे लाठी और डंडा लेकर दौड़ा लिया। युवक ने घर में घुस कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

# जानकीपुर में शिक्षिका ने बच्चों को बताई यातायात नियम की बारीकियां

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों को यातायात के नियम के बारे में बताते हुए बच्चों को टी.एल.एम. के माध्यम से समझाया। बच्चे समझे या नहीं, यह जानने के लिए बच्चों से प्रश्न किया और बच्चों से सड़क सुरक्षा का रोल करवाया ।जिसमें रेलवे स्टेशन के ट्रेन जाने के प्रसंग को दर्शाया गया। फाटक बंद होने पर ट्रेन जाती है। यदि गेट बंद है तो स्कूल वाले जाने बच्चे सफर करने वाले गाड़ियों से सफर करने वाले लोग मार्केट जाने वाले लोग रुक जाते हैं। इसी के साथ-साथ बच्चों को लाल, हरी, पीली बत्ती के संकेत को भी समझाया गया। बच्चों से प्रश्न किया तब बच्चों ने संतोष जनक उत्तर भी दिया। उन्हें यातायात के नियम आसानी से समझ में आ गए कि -हमें हमेशा अपनी बाई तरफ सड़क पर चलना चाहिए, हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए, ड्राइव करते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और हमेशा पैदल चलने वाले व्यक्ति सड़क की कच्ची सड़क के तरफ से चलना चाहिए। इस तरह बच्चों ने अपने-अपने सुझाव सड़क सुरक्षा के बारे में प्रस्तुत किया।



# चार ओवरलोड वाहनों को किया गया सीज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा मय हमराह पुलिस बल द्वाराचेकिंग के दौरान ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 02 अदद ओवरलोड टैक्ट्रर ट्रॉली मय बालू वाहन तथा 02 अदद ओवेरलोड डम्फर मय गिट्टी वाहन संख्या व वाहन संख्या को धारा 207एमवी एक्ट में सीज कर अग्रिम कार्यवाही हेतु खनन विभाग एवं आरटीओ को रिपोर्ट प्रेषित की गई।

# पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने सपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगा सहयोग





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** कौशांबी संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय महासचिव व सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने गुरुवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के मर्दानपुर बर्जी , गौसपुर , संभुई , परास , अटसराय आदि गांव में जनसभा कर सपा की नीतियों को बताते हुए सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में सहयोग मांगा। इस दौरान इंद्रजीत सरोज ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की देश में मंहगाई चरम पर है महिलाए सुरक्षित नहीं , बेरोजगार , नौजवान सब परेशान है। पूर्व मंत्री ने आगामी 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सपा प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल , जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव , शाहनवाज अहमद , मो सैफ, कासिम हुसैन , धर्मेंद्र पाल , करन सिंह , चंदन यादव , सरवर अली घोसी , राजू पासी , अजय मौर्य , शिव शक्ति कुशवाहा , सरोज कुमार सरोज , अमरनाथ सहित बड़ी संख्या ने महिलाए व पुरुष मौजूद रहे।

# बुलट की टक्कर से वृद्ध घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रकसवारा बाजार मे बुलट मोटर साइकिल सवार ने वृद्ध को टक्कर मारा। बताया जाता है कि करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा गांव के मोहम्मद बृद्ध 75 वर्षीय गांव की बजार तरफ किसी काम से आये थे और वापस लौट रहे थे अपने घर की ओर तभी एक बुलट मोटर साइकिल सवार भीड़ भरे बजार मे ऐक्ट्रिगँ के साथ चला रहा था और एकाएक मोहम्मद मियां को टक्कर मार दिया जिससे वह सडक पर जा गिरे वहीं आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर उठाया तथा समझा बुझा कर मामले को शाँत करा दिया साथ ही कुछ लोगों ने बुलट सवार को नसीहत दिया कि भीड़ भरे बजार मे धीरे धीरे गाड़ी को चलाना चाहिए।

# दुष्कर्म के दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक शिवचरण राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकेश, विक्रम निवासीगण रसूलपुर सोनी थाना करारी को भगड पुड़िया तिराहाके पास सेगिरफ्तार किया गया।



## बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशाम्बी। थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

## दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक राज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मोहम्मद कैफनिवासी नरहर तारा धाता थाना धाताजनपद फतेहपुरको ग्राम फकीराबाद चौराहा के पास सेगिरफ्तार किया गया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित विश्वनाथ निवासी थाम्भा अलावलपुर थाना करारी कोनहर पुलिया थाम्भा अलावलपुर के पास सेगिरफ्तार किया गया।

## प्रतिबंधित गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक विकास चन्द्र मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी राहुल पासी निवासी ग्राम कोर्रो थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को कोर्रो बगीचा के पास से 01 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार व उ0नि0 राम आधार रावतमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रामराज निवासी नौगीरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के साथ 20 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 20 नफर आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 398ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले141वाहनों का ई-चालान किया गयाएवं 04 वाहनों को सीज किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 02, थाना पिपरी से 03, थाना सैनी से 02 ) कुल 08अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# निपुण विद्यालय बनाने को हर माह शत प्रतिशत बच्चों का करें आकलन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** परिषदीय स्कूलों के बच्चों की गुणवत्ता सुधार के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत डायट मंझनपुर में गुरुवार को डायट प्राचार्य भारती त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कड़ा, सिराथू, मूरतगंज और चायल ब्लाक के शिक्षक संकुलों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ है। बैठक में वरिष्ठ डायट प्रवक्ता निधि शुक्ला ने डाटा आधारित निपुण विद्यालय बनाने व छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए कार्य योजना, विद्यालय प्रबंध समिति बैठक और शिक्षक संकुल बैठक की प्रभावी बनाने के लिए जानकारी प्रदान किया। स्टेट रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश सिंह ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से प्रतिमाह शत प्रतिशत आकलन किए जाने, प्रतिदिन प्रभावी संवाद करने, स्मार्ट क्लास संचालन संबंधी, स्विफ्ट चौट एप का अधिकाधिक प्रयोग करने, दीक्षा एप पर आयोजित विभिन्न आनलाइन प्रशिक्षण करने, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, मैथ किट, विज्ञान किट आदि प्रयोग करने संबंधी समस्त जानकारियों से अवगत कराया। स्टेट रिसोर्स पर्सन डा. दिलीप तिवारी ने समय सारिणी, शिक्षक डायरी, मीना मंच, प्रभावी शिक्षण के लिए विभिन्न उपागम, क्लास रूपांतरण के लिए शिक्षक संदर्शिका, वर्क बुक, बिग बुक, उत्कृष्ट टीएलएम, शिक्षण योजना, छात्रों की प्रतिभागिता, निपुण तालिका भरने आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी प्रदान किया। बैठक को निपुण भारत मिशन के प्रभारी डायट प्रवक्ता धीरज कुमार, डायट मेंटर्स डा. वंदना सिंह, डा. अनामिका सिंह, शबनम सिद्दीकी, दिनेश कुमार यादव, डा.श्वेता कुमारी, डा. प्रमोद कुमार सेठ आदि ने विद्यालय संबंधी अन्य जानकारियों से अवगत कराया। बैठक में शिक्षक संकुल दीप नारायण मिश्र, गुलाब सिंह, बृज श्याम, संतोषकुमार, अखिलेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर धमावा में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव में गुरुवार को महाराणा प्रताप सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र सिंह निर्देशन पर रामपुर धमावा गांव में संगठन के जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह की अगुवाई में राणा प्रताप की जयंती मनाई गई जिसमे कुंवर धनराज सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । इस दौरान जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह हमारे देश के आदर्श थे जिन्होंने मुगलों को मुंह तोड़ जवाब दिया जिसके चलते दुश्मनों को मुंह की खानी पड़ी । कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह ने घास की रोटी खाना स्वीकार किया था लेकिन मुगलों को स्वाधीनता कभी नहीं स्वीकार किया ।

इसी क्रम में जिला प्रवक्ता महान प्रताप सिंह ने कहा की राणा प्रताप जो बहादुरी और साहस का परिचय दिया है उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता इसी कारण पूरे देश में उनकी जयंती मनाई जा रही है । कार्यक्रम में प्रमुख लोगों जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह , युवा जिलाध्यक्ष निखिल सिंह , विजय सिंह , राजेश्वर सिंह , शिव नरेश सिंह , राजकरन सिंह , दिलीप सिंह , भारत सिंह , लोकराज सिंह , निशांत सिंह , अमरेंद्र सिंह , , भानु प्रताप सिंह , विनोद तिवारी , विपिन तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में पत्नी घायल, पति बाल बाल बचा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत प्रयागराज मंझनपुर हाईवे पर वृहस्पतिवार रात लगभग 10 बजे एक दम्पति काजीपुर से अपने घर रसूलपुर गिरसा जा रहा था, सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य की वजह से कहीं -कहीं मिट्टी खोदी गयी है सैता गाँव के पास मारुत लाल की दोपहिया वाहन फिसल गयी जिससे बाइक पर पीछे बैठी मारुतलाल की पत्नी शकुंतला ( 33 वर्ष ) बाइक से छिटककर गिर गयी जिससे उसको चोटे आ गयी। उसी रास्ते से गुजर रहे संजय ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने चोटिल शकुंतला को सरकारी अस्पताल मूरतगंज में भर्ती करवाया।

# अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम सब मतदान- राम नेवाज सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी द्वारा 20 मई को होने वाले लोकसभा मतदान में सत प्रतिशत मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए मतदाता जन जागरूकता मोहल्ला चौपाल लगाई गई जिसमें प्रधानाध्यापक डॉ राम नेवाज सिंह ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में बताकर अनुरोध किया कि आप मतदान के दिन बूथ पर मतदान हेतु अवश्य जाएं साथ में वोटर पर्ची संग ले जाएं आप सभी को भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त वोटर स्लिप बीएलओ द्वारा वितरित की जाएगी उस पर्ची के साथ-साथ आपको वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइवरी लाइसेंस, बैंक अथवा डाकघर की फोटो युक्त पासबुक सहित 13 विकल्प पहचान के रूप में निर्धारित किए गए हैं इसमें से किसी एक को लेकर जाना है आपको निर्भीक होकर बिना किसी के दबाव में आए अपने मनपसंद के व्यक्ति को मतदान करना है मतदान पर्ची का वोटर लिस्ट से मतदान कर्मियों द्वारा मिलान के पश्चात जब आपको बैलट पेपर एलोट किया जाए तब कुछ बातें ध्यान रखना आवश्यक है

बैलट यूनिट पर अभ्यर्थी का नाम प्रतीक चिन्ह के साथ नोटा का विकल्प दिया रहता है आप अपने मनपसंद के अभ्यर्थी के सामने नीला बटन दबाकर मतदान करना है जैसे ही आप बैलट पेपर की बटन दबाएंगे बत्ती जल उठेगी और बीप की आवाज आएगी इसके पश्चात वीवीपैट में आप द्वारा दिए गए मतदान की पर्ची दिखाई देगी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के सुविधा के लिए बनाए गए अप सक्षम इसीआई, वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी अप, सीबिजील एप की जानकारी साझा की गई बी एल ओ कविता चौधरी एवं मधु सोनकर द्वारा मतदाता मार्गदर्शिका देकर मतदाताओं को जागरूक किया एवं मतदान हेतु संकल्प दिलाई गई मतदाता चौपाल में कोटेदार छेदीलाल राजेंद्र सिंह राम कैलाश निषाद उल्ला वीरेंद्र श्रीवास्तव देवनाथ विश्वकर्मा नफीस अहमद महेंद्र कल्लन आदि लोग उपस्थित रहे।

# मतदान कार्मिकों को 10 से 13 मई तक दिया जायेंगा प्रथम द्वितीय प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में दिनांक 10, 11 एवं 12 मई 2024 को 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक तथा 13 मई 2024 को प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतदान अधिकारी तृतीय को प्रथम द्वितीय प्रशिक्षण दिया जायेंगा।

यह जानकारी प्रभारी अधिकारी (कार्मिक प्रशिक्षण)ध्मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने देते हुए बताया कि मतदान कार्मिकों को 10, 11, 12 एवं 13 मई को प्रशिक्षण दिया जायेंगा। प्रत्येक पाली में 800 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेंगा, इस प्रकार कुल 5600 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेंगा।

## सम्पादकीय

# झूठ फैलाने का आरोप

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पूर्व तथा वर्तमान कुलपतियों समेत तकरीबन दो सौ शिक्षाविद् ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चिट्ठी लिखी है जिसमें उनके एक बयान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस खुली चिट्ठी में विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर कांग्रेस नेता पर झूठ फैलाने का आरोप है। राहुल के दावों को खारिज करते हुए उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी है जिसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। यह विवाद राहुल के आरोप के बाद पैदा हुआ। उनके अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिन्दूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्धता प्रमुख आधार है।यह विवाद ऐसे वक्त पैदा हुआ है, जब लोक सभा के चुनाव चल रहे हैं। कहना गलत नहीं है कि कुलपतियों की नियुक्ति सत्ताधारी दलों के हितों पर ही केंद्रित रही है। कुलपति ही नहीं, शिक्षकों के चयन में भी वैचारिक झुकाव को प्राथमिकता दी जाती है। फिर भी शैक्षणिक संस्थानों के उच्च पदों पर बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि निजी राय को सार्वजनिक करने से बचें। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पूर्व आरोप लगते थे कि वामपंथी विचारधारा वालों को तरजीह दी जाती है।चुनाव के दरम्यान राजनीतिक दल और राजनेता एक-दूसरे पर कटाक्ष करने से नहीं चूकते। यह लोकतंत्र है, यहां सारा इख्तियार जनता जनार्दन के हाथ में होता है। बावजूद इसके समझदारी यही है कि सार्वजनिक रूप से कमर के नीचे वार करने से बचा जाए। जब तक हाथ में किसी तरह के साक्ष्य न हों, आरोप-प्रत्यारोप से बचने का प्रयास होना चाहिए। बीते हफ्ते ही एक नामी निजी विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन मखौल बन गया।हमारे शिक्षण संस्थान अपना स्तर उठाने की बजाय बेतुके कारणों से चर्चा का केंद्र बन रहे हैं। यदि संस्थानों के शीर्ष पदाधिकारी अपने सम्मान की रक्षा के लिए उचित कदम नहीं उठाएंगे तो छात्रों के समक्ष बेहतरीन उदाहरण पेश करने में असफल कहलाएंगे परंतु अपवादस्वरूप इन आरोपों में तनिक भी सच्चाई है और इन उच्च और सम्मानित पदों के बंटवारे में पक्षपात हुआ है, तो यह नौजवानों को गलत संदेश देने वाला साबित हो सकता है। बेहतर होता कि शिक्षाविद विश्व की विश्वविद्यालय क्रम-सूची में आने के प्रयास करते नजर आते, नकि अपनी निष्ठा किसी दल विशेष या राजनेता में जताने की मशक्कत में एकजुट होते।




**मेष राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

**वृष राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारी पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरुर लेना चाहिये। इससे आपको काम में मदद मिलेगी। साथियों के साथ आपका दिन अच्छा गुजरेगा।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। किसी नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर कोई आपकी शिकायत कर सकता है। आपको अपनी हर चीज परफेक्ट रखनी चाहिए चाहे वो कोई भी काम हो। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आज आपके बिजनेस में मुनाफा होने का योग बन रहा है। साथ ही आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का अवसर मिल सकता है। लेकिन किसी बड़ी डील को करने से पहले आपको सोच-समझकर ही आगे बढ़ना होगा।

**कन्या राशि:** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। आपको काम में कुछ नए लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जाएगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं। आज आपको शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नए अवसर मिल सकते हैं। इस राशि की कामकाजी महिलाओं को ऑफिस में प्रोत्साहन मिलेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे। जो लोग मार्केटिंग के फील्ड से जुड़े हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिल सकते हैं।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको वर्षों से तलाश थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में बढ़ोत्तरी होगी।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठाएंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। आप किसी मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं, आपकी दोस्ती मजबूत होगी।

# चौथा चरण: सपा के लिये नाक की बात, कन्नौज-इटावा हैं खास

**अजय कुमार,लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में चौथा चरण समाजवादी पार्टी के लिये विशेष महत्व रखता है। चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान में 13 सीटों पर ही चुनाव भी होना है। चौथे चरण में सपा के दबदबे वाली इटावा और कन्नौज की लोकसभा की दो ऐसी सीटें है. जो कभी समाजवादी पार्टी का गढ़ हुआ करती थीं,लेकिन अब यहां खासकर इटावा में हालात काफी बदल गये हैं। फिर भी सपा की यहां जीत की संभावनाएं कम नहीं हैं।पहले बात कन्नौज की। कन्नौज लोकसभा सीट इन दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव के यहां से चुनाव मैदान में कूदने के कारण सुर्खियों में है। सपा ने यहां पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, नामांकन से ठीक पहले तेज प्रताप का नाम कट गया। इस सीट अखिलेश के समाने भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक को टिकट दिया है। बसपा के इमरान बिन जाफर भी यहां मैदान में हैं। कन्नौज हमेशा से लोकसभा सीट नहीं थी।यह 1967 में अस्तित्व में आई थी। साल 1967 में हुए आम चुनाव में कन्नौज सीट पर डा0 राम मनोहर लोहिया को जीत मिली थी। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उतरे लोहिया ने कांग्रेस के एसएन मिश्रा को मात्र 472 वोटों से हराया था। इसके बाद कन्नौज लोकसभा सीट 1999 के चुनाव से खास हो गई। क्योंकि कन्नौज सीट पर सपा उम्मीदवार और कोई नहीं बल्कि तब के सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव मैदान में स्वयं उतर गये थे। इस चुनाव में उनकी टक्कर किसी बड़े राजनीतिक दल के उम्मीदवार की बजाय एक गैर-मान्यता प्राप्त दल अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी से हुई। मुलायम सिंह ने लोकतांत्रिक कांग्रेस की तरफ से उतरे अरविंद प्रताप सिंह को 79,139 वोटों से हराया। 1999 के लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने कन्नौज के साथ ही संभल लोकसभा सीट से भी जीत दर्ज की थी। नतीजों के बाद मुलायम सिंह यादव संभल सीट से सांसद बने रहे और कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया।

साल 2000 में हुए उप-चुनाव में कन्नौज सीट मुलायम सिंह के बेटे और मौजूदा सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उतारा गया। इसके साथ ही अखिलेश ने चुनावी राजनीति में एंट्री ली। अखिलेश का राजनीति में यह प्रवेश जीत के साथ हुआ। उन्होंने इस उपचुनाव में जीत दर्ज की और लोकसभा पहुंचे। साल 2004, इस बार कन्नौज सीट से एक बार फिर अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरते हैं। इस चुनाव में अखिलेश के सामने बसपा से ठाकुर राजेश सिंह थे। अखिलेश ने बसपा प्रत्याशी को 3,07,373 वोटों के विशाल अंतर से हरा दिया। पांच वर्षो के बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में भी सपा की ओर से उतरे अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट पर जीत हासिल की लेकिन उनकी जीत का अंतर घट गया। उन्होंने बसपा उम्मीदवार डॉ. महेश चंद्र वर्मा को 1,15,864 वोट से हराया। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले सुब्रत पाठक 2009 में तीसरे स्थान पर रहे। 2012 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी और मुलायम सिंह यादव के उत्तराधिकारी के तौर पर अखिलेश यादव मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुए।बाद में उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर विधान परिषद का चुनाव लड़ा और चुनाव जीत गये। फिर कन्नौज सीट पर उप-चुनाव की जरूरत पड़ गई। इसके बाद कन्नौज सीट पर उप-चुनाव हुआ जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे दो उम्मीदवारों ने उप-चुनाव के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया था। कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवारों को मैदान में नहीं उतारा था जबकि भाजपा उम्मीदवार अंतिम समय में अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पाए थे। इस तरह से शीला दीक्षित के बाद डिंपल यादव कन्नौज सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दूसरी महिला बन गई। 2014 के लोकसभा चुनाव में देश के ज्यादातर हिस्सों में भाजपा को जीत मिलती है। हालांकि, कन्नौज में पार्टी सपा के सामने हार जाती है। इस चुनाव में डिंपल यादव ने भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक को रोचक मुकाबले में 19,907 वोटों से हरा दिया। डिंपल को 4,89,164 वोट मिले। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी को 4,69,257 वोट मिले,लेकिन पांच साल के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने देशभर की 303 सीटों पर जीत हासिल की। इनमें कन्नौज की अहम जीत भी शामिल रही। आखिरकार सुब्रत पाठक कन्नौज का किला भेदने में कामयाब हो गए। पाठक ने इस चुनाव में डिंपल यादव को 12,353 वोटों से हराया। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 5,63,087 वोट मिले। वहीं, सपा के उम्मीदवार को 5,50,734 वोट मिले। अब बात 2024 के चुनाव की कर लेते हैं। इस बार भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक ही चुनाव मैदान में हैं। वहीं, सपा की तरफ से पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में उतरे हैं। जबकि डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव लड़ रही हैं,जहां मतदान हो चुका है बसपा ने इमरान बिन जाफर को अपना उम्मीदवार बनाया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि कन्नौज की जनता जीत का सेहरा किसके सिर बांधती है और किसे अपना जनप्रतिनिधि चुनती है। स्माजवादी पार्टी के दबदबे वाली एक और इटावा सीट की बात की जो तो इस सीट पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बीजेपी को 3-3 बार जीत मिली है हालांकि पिछले 10 साल से इस सीट पर बीजेपी का कब्जा है और इस बार पार्टी के पास हैट्रिक लगाने का मौका है. इटावा सीट पर दलित वोटर्स की बहुलता है. हालांकि ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है. इटावा लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी का अभी भी गढ़ मानी जाती थी. हालांकि पिछले दो बार से पार्टी उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ रहा है। इस बार समाजवादी पार्टी ने जितेंद्र दोहरे को मैदान में उतारा है. जबकि बीजेपी ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया को उम्मीदवार बनाया है. जबकि बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व सांसद सारिका सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

साल 2019 आम चुनाव बीजेपी के उम्मीदवार राम शंकर कठेरिया ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राम शंकर कठेरिया ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार कमलेश कठेरिया को 64 हजार से ज्याद वोटों से हराया था. बीजेपी उम्मीदवार को 5 लाख 22 हजार 119 वोट मिले थे. जबकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को 4 लाख 57 हजार से ज्यादा वोट मिले थे. कांग्रेस उम्मीदवार अशोक कुमार दोहरे को 16 हजार 570 वोट मिले थे। राजनीति के जानकार कहते हैं कि इटावा में सपा के कमजोर पड़ने की कई वजह रहीं हैं जिसमें प्रमुख तौर पर सपा द्वारा इटावा लोकसभा सीट की बजाय मैनपुरी लोकसभा सीट को ज्यादा प्राथमिकता देना विशेष है।चाचा-भतीजे के बीच की रार, पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की नए पदाधिकारियों द्वारा कहीं न कहीं उपेक्षा सपा की कमजोरी का कारण बने हैं। इस लोकसभा चुनाव में चाचा शिवपाल सिंह अब सपा के साथ हैं। ऐसे में कहीं न कहीं कार्यकर्ता चुनाव में मजबूती देख रहे हैं। समाजवादी पार्टी के अपने ही गढ़ में 2014 और 2019 में लगातार दो बार चुनाव हारने के कारणों का अगर विश्लेषण किया जाए तो 2014 में जहां मोदी लहर ने भाजपा को संजीवनी दी वहीं 2017 के बाद मुलायम परिवार में चाचा भतीजे के बीच हुए मतभेदों ने पार्टी को काफी नुकसान पहुंचाया। दो खेमों में संगठन व कार्यकर्ताओं के बंट जाने के कारण 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को नुकसान भी हुआ। हालांकि इस चुनाव में सपा बसपा का गठबंधन भी था। तब भी भाजपा अपना परचम लहराने में कामयाब रही। इस चुनाव में चाचा की पार्टी प्रसपा ने भी शंभूदयाल दोहरे को चुनाव मैदान में उतारकर वोटों का नुकसान किया था। उस समय चाचा शिवपाल सिंह यादव के समर्थकों में मायूसी छाई और उनके खास रहे पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, ब्लाक प्रमुख बसरेहर दिलीप यादव भाजपा में शामिल हो गए। इस चुनाव में भी पार्टी हाईकमान की उपेक्षा से नाराज पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया भी भाजपा के खेमे में आ गए। इस चुनाव में सपा, बसपा के रास्ते अलग-अलग हैं। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य कहते हैं कि संगठन कतई कमजोर नहीं हुआ है।

हालांकि बड़े नेताओं के दौरे न होने को लेकर कहा कि कार्यक्रम फाइनल हो रहे हैं। आजादी के बाद से समाजवादियों का गढ़ रहा इटावा लगातार उनके लिए मुफीद रहा है। व्यक्तिगत तौर पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया व राम सिंह शाक्य तीन बार विजयी हुए वहीं सपा से चुनाव लड़े रघुराज शाक्य भी दो बार चुनाव जीते थे। चौथे चरण में जिन सीटों पर मुकाबला होगा उसमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच शामिल हैं।

# बसपा के 80 में से 23 मुस्लिम उम्मीदवारों से इंडी गठबंधन परेशान

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी किसी भी चुनाव में एक-दो अपवाद को छोड़कर मुसलमान प्रत्याशी नहीं उतारती है। इसके पीछे बीजेपी का दो टूक कहना है कि उसे मुस्लिम वोट मिलते ही नहीं हैं। मुसलमान क्यों बीजेपी को वोट देने से कतराता है,इसकी तह में जाया जाये तो यही लगता है कि बीजेपी का हिन्दुत्व के प्रति नरम और तुष्टिकरण की सियासत के खिलाफ सख्त रवैया मुस्लिम वोटरों को रास नहीं आता है। यह सब तब हो रहा है जबकि मोदी सरकार ने तत्काल तीन तलाक जैसी रूढ़िवादी विचारधारा के खिलाफ कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को काफी मुश्किल हालातों से बचा लिया है। इसी तरह से मोदी और योगी सरकार की तमाम लाभकारी योजनाओं का फायदा सभी समाज के लोग उठा रहे हैं,जिसमें मुस्लिम भी शामिल हैं,फिर भी इनका(मुसलमानों) वोट बीजेपी को नहीं जाता है। इसके उलट तुष्टिकरण की सियासत करने वाले सपा-बसपा जैसे दल बड़ी संख्या में मुस्लिम नेताओं को चुनावी मैदान में उतारते रहे हैं,लेकिन इस बार इन दलों ने भी अपनी रणनीति बदल दी है। अबकी सपा-बसपा जैसे दलों ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारने से परहेज किया है। इसके पीछे की इन दलों के नेताओं की सोच पर ध्यान दिया जाये तो इन दलों के आलाकमान का मानना है कि मुस्लिम वोट तो उनके हैं ही,प्रत्याशी किसी भी जाति का हो,यह वोट तो उसकी झोली में आ ही जाता है,लेकिन जब मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारा जाता है तो हिन्दू वोटर उससे छिटक जाते हैं। इसी लिये अबकी से सपा-बसपा द्वारा मुस्लिम नेताओं को चुनावी सियासत से दूर रखा गया है। इन दलों की यह रणनीति कितनी परवान चढ़ेंगी यह तो 04 जून को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा,लेकिन हाल फिलहाल में समाजवादी पार्टी अपनी इस रणनीति में कुछ हद तक सफल होती नजर आ रही है। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में भाजपा अपने ब्राह्मण, क्षत्रिय और कुर्मी कार्ड पर कायम है, भाजपा ने भूमिहार, पंजाबी, पारसी, कश्यप, बनिया (ओबीसी), यादव, तेली, धनगर, धानुक, वाल्मीकि, गोंड, कोरी के एक-एक उम्मीदवार उतारे हैं। यानी 1.3 फीसदी हिस्सेदारी दी है। जबकि 2019 में कश्यप, यादव, राजभर, तेली, वाल्मीकि, धनगर, कठेरिया, कोरी, गोंड के एक-एक उम्मीदवार को मैदान में उतारा था। लेकिन प्रतिशत 1.3 ही था। जबकि सपा ने माय (मुस्लिम-यादव) की रणनीति बदल दी है। इस बार उसने कुर्मी और मौर्य-शाक्य-सैनी-कुशवाहा जाति के प्रत्याशी ज्यादा उतारे हैं। भाजपा ने सबसे ज्यादा टिकट ब्राह्मणों-ठाकुरों को दिए हैं, तो सपा ने ओबीसी कार्ड खेला है। प्रदेश में भाजपा 75 और उसके सहयोगी दल 5 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने अपने कोटे की सीटों में 21 प्रतिशत ब्राह्मण और 17 प्रतिशत ठाकुर प्रत्याशी दिए हैं। जबकि, उसके 8 प्रतिशत उम्मीदवार कुर्मी हैं। भाजपा ने कमोबेश यही रणनीति वर्ष 2019 के चुनाव में अपनाकर अपने 78 में से 73 प्रत्याशी जिताए थे। तब भाजपा के ब्राह्मण, ठाकुर और कुर्मी प्रत्याशी क्रमशः 22, 18 और 9 प्रतिशत थे। जबकि वर्ष 2019 में भाजपा ने दो सीटें सहयोगी अपना दल (एस) को दी थीं। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन होने के बावजूद सपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। उसके खाते में सिर्फ पांच सीटें ही आई थीं। यही वजह है कि इस बार सपा ने टिकट देने की अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव किया है। समाजवादी पार्टी ने 2019 में प्रदेश की 80 में से 37 सीटों पर चुनाव लड़ा था। तब उसने सबसे ज्यादा टिकट यादवों को दिए थे। दूसरे नंबर पर मुसलमान थे। उसके 27 प्रतिशत प्रत्याशी यादव और 11 प्रतिशत मुस्लिम थे। वहीं, कुर्मियों को आठ प्रतिशत टिकट दिए थे। इस बार समाजवादी पार्टी प्रदेश में 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इनमें से रॉबर्ट्सगंज को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर उसके प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। यादव और मुस्लिम मतदाता सपा के आधार वोटबैंक माने जाते हैं। मुस्लिमों की यूपी की आबादी में हिस्सेदारी करीब 20 फीसदी है। पर, सपा ने इस बार टिकटों में उन्हें(मुसलमानों को) आबादी के मुकाबले काफी कम, महज 6.5 फीसदी की ही भागीदारी दी है। पिछड़ी जातियों में आबादी के लिहाज से यादवों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है, लेकिन अखिलेश ने इस बार यादव प्रत्याशियों के रूप में अपने परिवार के ही पांच नेताओं को उतारा है। वर्ष 2019 के 27 प्रतिशत यादव प्रत्याशियों के मुकाबले यह आंकड़ा मात्र 8 फीसदी ही है।समाजवादी पार्टी ने कुर्मी,मौर्य,कुशवाहा,शाक्य, सैनी जातियों को टिकट देने में प्राथमिकता दी है।

पिछड़ी जातियों में कुर्मी-पटेल की हिस्सेदारी 7.5 प्रतिशत है, जबकि सपा ने इस बिरादरी के 10 प्रत्याशी उतारकर उन्हें टिकटों में 1.6 प्रतिशत की भागीदारी दी है। इसी तरह से ओबीसी जातियों में मौर्य-कुशवाहा-शाक्य-सैनी की भागीदारी सात फीसदी है, जिन्हें सपा ने 10 प्रतिशत टिकट दिए हैं। राजनैतिक पंडित सपा की इस बदली सियासत और अपने आधार वोट बैंक के बजाय अन्य जातियों को तरजीह देना उसकी सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा बता रहे हैं।सपा ने वाल्मीकि, गुर्जर, राजभर, भूमिहार, पाल, लोधी के एक-एक उम्मीदवार उतारे हैं। यानी 1.6 फीसदी हिस्सेदारी दी है। जबकि 2019 में लोधी, वाल्मीकि, कायस्थ, जाटव, कुशवाहा, नोनिया, चौहान, कोल, धानुक के एक-एक उम्मीदवार को मैदान में उतारा था। लेकिन प्रतिशत 2.7 ही था खैर,यादवों और मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व न देना सपा को भले ही अभी फायदेमंद दिख रहा हो, पर इसके दूरगामी परिणाम नुकसानदायक हो सकते हैं।क्योंकि मुसलमानों के मन में अभी से यह बात 'घर' करने लगी है कि सपा वोट तो मुसलमानों का लेती है मगर मुस्लिम नेताओं की चुनाव में भागीदारी देने में कंजूसी करती है। उधर,मुसलमानों को टिकट देने के मामले में बसपा का रिकार्ड सपा से काफी बेहतर नजर आ रहा है। बसपा ने अपना ही पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है। मायावती ने मुस्लिम समुदाय को टिकट देने में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. बसपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में 23 मुस्लिमों को प्रत्याशी बनाया है

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## मातृदिवस की बधाई

मातृदिवस हैं आज मनाते, माँ की प्यारी प्यारी यादों में,
जीवन में है सबसे प्यारी माँ, सबसे सुंदर सबसे न्यारी माँ।
पाला, पोषा बड़ा किया, पहली शिक्षक थी तुम माता,
बाहों में दुलराया हमको, तन का लहू (दुग्ध) पिलाया हमको।
खुद न कभी आराम किया, गोदी में सदा सुलाया हमको,
रात रात भर खुद तुम जागी लोरी गा गाकर सुलाया हमको,
उँगली पकड़ सिखाया चलना, तुतला कर बोलना सिखाया,
खुद भूखी तुम सो जाती थी, भर पेट खिलाती थी हमको।
स्वार्थरहित हो जीवन में, पढ़ा लिखा कर बड़ा किया,
बालक शिशु से मुझे बड़ाकर, प्रौढ़ व्यक्ति तक बना दिया,
यद्यपि माँ बस माँ होती है, दिल से कोमल सरल नारी,
माँ तब दुर्गा भी बन जाती है, बच्चों की रक्षा की हो बारी।
माँ के दूध का क़र्ज़ कैसे कोई उतारेगा,
आजीवन उसकी सेवा तन मन से कर
श्रवणकुमार सरीखा पुत्र खुद बनकर
माता पिता, अपने बचपन सा पालेगा।
मातृदिवस की आज बधाई, सब माताओं मैं को देता हूँ,
आदित्य नारियाँ सबला हों, यह शुभ कामनायें देता हूँ।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य'**
**लखनऊ**




## ....वो दौर अवश्य आयेगा

इस दौर से यदि हम गुजर गए,
तो वो दौर अवश्य ही आएगा
काले बादल छंट जाएंगे,
चहुंओर उजाला छाएगा
घोर तिमिर, काली अंधियारी,
बीच डगर में खड़ी हमारी
मंजिल का कुछ पता नहीं है,
राहें भी ना बता रही हैं
हृदय में कितने राज छिपे हैं,
आंखों में वृहद समंदर है
कुछ बात लबों पर आ भी गई पर,
कुछ अब भी दिल के अंदर हैं
कुछ हसरतें अभी अधूरी हैं
कुछ काम भी अभी जरूरी है
पर फर्क ना पड़ता है मुझको,
मंजिल की कितनी दूरी है
इस दौर से यदि हम गुजर गए,
तो वो दौर अवश्य ही आएगा।

**के के तिवारी उत्कर्ष**
**दिल्ली**



## चर्चे

जिंदगी के चर्चे दिमाग खराब कर देते हैं,
जीना भी जरूरी है पर हराम कर देते हैं
खर्चो पर जिंदगी का जोर नहीं चलता
कमबख्त खर्चे हैं पूरा होने का नाम नहीं लेते
उनके चर्चे भी सुकून सारा हर लेते हैं।
बैठे कहीं तूफान की चर्चा भूकंप कहीं,
तहलका यह कर देते हैं।
जिंदगी के चर्चे दिमाग खराब कर देते हैं।
हर चीज तो यहां मोल की मिलती
बात-बात पर यह टैक्स वसूलते
राशन पानी के खर्चे तो घने है।
लेनदेन पर लोगों के मुंह बने हैं।
डीजल पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ रहे।
फीस के खर्चे जेब पर भारी पड़ रहे।
उनके चर्चे लगे दो धारी तलवार से
जीना मुश्किल करें हमारा करें हमें बेहाल से।
वनस मोर, वनस मोर यह रोज चिल्लाते हैं।
खर्चे है जनाब जेब पर भारी पड़े जाते हैं।
सब कुछ बहुत महंगा बस खर्चा बढ़ रहा हैं,
टीवी मोबाइल के खर्चे हमें तंग कर रहे हैं।
जिंदगी के चर्चे खर्चो में बदल रहे हैं।
एक आप है जो दूर बैठे हंस रहे है।

**मधु अरोरा**
**दिल्ली**



## वोट डालने सबजन आओ

निर्वाचन की बेला आई।
पर्व रूप सी मस्ती छाई।।
लोक पर्व को सभी मनाओ।
वोट डालने सबजन आओ।।
वोट शक्ति से भाग्य बदलता।
जनता का है शासन चलता।।
मत देकर के फर्ज निभाओ।
नेता चुन सरकार बनाओ।।
धर्म जाति तज मत को देना।
अर्थ मूल्य मत का नहिं लेना।।
विद्वत जन का है यह कहना।
लोक तंत्र भारत का गहना।।
वोट शक्ति से इसे सजाओ।
वोट डालने निश्चित आओ।।
वोट शक्ति को ओम बताए।
लोक तंत्र की गाथा गाए।।

**ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम**
**शिक्षक व साहित्यकार**
**तिलसहरी,कानपुर नगर**



## ...... तुम संग हो सब नेक होगा

भावना के भाव का अभिषेक होगा,
हे प्रिये, तुम संग हो सब नेक होगा।
मैं चलूंगी संग तुम्हारे,
ढल गई हूँ रंग तुम्हारे।
मिल रहा संबल तुम्हारा,
बन गये तुम कल हमारा।
दुःख की बदरी का यहाँ अतिरेक होगा,
हे प्रिये ,तुम संग हो सब नेक होगा।
दर्पणों के हैं सरीखे,
नैन तेरे तीखे तीखे।
जिसमें छवि मैं देखतीं हूँ,
वाण प्रेमिल भेदतीं हूँ।
फैसला अब हर कदम सविवेक होगा,
हे प्रिये, तुम संग हो सब नेक होगा।
लक्ष्य अपना साधते हो,
मुझको प्रतिपल बांधते हो।
प्रीति का आंगन सजा कर,
प्रेम धुन मीठी बजा कर।
पूर्ण अब अरमां मेरा प्रत्येक होगा।
हे प्रिये, तुम संग हो सब नेक होगा।

**करुणा कलिका**
**बोकारो स्टील सिटी-झारखंड**



## प्रकृति समझाए जीवन का सार

धरती का आँचल मैला हुआ है,
प्रदूषण में आँचल थैला हुआ है।
धरती माँ का आखिर कसूर क्या-
कि चहुँओर प्रदूषण फैला हुआ है।।
भीषण गर्मी दिखे न ओर छोर,
गर्मी से मचा हाहाकार चहुँओर।
नभ से बरसता आग का गोला-
राहत हेतु चलें पहाड़ों की ओर।।
मन को शीतलता देगा पहाड़,
जीवन में आएगी थोड़ी बहार।
पहाड़ों का भी रक्षण है जरूरी-
प्रकृति समझाए जीवन का सार।।
पूरक रहे हैं प्रकृति और धरा,
हरी धरती पर मन होता हरा।
प्रकृति धरा का रक्षण जरूरी-
इन्हीं पर मानव जीवन खड़ा।।

**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**



# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का हुआ समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण, खुशी

## संयुक्त अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गुरूवार को तहसील सभागार में समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्दु त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत शुक्ल निराला तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल, सह मंत्री वेदव्रत त्रिपाठी तथा प्रचार मंत्री विनोद शर्मा, आय व्यय निरीक्षक हरिनारायण पाण्डेय व सदस्य कार्यकारिणी के रूप में आशुतोष द्विवेदी, मो0 असलम, सतीश पाण्डेय, मो. दानिश को पद का शपथ दिलाया। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने निर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह को प्रभार सौंपा तो अधिवक्ताओं की तालियां गूंज उठीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संचालन समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। अध्यक्ष संदीप सिंह ने कार्यक्रम में संघ की कार्यकारिणी की पहली बैठक का एजेण्डा रखा। वहीं कार्यक्रम मे साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मान किया।

कार्यक्रम में एल्डर कमेटी के राम मोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, वीरेन्द्र सिंह अगई, लाल राजेन्द्र सिंह, राधारमण शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, राव वीरेन्द्र सिंह, बेनीलाल शुक्ल ने अधिवक्ता हितों की प्रतिबद्धता के लिए नई कार्यकारिणी का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व कार्यक्रम का संयोजन उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर राजेश तिवारी, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, संतोष पाण्डेय, उमाशंकर मिश्र, प्रमोद सिंह, शहजाद अंसारी, हरिशंकर द्विवेदी, शिवेन्द्र तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, सिंटू मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## समाजसेवी के निधन पर जताया शोक



**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजसेवी के निधन पर लोगों ने शोक जताया है। अजगरा निवासी कृष्णचंद्र मिश्र इलाके में गरीब असहायों के मसीहा के रूप में जाने पहचाने जाते थे। वे एक इण्टर कालेज में लिपिक पद से सेवानिवृत्त भी थे। हृदयगति रूकने से पैंसठ वर्ष की अवस्था में ही उनका असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर साहित्यकार राजेश पाण्डेय उर्फ निर्झर प्रतापगढ़ी, आशुतोष सिंह, अशोक पाण्डेय, मृत्युंजय शुक्ल, अनूप शुक्ल, अवधेश सिंह, हरिकृष्ण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, शुभम, आनन्द मिश्र, अतुल, अनिरूद्ध, सुशील सिंह आदि ने संवेदना जतायी है।

# जयंती पर महाराणा प्रताप को किया गया याद

## मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर हुई चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, करणी सेना के तत्वावधान में नगर के सदर चौराहे पर महाराणा प्रताप जी की जयंती पर भव्य आयोजन हुआ। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय सचिव राणा सुबेदार सिंह चौहान राज भवन मेंढावा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना जबर सिंह, मण्डल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह प्रधान ढेकाही, प्रदेश सचिव सभाजीत सिंह एडवोकेट ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक, नगर अध्यक्ष आर बी सिंह, पूर्व जिला उपनिदेशक सूचना, नगर महामंत्री डीपी सिंह पूर्व प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक, अनुज सिंह जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, धर्मेन्द्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव संतोष कुमार सिंह , रोहित सिंह जिला अध्यक्ष करणी सेना , नरसिंह बहादुर सिंह पूर्व प्रशासनिक अधिकारी , दिनेश सिंह, विजय सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने सभी सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह पूर्व डीजीपी को इस शुभ अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सम्मान से नवाजी गई 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली मेधावी छात्रायें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जेआरडी गर्ल्स इंटर कालेज खरगीपुर में परीक्षा में 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाली सभी कक्षाओं की मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रबंधक राम अभिलाष मौर्य बच्चा ने कहा कि छात्राएं शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। ऐसी छात्राओं को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है, ताकि वे भविष्य में आगे बढ़ सकें। प्रोत्साहित करने से उनके साथ अन्य छात्राओं का मनोबल बढ़ता है। जिससे वह प्रत्येक क्षेत्र में मेहनत करके उपलब्धि हासिल करते हैं। समारोह में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा छह की भूमिका प्रजापति,श्रद्धा सिंह,उम्मे



हबीबा,सातवीं सिदरा बानो, श्रद्धा मौर्या,सुदीक्षा,आठवीं में अरीबा बानों, प्रिया विश्वकर्मा, स्वाति गुप्ता,नौवीं ए में चाहत पाल, अंजली पटेल,हुमैरा बानो, नौवीं बी में अंशिका प्रजापति,मानवी सिंह,अलीशा बानो,11 वीं ए में सानिया बानो, खुशी पाल, आकांक्षा शर्मा जबकि 11 वीं बी में स्वीटी विश्वकर्मा,अफीफा अफसार, सृष्टि वैश्य रही। संचालन प्रशनांत पांडेय ने किया। समारोह में संजना,रुकैया,नीशू सिंह,संजना,प्रियल,गायत्री पाल, अन्नो राय, धर्मेंद्र सिंह,मनोज कश्यप,राकेश यादव,राजकुमार सरोज,आदर्श यादव, गणेशदत्त श्रीवास्तव सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में पत्रकार घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में पत्रकार के घायल होने पर साथियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। नौबस्ता सांगीपुर निवासी शुभम श्रीवास्तव एक दैनिक समाचार पत्र में संवाददाता हैं। वह अपनी बाइक से प्रतापगढ़ से घर लौट रहे थे। रास्ते में लीलापुर थानान्तर्गत मुल्तानीपुर के पास हाईवे पर मवेशी बचाने में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे शुभम के हाथ व पैर आदि में गंभीर चोटें आ गयी। अमेठी जिले के मुंशीगंज स्थित अस्तपाल में उनका इलाज जारी है। शुभम के घायल होने की जानकारी होने पर साथियों ने उनका कुशलछेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया।

# भव्यता के साथ मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रगौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले, वीरता व राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का भव्य प्राकट्य-दिवस मनाया गया। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह जी ने रण कौशल में दक्ष अदम्य शौर्य के परिचायक महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि 9 मई अमर सपूत के शौर्य,त्याग, बलिदान और अदम्य पराक्रम का परिचय कराने वाला दिवस है, जो सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर अमर सपूत महाराणा प्रताप की अप्रतिम वेशभूषा में आए विद्यालय के छात्र शिव, राम, त्रियाँश, धैर्य, विभांशू आदि ने उनकी प्रतिमा पर भावपूर्ण नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली।दूसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र संकल्प, राजशेखर, अमित, अविरल तथा छात्रा हर्षिता, प्रशान्ति, यशश्वी,आव्या, अक्षरा, अनुष्का, आर्या, इशिका, अक्षिता, आराध्या, शांभवी आदि ने अप्रतिम शौर्य, त्याग, बलिदान के प्रतीक महाराणा प्रताप जी के जीवन पर आधारित भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत करके सबको भावविह्वल कर दिया और दर्शाया कि महाराणा प्रताप माँ भारती के ऐसे महान अमर सपूत हैं, जिन्होंने निस्वार्थ कर्तव्य पालन कर मातृभूमि के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पण कर दिया।




इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेन्द्र सिंह ने अमर सपूत के जीवन चरित्र का विश्लेषण करते हुए बताया कि स्वाभिमान के प्रतीक, महान वीर योद्धा के रुप में महाराणा प्रताप आज भी हम सबके हृदय में बसे हैं।अंत में विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह जी ने सभी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि महाराणा प्रताप असाधारण युद्ध कौशल के साथ स्वाभिमान के अद्वितीय प्रतिमान और कुशल प्रशासक थे। अतः हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर अपने कर्तव्यों को पूर्णनिष्ठा से निर्वहन करना चाहिए।

# महाराणा प्रताप का बलिदान चिर काल तक अमर रहेगा-अमित सिंह लालू

## धूम धाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज/प्रतापगढ़**-भारतीय इतिहास में राजपूतों का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रणबांकुरों ने देश, जाति ,धर्म की स्वाधीनता और उसकी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में कभी कोई संकोच नहीं किया। राजपूतों के इतिहास पर संपूर्ण भारत को गर्व रहा है।देश की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक मुगलों से लड़ने वाले भारत के अमर सपूत परम स्वाभिमानी, परम राष्ट्र भक्त महाराणा प्रताप का बलिदान, शौर्य ,वीरता और उनका संघर्ष चिर काल तक अमर रहेगा।

उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि अमित सिंह उर्फ लालू जालिम भाई ने के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ चौवनगढ़ प्रतापगढ़ में आयोजित महाराणा प्रताप के जयंती समारोह में कहा। आगे लालू भाई ने कहा कि सभी नवजवान महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। विशिष्ट अतिथि डा0 महेश सिंह ने कहा कि आज देश के सभी लोगों को महाराणा प्रताप की वीरता और राष्ट्र भक्ति को याद करते हुए अपने आप में



आत्मसात करें। अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की भी राष्ट्र भक्ति को भुलाया नहीं जा सकता है। और उनके जीवन परिचय को बताया। अतिथि अंतर्राष्ट्रीय धावक राम आसरे सिंह गहलौत ने बताया कि महाराणा प्रताप समस्त सनातनियों की क रक्षा हेतु जीवन भर अकबर से लड़ते रहे। कार्यक्रम की शुरुवात महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्याणपण और द्वीप जलाकर किया गया।

संचालन करते हुए आयोजक समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने आये हुए अतिथियों और उपस्थिति सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परम राष्ट्र भक्त महाराणा प्रताप जी 15 वीं शताब्दी में मुगलों से भारतीय स्वाधीनता, सनातन संस्कृति, महिलायों, बच्चों, बूढों,समस्त सनातनियों और देश वासियों की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया।जिनके शौर्य ,वीरता और अथक संघर्ष को जमाना चिर काल तक याद करेगा। उन सभी अमर शहीद वीरों को नमन करते हैं जिन्होंने विषम परिस्थितियों में महाराणा प्रताप जी का साथ दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा जगनारायन सिंह जी ने किया। दो छोटे बच्चे उमंग सिंह और आकृति सिंह ने महाराणा और झांसी की रानी की कविता को कहा। इस अवसर पर बाबा जयनाथ सिंह, जिलाजीत सिंह वत्स, रामकृपाल सिंह राठौर, अभय प्रताप सिंह, सुभाष पटेल, अमर सिंह, डा0 शिव कुमार सिंह, अवधेश बहादुर सिंह, लोक सभा प्रतापगढ़ प्रत्यासी विजय सिंह वत्स आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य 15 वरिष्ठ लोगों को आयोजक लव सिंह गहलौत द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जयंती समारोह में ठाकुर अजय सिंह, सूरजभान सिंह, सालिकराम सिंह, संजय सिंह, राजेंदर सिंह, अमरनाथ पटेल, शिव प्रसाद पटेल, नन्हेंलाल श्रीवास्तव, मनोज सिंह, भुवर सिंह, चंद्रभूषण सिंह, दरोगा सिंह, अंकित सरोज आजाद सिंह, तोयज सिंह, राम आसरे मिश्र, प्रवीण पटेल आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

**लीलापुर-प्रतापगढ़** दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 09.05.2024 को थाना जेठवारा से उ0नि0 राजीव वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 81/24 धारा 376एबी भादवि व 5एम/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ कच्चन वनवासी पुत्र शीतला प्रसाद नि0ग्राम सरायनाहर राय थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र जेठवारा के जूड़ापुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

# सामान्य प्रेक्षक, डीएम, सीडीओ ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल एटीएल ग्राउण्ड का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शिता पूर्ण एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिये सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल एटीएल ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक ने परिवहन व्यवस्था, मतदान सामग्री एवं ईवीएम व्यवस्था, पानी व्यवस्था एवं अन्य से सम्बन्धित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसों के आने-जाने के लिये एटीएल ग्राउण्ड में दो रास्ते बनाये जाये, ग्राउण्ड में पार्टी रवानगी से एक दिन पहले पानी का छिड़काव कर दिया जाये, कार्मिकों के लिये पंडाल में मेज, कुर्सी लगाया जाये, पार्टी रवानगी के दिन टैउफिक्र व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखी जाये। पोलिंग पार्टियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। सभी अधिकारी सौपे गये दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें और निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, ईओ नगर पालिका राम अचल कुरील, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व पुलिस अधिकारी सहित डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा मृतक पुलिस के परिजनों को 75 लाख के चेक सौंप गए




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, प्रतापगढ़ द्वारा पुलिस लाइन के साई सभागार में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं बैंक के वाराणसी रीजन 2 के क्षेत्रीय प्रमुख श्री ब्रम्हानंद द्विवेदी द्वारा 75 लाख के चेक हस्तगत किये गए। प्रतापगढ़ में नियुक्त आरक्षी विनय कुमार गौड़ की सेवा के दौरान दुर्घटनाजनित मृत्यु के क्रम में उनकी पत्नी श्रीमती अंतिमा गौड़ को 60 लाख रुपए तथा आरक्षी मनोज कुमार की साधारण मृत्यु के कारण उनकी पत्नी श्रीमती सुनंदा देवी को 15 लाख रुपए का चेक माननीय पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से आए हुए श्री ब्रम्हानंद द्विवेदी और लीड बैंक प्रबंधक गोपाल शेखर झा की उपस्थिति में सौंपा गया। पुलिसकर्मी की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बैंक की वेतन भोगी कार्मिकों के सेवारत रहते मृत्यु के उपरांत बैंक द्वारा किए गए निःशुल्क बीमा योजना की सराहना की। उन्होंने बैंक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि बैंक की महत्वपूर्ण योजना व सहयोग से ही यह मुआवजा मिल सका। निस्संदेह बैंक ऑफ़ बड़ौदा का योगदान, किसी भी कार्मिक, जो बैंक से वेतन आहरित करता हो, उसके परिवार जनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं स्तुत्य है। ब्रम्हानंद द्विवेदी क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, वाराणसी 2 ने विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लाभों पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवा के मध्य परिवार के मुखिया की मृत्यु से पूरा परिवार प्रभावित हो जाता है। परंतु दुख में बैंक द्वारा किए गए बीमा से प्राप्त राशि परिवार के आर्थिक आधार में सहयोगी बनती है। कार्यक्रम का संचालन शिशिर खरे द्वारा किया गया। शाहबाज नवाज ने बैंक की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक रवि कुमार गुप्ता, आशुतोष मिश्रा आरबीडीएम, रोहित राजा, बलीपुर शाखा के प्रबंधक मुदस्सिर तहमीद, वरिष्ठ प्रबंधक अनीता राम, समर बहादुर सिंह, मो. फारुख सहित प्रतिसार निरीक्षक सोमदत्त शुक्ला, प्रेम नारायण मिश्रा, श्याम सुंदर, महेंद्र कुमार, मुन्नू लाल गुप्ता, हरी राम गौड़ सहित तमाम पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## हत्या के प्रयास का वांछित धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बलवा व मारपीट, गालीगलौज व हत्या के प्रयास के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली अन्तर्गत रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने गश्त के दौरान गुरूवार सुबह मुखबिर की सूचना पर बलवा, मारपीट, धमकी व हत्या के प्रयास आदि धाराओं में दर्ज मुकदमें के वांछित चकोदर बभनपुर निवासी सुरेश कुमार वर्मा उर्फ बड़कू पुत्र मान सिंह वर्मा को कलापुर चौराहे से गिरफ्तार किया।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**देल्हूपुर प्रतापगढ़** स्थानीय थाना के उ0नि0 उमाशंकर सिंह ने मय हमराह देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान अ0सं0 07/2022 धारा 147, 149, 323, 504, 506 भादवि थाना देल्हूपुर से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्त मो0 इरशाद पुत्र अहमद अली एवं मो0 अख्तर पुत्र अहमद अली नि0गण ग्राम कुशफरा थाना देल्हूपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया।

# अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने जिला कारागार का निरीक्षण किया एवं बंदीजन को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया । जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि जिला कारागार में आज कुल 884 बंदी निरुद्ध है जिसमें 824 पुरुष, 31 महिला तथा 29 किशोर बन्दी शामिल हैं ।विचाराधीन महिला बंदियों के साथ कुल 04 बच्चे रह रहे हैं । महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों का चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में पुस्तकालय , महिला बैरिक और बाल चक्र, पाक शाला , लीगल एड क्लीनिक ,वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम सहित बैरकों तथा जेल परिसर की साफ सफाई , बन्दियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया ।

इस अवसर बंदियों से मिलकर उनके विचाराधीन फौजदारी मुकदमों और अपीलों के स्टेटस सम्बन्धी आवश्यक जानकारी ली गई जिससे उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता दिलाई जा सके।इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व प्ली बार्गेनिन्ग के बारे में जागरूक किया । जेल विजिटर ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें एवं अपीलों आदि की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों तो ऐसे लोग प्रार्थना पत्र के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की माँग कर सकते हैं , इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा । इस मौके पर उप जेलर आफताब अंसारी ने बताया कि जिस बन्दी द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग लिखित या मौखिक की जाती है उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दिलाई जाती है । उन्होंने बताया कि महिला बैरिक में महिला बन्दी के साथ जो बच्चे रह रहे हैं उनके स्वास्थ्य व खाने कपड़े दूध आदि की पूरी व्यवस्था की जाती हैं । निरीक्षण के पूर्व बन्दीगण को सुबह का खाना दिया जा चुका था। शाम का खाना बन रहा था । सचिव ने जेल अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता नहीं हैं उनको चिन्हित करके उनके नाम पता पूर्ण विवरण सहित प्राधिकरण कार्यालय को लिखित में अवगत कराएं जिससे ऐसे बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी , डा0 प्रवीन रंजन ,उप जेलर आफताब अंसारी एवं उप जेलर ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, उप जेलर शारदा देवी एवं लाला राम तथा महावीर यादव चीफ लीगल डिफेन्स कौंसिल, अभय सिंह डिप्टी चीफ लीगल डिफेन्स कौंसिल उपस्थित रहे ।

# गरीबों और किसानों को सोलर से मुफ्त बिजली मोदी की गारंटी: संगमलाल

## भाजपा प्रत्याशी ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, मांगा समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को प्रतापगढ़ लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र में रामापुर, गोसेपुर, नारायणपुर कला, कनेवरा, ककरौली, सुरवां मिश्रपुर, पूरे गोसाई, गौरा, बिजेमऊ, जामताली, गारापुर समेत दर्जनों स्थानों पर जनसंपर्क वा नुक्कड सभाओं को सम्बोधित किया। कहा कि मोदी की गारंटी है कि समूह की महिलाओं को लखपती दीदी, 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। मोदी की गारंटी देते हुए बताया कि सोलर द्वारा किसानों व गरीबों को मुफ्त बिजली दी जाएगी।

उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि राजगढ़ से सुखपालनगर होते हुए गोंडे तक बाईपास व शहर की समस्याओं को देखते हुए भुपियामऊ से सोनावां तक डिवाइडर एवं शनिदेव धाम से बेलखरनाथ धाम होते हुए मकूनपुर तक रिंग रोड का काम चल रहा है।

इस मौके पर विधानसभा प्रभारी विनय श्रीवास्तव, विधान सभा संयोजक अजय सिंह, मण्डल प्रभारी अशोक कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष बृजेश पटेल, मण्डल प्रभारी बृजेंद्र सिंह, सुजीत पटेल, शेर बहादुर यादव प्रधान नारायन पुर, शक्ति केंद्र प्रभारी कुसुम देवी, इंद्र बहादुर पटेल, संतोष बिंद, सुरेश मिश्र, अंबुज सिंह बूथ अध्यक्ष समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रखहा, प्रतापगढ़।** पुलिस ने अवैध तमंचा,कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 09.05.2024 को जनपद के थाना कन्धई से उ0नि0 श्री रामअवतार सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री शक्ति कुमार गौतम द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र कन्धई के नरसिंहपुर मोड़ परानपुर के पास से एक अभियुक्त संजय सिंह चौहान पुत्र हरिकेश बहादुर उर्फ पप्पू नि0ग्राम नेवादा चौहान बस्ती थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# व्यवसाय नहीं, सेवा करने हम आए राजनीति के मैदान में: प्रथमेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बसपा के प्रतापगढ़ संसदीय सीट के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र सेनानी ने कहा कि समाज की सेवा और अच्छे संस्कार मेरे खून में है। मेरे बाबा स्व. चंद्रदत्त सेनानी ने राजनीति की दशा सुधारने के लिए सरकारी नौकरी त्याग दी थी। हम राजनीति को व्यवसाय बनाने नहीं आए, बल्कि जनता का दुख-दर्द बांटने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। गुरुवार को रानीगंज में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद जनसंपर्क में प्रथमेश ने कहा कि युवा को रोजगार देने, बेसहारा पशुओं से किसानों को छुटकारा दिलाने, कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सर्वसमाज बसपा को सपोर्ट कर रहा है। जनता हमारे साथ है।

हर वर्ग आशीर्वाद दे रहा है। इससे विपक्षी उम्मीदवारों में



खलबली है। वह जनता को गुमराह कर रहे हैं। जो अब तक मौका पाने के बाद भी प्रतापगढ़ का भला न कर सके, वह आगे क्या करेंगे, इसे वोटर समझते हैं। वह बदलाव लाने को तैयार हैं। बसपा उम्मीदवार प्रथमेश ने कहा कि गांवों में जाने पर भाजपा सरकार के विकास की पोल खुल रही है।

# संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की हुई चेकिंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर-प्रतापगढ़** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत चौकी पृथ्वीगंज, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करायी गई एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रुप से बनाये रखने व अराजक तत्वों के चिन्हीकरण एवं शान्ति पूर्वक लोकसभा चुनाव को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्ष रुप से सम्पन्न कराने हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ सतपाल अंतिल द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को निरन्तर संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों, वस्तुओं की चेकिंग एवं आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम आज दिनांक 09.05.2024 को थाना कोतवाली देहात में क्षेत्रान्तर्गत चौकी पृथ्वीगंज में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कराई जा रही हैं, इसी दौरान गाड़ियों का बोनट व डिग्गी खुलवाकर चेक करवाया गया व गाड़ियों के शीशे पर लगी काली फिल्म, हूटर, झण्डे, राजनैतिक प्रचार की सामग्री को हटवाया गया । बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग कर रहे बाइक सवारों एवं चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग करवाकर बिना सीट बेल्ट एवं ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है, यातायात वयवस्था सुचारु रुप से संचालित करने हेतु सड़क किनारे अतिक्रमण को हटवाया गया एवं व्यापारियों/ नागरिकों से संवाद स्थापित कर जागरुक किया गया । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थो/ शराब, नकदी आदि के परिवहन के विरुद्ध संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही। सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों का अनुपालन करने हेतु आमजन से अनुरोध कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

# श्रीमद्भागवत कथा शुभारम्भ पर निकाली गई कलशयात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय के बारौं गांव में भागवत कथा शुभारंभ के मौके पर कलशयात्रा निकाली गई। जो गांव के घर घर होते हुए माता मैया धाम तक्षक धाम नर्मदेश्वर नाथ धाम व हनुमत धाम शिवमन्दिर होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची।। जहां आचार्य अवनीश महराज ने कलश पूजन कराकर भागवत कथा का शुभारंभ कराया। संयोजक कैलाशकुमार वैश्य ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रूक्मणी जी की आरती उतारी एवं प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष बिहार वीरेंद्र तिवारी उर्फ सुग्गा तिवारी व नेता अशोक तिवारी व बृजेश अग्रहरि बबलू व भोलानाथ अग्रहरि निलेश नीलू वैश्य दिलीप राजेंद्र श्यामबाबू अजय संतोष राकेश मौजूद रहे।

## संदिग्ध परस्थितियों में छात्रा लापता, अनहोनी की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंसा बाजार की निवासिनी बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा बीते बुधवार को दोपहर दो बजे घर से बता कर गई की बैक पेपर फॉर्म के लिए विद्यालय जा रही हूं। विद्यालय पहुंचने पर जानकारी ली तो पता चला जुलाई में बैक पेपर भरा जाएगा। छात्रा पुनः विद्यालय से वापस आ रही थी कि एक बाइक पर दो लोग आए और छात्रा को जबरन उठा ले गए। छात्रा अपनी जान बचाने के लिए छटपटाती रही उसके पैर के चप्पल साथ में लिए हुए कुछ पेपर गिर गए। वहां मौजूद एक लड़के ने सभी कागज ले लिया और परिवार के लोग जब खोज करने पहुंचे तो उसने सारी घटना कि जानकारी दी। यह सुनकर परिजन स्तब्ध रह गए। मामला फतनपुर थाने का है। परिजनों ने थाने में बृहस्पतिवार को गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्वाई की मांग की है।

# गृह मंत्री के आगमन को लेकर एसपी ने किया सभास्थल का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**कौशांबी लोकसभा अंतर्गत नगर पंचायत हीरागंज में सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी सभा होना सुनिश्चित हुआ है। चुनावी कार्यक्रम में सुरक्षा के दृष्टिगत से पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के साथ थाना महेशगंज स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया । इस दौरान महेश गंज थाना का औचक निरीक्षण भी किया गया तथा सभी कार्य दुरूस्त पाएं गए। चुनावी सभा की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह महेशगंज को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सतर्कता बरत रही पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कोतवाली पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पाबन्दी के साथ ही गुण्डा और मिनी गुण्डा एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर रही है। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक नौ लोगों पर गुण्डा एक्ट तथा दो सौ सात लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है। पाबंदी के लिए शांति व्यवस्था की आशंका में चिन्हित कर कार्रवाई भी की जा रही है।

## डॉक्टर. बंगाली बाबू का निधन, शोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** डॉ सुरेंद्र मिश्रा उर्फ बंगाली 95 वर्ष की आयु में उनके निवास स्थान संग्रामगढ़ बाजार में लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर बाजार में जंगल में आग की तरह फैल गई। उन्होंने अपने पीछे चार पुत्र और चार पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर दुनिया को अलविदा कह कर चले गए। निधन की खबर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने तथा श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। डॉक्टर बंगाली बाबू कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के प्रिय व करीबी लोगों में से रहे है। बंगाली बाबू के शव का अंतिम दाह संस्कार शुक्रवार 10 मई को मानिकपुर राजघाट पर किया जायेगा।

## एआरटीओ ने ओवरलोड वाहनों को किया सीज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महेशगंज प्रतापगढ़।** बृहस्पतिवार को दोपहर में एआरटीओ दिलीप कुमार गुप्ता ने महेशगंज थाना गेट के सामने चेकिंग लगा कर ओवरलोड चार पहिया वाहनों का कागज़ एवं सवारी/ माल भार चेक किया। साथ ही एक पिकअप एवं तीन आटो रिक्शा को ओवर लोडिंग के तहत सीज कर दिया। इस दौरान बीस चार पहिया वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि बड़े माल वाहक गाड़ियों द्वारा ओवरलोडिंग की शिकायत मिली थी। इसलिए चेकिंग लगाया गया लेकिन आज मिले नहीं। लगभग डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। एक पिकअप एवं तीन आटो को सीज किया गया है।

## जेई विद्युत ने शिकायतकर्ता उपभोक्ता को भगाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**स्थानीय थाना व विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के काशीपुर निवासी किशन लाल सरोज पुत्र शंकर लाल सरोज ने बिजली चोरी कर रहे व्यक्ति की सूचना विद्युत स्टेशन पर जब देने गया तो यह शिकायत जेई शैलेंद्र सिंह को नागवार गुजरी क्योंकि बिजली की चोरी तो विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी में होती है। इसलिए शिकायतकर्ता को गाली-गलौज करते व मारने की धमकी देते हुए पावर हाउस से भगा दिया।पीड़ित शिकायतकर्ता ने अवर अभियंता शैलेंद्र सिंह के खिलाफ लिखित नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी फोन द्वारा शिकायत भी किया है।इस मामले में जेई शैलेंद्र सिंह का कहना है कि आरोप निराधार है तथा कहा था कि यहां से चले जाओ कल देखेंगे।

# डांट से क्षुब्ध छात्रा ने फांसी के फंदे पर झूलकर दे दी जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से नाराज किशोरी छात्रा ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के रैयापुर निवासिनी रिया सिंह 17 पुत्री राजा सिंह सन 2024 की इंटर मीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण छात्रा थी। अज्ञात कारणों से नाराज किशोरी छात्रा ने गुरुवार को घर में बताया कि हमारी तबीयत ठीक नहीं है। खाना पीना भी कुछ नहीं खाया। घर के सदस्य बाहर अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान वह घर में अपने को अकेला पाकर कमरे के अंदर छत के चुल्हे में फांसी का फंदा बनाकर उसी मे झूल गई। कुछ देर बाद किशोरी की मां घर के अंदर आई तो देखा की बेटी कमरे में फंसी के फंदे पर झूल रही है। उसके रोने चिल्लाने पर सभी परिजन इकट्ठा हो गए।उसे तत्काल फांसी के फंदे से उतार कर 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए। जहां देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां एक महिला के साथ अस्पताल में रोती बिलखती रही, लेकिन घर का कोई भी सदस्य वहां पर नहीं पहुंचा।

## घर में घुसकर हुई चोरी पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात चुरा ले जाने की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा गुरू का पुरवा निवासी विवेक शुक्ल पुत्र स्व. रवीन्द्र नाथ शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एक मई की रात अज्ञात चोर घर में घुस आये। आलमारी में रखे लाखों के गहनें तथा पैंतीस हजार की नकदी और कीमती सामान चुरा ले गये।


### फार्मेट सी–1

**(समाचार पत्रों, टी0वी0 में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

**आपराधि मामलों के बारे में घोषणा :**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : विनोद कुमार सोनकर निवासी–चिल्ला शाहबाजी, चायल कौशाम्बी

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : लोकसभा

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 50 कौशाम्बी

मैं विनोद कुमार सोनकर (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणें की घोषणा करता/करती हूँ:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम | मामले की सं0 एवं तारीख | मामले (लो) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | सी0जे0एम0 कौशाम्बी | मु0अ0सं0 241/14 | FR | धारा 153क/295क भा0द0वि0 5125 लोक प्रति अधि व 66 आई टी0 एक्ट |
| 2 | सी0जे0एम0 कौशाम्बी | 243/14 | FR | 171ड़ आई0पी0सी0 |
| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | नहीं | |
| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड | |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | |

*लोक सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
सि0मि0 347/22
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन प्रभावती यादव बनाम राजेन्द्र कुमार यादव
बनाम
राजेन्द्र कुमार यादव उम्र 32 वर्ष सुत काली चरन यादव निवासी पर्वतपुर सुलेमान थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी की पॉलिसी संख्या 313786680 में मेरा नाम अल्तमश महमूद हो गया है जो गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम सरफराज़ महमूद पुत्र स्वर्गीय श्री ज़फर महमूद निवासी तोपखाना, रायपुर फुलवारी, जिला अमेठी 227405 है। मुझे इसी नाम व पता से जाना व समझा जाय ।

सरफराज़ महमूद
पुत्र स्वर्गीय श्री ज़फर महमूद
निवासी तोपखाना, रायपुर
फुलवारी, जिला अमेठी।
227405



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 168/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मैसर बानो आदि बनाम असफाक
बनाम
असफाक उम्र लगभग 35 वर्ष सुत मासूक निवासी ग्राम खजुरी पो0 पूरे कैथापुर थाना शिवगढ़ जनपद सुलतानपुर
तारीख पेशी 25.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आई0डी0बी0आई0 के खाता संख्या 1870102000002011 में मेरा नाम तौफीक दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मोहम्मद तौफीक सुत अब्दुल वाहिद अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है। मुझको मेरे सही नाम मोहम्मद तौफीक सुत अब्दुल वाहिद के नाम से जाना व पहचाना जाये।

मोहम्मद तौफीक
सुत अब्दुल वाहिद
निवासी 194 मस्जिद बिलाली के पास भैरोपुर
पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा परास्नातक शारीरिक शिक्षा वर्ष 2019-20 अनुक्रमांक 1940804021012 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

दिनेश प्रताप सिंह
पुत्र लल्लन सिंह
निवासी- रतनमई, दिलीप पुर
प्रतापगढ़



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय सदर प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अरविन्द प्रकाश श्रीवास्तव बनाम सुषमा श्रीवास्तव आदि
बनाम
1. सुषमा श्रीवास्तव पत्नी विजय कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम सगरा पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 2. नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ द्वारा नियत प्राधिकारी महोदय नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ 3. राज्य सरकार उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी प्रतापगढ़ 4. श्याम लाल सुत शीतलदीन 5. रामस्वरूप सुत महराजदीन 6. छोटेलाल सुत बद्री प्रसाद 7. नन्हेलाल सुत लालजी निवासीगण ग्राम सगरा पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 144 राजस्व संहिता
तारीख पेशी 30.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय लालगंज जनपद प्रतापगढ़
परिवाद सं0 125/22
नाम फरीकेन प्रियंका सिंह बालिग बनाम पुष्पेन्द्र सिंह आदि
बनाम
1. पुष्पेन्द्र सिंह बालिग सुत फत्ते बहादुर सिंह (पति) 2. प्रमिला बालिग पत्नी फत्ते बहादुर सिंह (सास) 3. फत्ते बहादुर सिंह बालिग सुत समरजीत सिंह (ससुर) 4. प्रत्यूष सिंह बालिग सुत फत्ते बहादुर सिंह (देवर) समस्त निवासीगण ग्राम चॉदा बनना मऊ थाना कोतवाली लालगंज बैसवारा जिला रायबरेली
अन्तर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा
तारीख पेशी 21.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 21.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# बाल संसद चुनाव में निरंजन प्रधानमंत्री ,सर्वेश बने गृहमंत्री

## कंपोजिट विद्यालय जद्दापुर में बाल संसद गठन कार्यक्रम संपन्न






**बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र तुलसीपुर के कंपोजिट विद्यालय जद्दापुर में बाल संसद के गठन के लिए मतदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें गृह मंत्री पद के 7 व प्रधानमंत्री पद के 8 उम्मीदवार थे, ईवीएम से मतदान हुआ।

विद्यालय के सभी छात्रों ने प्रात 8ः00 बजे से लेकर के 01ः30 बजे तक मतदान किया। मतदान प्रणाली के तहत एजेंट, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी व पीठासीन अधिकारी की टीम ने सकुशल शांतिपूर्ण मतदान पूर्ण कराया । मतदान उपरांत ईवीएम से रिजल्ट प्राप्त किया गया जिसमें प्रधानमंत्री के उम्मीदवार में सबसे ज्यादा मत निरंजन को प्राप्त हुआ , गृहमंत्री में सर्वेश को सबसे ज्यादा मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया । अन्य पदों पर एकल उम्मीदवार होने के कारण निर्विरोध जीत हासिल किए। निर्विरोध चयनित उम्मीदवार शिक्षा मंत्री- हिमांशु , पोषण मंत्री -सुहानी , पर्यावरण मंत्री -कन्यावती , उपस्थिति मंत्री- अभिषेक यादव, स्वास्थ्य कल्याण मंत्री - राधा, सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री- बेबी व उप प्रधानमंत्री विनीता तथा उपगृह मंत्री प्रिंशु का चयन हुआ पूरे कार्यक्रम/ मतदान के दौरान खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी तुलसीपुर डॉ. स्वामीनाथ के निगरानी में आयोजित किया गया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व ग्राम पंचायत अध्यक्ष प्रवीण सिंह , राम सिंह, अंबुज तिवारी विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम चंद गुप्ता सहायक अध्यापक गण लकी सिंह, अखिलेश कुमार, अनवारुल हक खान व 100 से अधिक की संख्या में अभिभावक व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने मतदान की प्रक्रिया, इसका उद्देश्य, बच्चों में नेतृत्व की भावना का विकास आदि को बहुत ही अच्छे ढंग से बताया। खंड विकास अधिकारी ने मतदान प्रक्रिया को खूब सराहा, बच्चों में राष्ट्र के प्रति प्रेम समाज के प्रति कर्तव्य विद्यालय में विद्या के प्रति समर्पण की भावना के महत्व को बच्चों को बताया ।

## चुनावों के दौरान दौरान सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की नीयत से फर्जी आंकड़ा जारी किया गया

**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सूर्य कांत पाण्डेय ने प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा चुनाव के दौरान सांप्रदायिक आधार पर आंकड़े जारी करने की आलोचना किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सलाहकार परिषद ने प्रधानमंत्री के सुझाव पर फर्जी आंकड़ा जारी करके धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण कराने का प्रयास किया है।श्री पाण्डेय ने आरोप लगाया कि पिछले साठ सालों में हिंदू, मुस्लिम आबादी की बढ़त को मनगढ़ंत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के दोनों समुदाय की बढ़त का अनेक संस्थाओं ने आंकड़े जारी किए हैं। जिन्होंने किसी प्रकार भी दोनों समुदाय के बढ़त को असामान्य नहीं बताया है। भाजपा सरकार के दबाव में चुनावों के दौरान दौरान सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की नीयत से फर्जी आंकड़ा जारी किया गया है।भाकपा नेता ने चुनाव आयोग को मेल करके इस प्रकार के आंकड़े जारी करने वाले सलाहकार परिषद को नोटिस जारी करके इसे वापस लेने और देश से माफी मांगने की मांग किया

# उप गन्ना आयुक्त ने सर्वेक्षण का किया निरीक्षण

## किसानों को अधिक पैदावार वाले गन्ने की बुवाई पर दिया जोर



**बलरामपुर।** बीसीएस तुलसीपुर के तत्वाधान में सोनपुर में चल रहे गन्ना सर्वेक्षण का औचक निरीक्षण देवीपाटन मंडल उप गन्ना आयुक्त आरबी राम ने किया है निरीक्षण में किसान संगम लाल के पौधे प्लांट की जांच की गई जांच में माप सही पाया गया।

आयुक्त ने गन्ना का पेड़ी प्रबंधन करने के साथ जल्दी तैयार होने वाले प्रजाति के बारे में जानकारी दी है साथ ही साथ उसके बचाव के उपाय भी बताए हैं आयुक्त ने किसानों को गन्ना समिति से स्थापित फार्म मशीनरी बैंक के बारे में विस्तार से जानकारी दी किसानों को 19 सेल गाना प्रजातियां के बारे में जानकारी दी इनमें कोलक1402,15023,118 एवं 150 23 प्रजाति की बुवाई करने के बारे में बताया गया है सर्व कार्मिकों को आयुक्त में निर्देशित किया है कि पौधा प्लांट आटम प्लांट एवं द्वितीय पड़ी का सर्वे करें उन्होंने कहा कि पेड़ी गन्ना का सत्यापन किया जाएगा आयुक्त के समक्ष मौजूद किसानों को कार्मिकों ने सर्वे स्लिप दी है गन्ना सचिव तुलसीपुर आनंद प्रकाश दुबे ने सर्वे कार्य पूरा होने के बाद डाटा को पोर्टल पर अपलोड तत्काल करने का निर्देश दिया गया है उनके अभिलेखों को समिति कार्यालय में भी उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। गन्ना किसानों से अपील किया गया है कि 0238 की बुवाई न करें।

सिंचाई करके बुवा ई करने एवं कीटनाशक डालने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है ।

# मॉडर्न इंटर कॉलेज के हाई स्कूल एवं इंटर टॉपर को मिला गोल्ड

## गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र पाकर मेधावियों के खिले चेहरे



**बलरामपुर।** बलरामपुर मॉडर्न इंटरकॉलेज मे हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट मे बेहतर अंक पाने वाले मेधावियों को सम्मान समारोह आयोजित करके सम्मानित किया गया। हाई स्कूल एवं इंटर टॉपर को प्रशस्ति पत्र मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र सिँह तोमर व प्रधानाचार्य हेमंत कुमार तिवारी ने प्रतिभा सम्मान समारोह कर्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया । विद्यालय के कक्षा दस एवं बारह के ऐसे छात्र छात्राये जिन्होंने टॉप टेन मे स्थान प्राप्त किया था उन्हें विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने गोल्ड मेडल, प्रमाणपत्र देकर मिष्ठान खिलाते हुए सम्मानित किया है ।

सम्मानित होने वाले मेधावी में हाई स्कूल की अरहमा खान,अभय पाण्डेय, आदित्य दुबे,अपेक्षा श्रीवास्तव, अफीफ अल्बद्र हर्षिता शुक्ला तथा इंटर में शिवांश श्रीवास्तव,निरंकार पांडे,सुशांत अंशराज मिश्रा,मुस्कान सिँह, सतीश वर्मा,हिमेन्द्र सिँह आदर्श शुक्ला, अभिनव मिश्रा, लक्ष्य श्रीवास्तव,अनुराग श्रीवास्तव शामिल है।प्रबंधक जितेंद्र सिँह तोमर ने कहा की वैसे तो विद्यालय परिवार वर्षीकोत्स्व के दौरान प्रतिभाशाली बच्चों को हर साल सम्मानित करते हैं परन्तु प्रार्थना स्थल पर प्रतिभाशाली बच्चों से प्रेरणा के लिए ऐसे आयोजन बहुत अवश्यक है।प्रधानाचार्य हेमंत कुमार तिवारी ने कहा कि मेहनत का परिणाम हमेशा बेहतर होता है।इस दौरान एस एन त्रिवेदी, अवनिन्द्र त्रिपाठी, उमेश तिवारी भुनेश्वर पाण्डेय, सुमन सिँह, सहित शिक्षक कर्मचारी व स्कूल मौजूद रहे है।

# कथक उत्तर प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य- हर्षिता

## एमएलकेपीजी कॉलेज में कल्चर क्लब का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में पण्डित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब के तत्वावधान में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुरुवार को ÷कथक नृत्य की उत्पत्ति एवं वर्तमान में उसकी उपयोगिता÷ विषय पर विद्वत व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को कथक की मुद्राओं से भी परिचित कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय,मुख्य वक्ता कथक गुरु हर्षिता चौहान व क्लब प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। विद्यार्थियों को कथक की विधिवत जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता हर्षिता चौहान ने कहा कि कथक उत्तर प्रदेश का एक शास्त्रीय नृत्य है। कथक नृत्य में एक पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत है जो इसे




भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली का दर्जा देती है। कथक से जुड़े तकनीकी और सौंदर्य संबंधी पहलुओं को मौखिक परंपरा के रूप में पीढ़ियों तक मौखिक रूप से पारित किया गया है।

भारत के अधिकांश कला रूपों की तरह, कथक गुरु-शिष्य परंपरा या शिक्षक-शिष्य परंपरा पर पनपता है।उन्होंने बताया कि कथक शब्द वैदिक संस्कृत शब्द %कथा% से लिया गया है जिसका अर्थ है ÷कहानी÷, और कथकर जिसका अर्थ है ÷वह जो कहानी कहता है÷। घूमते कथाकार या घुमंतू गायक नृत्य, गीत और संगीत के माध्यम से हमारे प्राचीन महाकाव्यों और पौराणिक कथाओं से प्रेरित कहानियाँ सुनाते हैं। कथक कलाकार सुंदर हाथों की गतिविधियों, व्यापक फुटवर्क, लचीली शारीरिक गतिविधियों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से तीव्र चेहरे की अभिव्यक्तियों के माध्यम से कहानियों का प्रदर्शन करते हैं। इस दौरान कथक नृत्य की विभिन्न मुद्राओं को प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को कथक नृत्य की बारीकियों से परिचित कराया गया।प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कल्चरल क्लब की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने विरासत को जानने का अवसर प्राप्त होगा। क्लब प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया। समन्वयक डॉ अनामिका सिंह व कोषाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब के सचिव लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए कथक गुरु का परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ बीएल गुप्त,डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ वंदना सिंह,डॉ सुनील कुमार शुक्ल व मणिका मिश्रा सहित भारी संख्या में छात्र-छात्रएं मौजूद रहे।

## मतदान कार्मिक सुविधा केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

**अयोध्या ।** लोकसभा चुनाव के लिए जनपद की पांच विधान सभाओं में नियुक्त मतदान कार्मिक प्रशिक्षण स्थल साकेत महाविद्यालय पर बने सुविधा केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से विधानसभावार सुविधा केन्द्र स्थापित कराये गये है।विधानसभावार बनाए गए यह सुविधा केंद्र 13 मई से 18 मई 2024 तक संचालित होंगे। प्रत्येक विधानसभा हेतु एक-एक टीम लगायी गयी है प्रत्येक टीम के साथ एक-एक अटेस्टेशन अधिकारी व एक-एक वीडियोग्राफर भी लगाये गये है।

इसी प्रकार मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु घर-घर जाकर मतदान सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में विधान सभावार 20 पोलिंग पार्टियां यथा-विधानसभा रूदौली हेतु 04 पोलिंग पार्टियां, विधानसभा मिल्कीपुर व बीकापुर हेतु 03-03 पोलिंग पार्टियां तथा विधानसभा अयोध्या व गोसाईगंज हेतु 05-05 पोलिंग पार्टियां बनायी गयी है।

# श्री दत्त गंज ब्लाक में 146 परिषदीय स्कूलों में बाल संसद कार्यक्रम संपन्न

**बलरामपुर।** बुधवार को आकांछी ब्लाक श्रीदत्तगंज के 146 परिषदीय विद्यालयों में अकादमिक सत्र 2024 -25 का बाल संसद गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह प्रक्रिया 3 मई 2024 को खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक के समस्त एआरपी , पिरामल फॉउंडेशन टीम ,परिषदीय विद्यालयों के समस्त अध्यापक गण का वर्चुअल बाल संसद के गठन की प्रक्रिया का क्षमता वर्धन किया गया ।जिसमें 6 मई को विद्यालयों के अध्यापक द्वारा छात्रों को बाल संसद के गठन प्रक्रिया को विस्तार से समझाना और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना । 7 मई को शिक्षकों द्वारा छात्रों को कार्यक्रम के प्रति उत्सवर्धन करना, चुनाव चिन्ह, प्रचार प्रसार तथा समुदाय को 8 मई के लिए निमंत्रण पत्र भेज कर आमंत्रित करना व इसी दिन बाल संसद की वोटिंग प्रक्रिया,मत गिनना ,जीते हुए प्रत्याशियों को समस्त स्कूल स्टाफ, एसएमसी मेंबर, प्रधान ,आगनवाड़ी, एसएचजी और समुदाय से आए हुए उपस्थित लोगों के सामने शपथ ग्रहण कराया गया। जिसमें बच्चों में बाल तंत्र से लोकतंत्र का उद्देश्य विद्यालय स्तरीय बाल संसद का गठन बच्चों की नेतृत्व क्षमता एवं अभिमुखता की कुशलता विकसित हो सके । विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करना तथा साथ ही साथ बच्चों में विद्यालय के प्रति एवम निपुण भारत से संबंधित बच्चों के सीखने सिखाने के माहौल को विकसित करना है।लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्ङ्कश्चश्चक्कके अंतर्गत जिला प्रशासन से मतदाता जागरूकता अभियान जिले में निरंतर संचालित है बाल संसद कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय के लोगो में सत प्रतिशत मतदान के महत्व को जागरूक करना हैं ।

# अटल आवासीय स्कूल में यूपीएस बिजुआ कला के आठ छात्र हुए चयनित

**बलरामपुर।** केंद्र सरकार से संचालित देवीपाटन मंडल मुख्यालय गोंडा के अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ कला के आठ छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है इन छात्रों को नवी कक्षा से इंटरमीडिएट तक निशुल्क आवासीय शिक्षा मिलेगी।

शिक्षा क्षेत्र पचपेड़वा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ कला के छात्रों ने अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफलता हासिल की है इनमें बालक वर्ग में अमरेश कुमार गोलू पवन प्रदीप कुमार शामिल है वहीं बालिका वर्ग में दीपा मधु सुशीला दीपा विश्वकर्मा शामिल है इन आठों छात्र-छात्राओं को देवीपाटन मंडल मुख्यालय गोंडा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय मैं कक्षा 9




से इंटरमीडिएट तक निशुल्क आवासीय शिक्षा के लिए दाखिला दिया जाएगा जिले में इस विद्यालय की बड़ी उपलब्धि का श्रेय प्रधानाध्यापक दिनेश वर्मा एवं नोडल शिक्षक राजेश्वर प्रसाद यादव का विशेष योगदान रहा है किस विद्यालय को बड़ी उपलब्धि मिलने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी पचपेड़वा खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा शिक्षक नेता राजकुमार वर्मा डीसी निरंकार पांडे डीसी प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी सहित शिक्षा अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# बाल संसद कार्यक्रम में नामांकन व मतदान में शामिल हुए छात्र

**बलरामपुर।** डीएम के निर्देशानुसार कंपोजिट विद्यालय नगर पालिका जूनियर हाई स्कूल में बाल संसद के गठन कार्यक्रम संपन्न हुआ।बच्चों ने बाल संसद के पद के लिए नामांकन किया था उन पदों पर बच्चों द्वारा मतदान किया गया। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक मतदान में भाग लिया ।

बाल संसद के विभिन्न पदाधिकारी का चुनाव हुआ कुल नामांकन 120 के सापेक्ष 88 बच्चों ने मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग किया ।बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय के आसपास के दुकानदार, मिस्त्री कोटेदार तथा अन्य लोगों को भी प्रतिभाग कराया गया।

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र बलरामपुर राम कुमार ने प्रतिभाग किया उन्होंने आज के कार्यक्रम के बारे में आए हुए



अभिभावकों एवं मोहल्लावासियों को विस्तार पूर्वक बताया।

अकादमी रिसोर्स पर्सन अरुण कुमार मिश्रा ने मतदान की एवं बाल सभा की प्रक्रिया को सभी अभिभावकों मोहल्ले वासियों एवं पदाधिकारी के समक्ष बताया द्य रोशन आरा ने मतदान प्रक्रिया एवं विद्यालय की उपलब्धियों को सभी को बताया द्य कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष रूही बेगम ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया द्य सभी बच्चों में खासा उत्साह था द्य मतदान प्रक्रिया को संचालित करने के लिए रोशन आरा एवं प्राची अनिहोत्री का विशेष योगदान रहा द्य बच्चों के नामांकन एवं प्रचार प्रसार की तैयारी में शमा खान एवं आमना खातून का योगदान रहा द्य विद्यालय परिविद्यालय की मीरा देवी, सलमा खान,का योगदान रहा ।

# हवाई दावे करना आदत नहीं,जो कहूंगी वो करूंगी-सांसद मेनका

## आप कभी और कही हो मुश्किल में, दरवाजे मदद के लिए रहेंगे खुलेः मेनका




**सुल्तानपुर।** नवीं बार लोकसभा पहुंचने के लिए सुल्तानपुर से लगातार दूसरी बार चुनावी प्रचार अभियान में उतरी बीजेपी की सिटिंग सांसद मेनका गांधी पूरी रौ में हैं। रोजाना क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा नुक्कड़ सभाओं में मतदाताओं से वे सीधे रूबरू हो रही हैं और जनता से सीधे जुड़े मुद्दे उठा रही हैं।गुरुवार को उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती पर क्षत्रियभवन परिसर में उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करके की। उन्होंने कहा महाराणा हमारे संपूर्ण समाज और देश के गौरव हैं।महापुरुषों को किसी भी जाति और कौम के खांचे में नहीं बांधना चाहिये। वे संपूर्ण समाज के आदरणीय होते हैं।मैं कोई भी सेवा कार्य, विकास कार्य जाति धर्म या कौम देखकर नहीं करती। सभी बराबर हैं मेरी नजर में। श्रीमती गांधी ने कहा कि सुल्तानपुरवासियों से 'मैंने जो कहा सो किया। हवाई दावे करना मेरी आदत नहीं। आगे भी जो कहूंगी वो करूंगी। सुल्तानपुर के सभी लोग मेरे अपने हैं। सांसद मेनका ने कैंपेन के 34 वें दिन इसौली विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा इस बार किसान सहकारी चीनी मिल का विस्तारीकरण प्राथमिकताओं में होगा। फ्लिहाल इस बार चीनी मिल ठीक से चली हैं। गन्ना किसानों की पर्ची दोगुनी कराई गई। गन्ना किसानों का पेमेंट भी समय से हों गया। मुख्यमंत्री दो बार जिले में आए। मैंने दोनों बार चीनी के विस्तारीकरण की मांग पूरी ताकत से रखी। इस बार चीनी मिल का जीर्णोद्धार/विस्तारीकरण के लिए पूरी कोशिश करूंगी कि हो जाए। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए चीनी मिल परिसर में 20 लाख की सांसद निधि से हाल, बैठने का शेड व सामुदायिक शौचालय व स्नानघर बनवाया। उन्होंने अपने विकास कार्यो की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि संसदीय क्षेत्र में 600 करोड़ की लागत से बिजली के जर्जर तारों को बदलकर केबिल लगाने आदि का काम हो रहा है।700 ट्रांसफार्मर का उच्चीकरण कराया गया। श्रीमती गांधी ने कहा पिछले 5 सालों में मैंने सबकी मदद की है। उन्होंने कहा आप कभी और कही भी मुश्किल में हो हमारे दरवाजे मदद के लिए खुले रहेंगे।

# नाम वापसी की तिथि समाप्त, नहीं वापस हुआ एक भी नामांकन

## 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 09 उम्मीदवार मैदान में



**सुलतानपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार की उपस्थिति में आज रिटर्निंग ऑफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा अवगत कराया गया कि 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी की तिथि अपरान्ह 3:00 बजे समाप्त हो गयी, एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। उन्होंने बताया कि 09 प्रत्याशियों का नामांकन फाइनल हुआ है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गाँधी, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ0 शिवशंकर इण्डियन, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मावूद, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ व उदयराज वर्मा शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुरूप सभी को चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये हैं, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः-भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गाँधी का चुनाव चिन्ह कमल, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद का चुनाव चिन्ह साइकिल, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा का चुनाव चिन्ह हाथी, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ0 शिवशंकर इण्डियन का चुनाव चिन्ह कैंची, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मावूद का चुनाव चिन्ह प्रेशर कुकर, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश का चुनाव चिन्ह कटहल, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल का चुनाव चिन्ह फूलगोभी, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ का चुनाव चिन्ह बाल्टी व उदयराज वर्मा का चुनाव चिन्ह एअरकंडीश्नर आवंटित किया गया है।

# अवैध शराब व लहन बरामद, पकड़े गए कारोबारी पर अभियोग पंजीकृत



**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ अरविंद कुमार वर्मा आबकारी सिपाही, शशि प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद इरफान एवं संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 लंभुआ मय स्टाफ विजय बहादुर सरोज आबकारी सिपाही के साथ ग्राम चुनहा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 01अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस तरह प्रवर्तन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि लोस चुनाव के चलते आबकारी विभाग लगातार क्षेत्रों में तलाशी व छापेमारी अभियान चला रहा है। अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है।

# घमंडिया गठबंधन है चेहरा देखकर करता है काम -नड्डा

## विपक्ष पर जमकर बरसे कहा आज का समय परिवर्तन का




**चित्रकूट:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरूवार को बेडीपुलिया स्थित मैदान मे एक जनसभा को सम्बोधित करते हुये विपक्ष पर जमकर हमला बोला, बाँदा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आर.के.सिंह पटेल के समर्थन मे उन्होंने उमडे जनसैलाब से से वोट की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि जिस पावन धरती पर भगवान राम ने साढे ग्यारह वर्ष बिताये वहाँ आकर मैं खुद को धन्य समझता हूँ, महाराणा प्रताप की जयंती पर चित्रकूट की पावन भूमि से उन्हें भी याद करके नमन किया, विपक्ष पर हमलावर होकर उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत के सामान्य नागरिक के मन में ये विचार घर कर चुका था कि अब कुछ बदलने वाला नहीं है, राजनीति ऐसी ही होती है, यहां गुंडों का राज चलता रहेगा, लेकिन पीएम मोदी के आने बाद भारत की राजनीति में सबकुछ बदला है, ये चुनाव आप भाजपा को तो जीता ही रहे हैं, साथ ही आप विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर चल पडे हैं। 10 साल भारत की राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद, व्यक्तिवाद, भ्रष्टाचार, वोटबैंक और तुष्टीकरण ही चलता था, लेकिन पीएम मोदी ने 10 साल में जातिवाद, क्षेत्रवाद और तुष्टीकरण की राजनीति के साथ लोहा लेते हुए, विकासवाद की राजनीति को आगे बढाया और मंत्र रखा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। आज देश में रिपोर्ट कार्ड, जवाबदेही, विकासवाद और सबको साथ लेकर चलने की राजनीति चल रही है। पीएम मोदी की संस्कृति है, जो कहा था, वो किया है और जो नहीं कहा था, वो भी करके दिया है। पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात करते हुए गांव, गरीब, शोषित, वंचित, पीडित, युवा, किसान और महिलाओं को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन आज पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में आकर खडा हो गया है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अब चित्रकूट को भी शामिल कर लिया गया है।इसके यहां आने से चित्रकूट और बांदा की तस्वीर बदल जाएगी और यहां के नौजवानों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। ये घमंडिया गठबंधन केवल दो बातों का गठबंधन है। पीएम मोदी कहते हैं भ्रष्टाचारी हटाओ, घमंडिया गठबंधन वाले कहते हैं - भ्रष्टाचारियों को बचाओ। ये घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावडा है। ये सब परिवारवादी लोग हैं। आजकल राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर घूम रहे हैं। संविधान में बाबा साहेब अंबेडकर ने लिखा है कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं होगा। जबकि कांग्रेस हमारे दलित, आदिवासी, पिछडे और अतिपिछडा भाइयों के अधिकार पर डाका डालकर धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। राहुल गांधी के एक सिपहसालार और सलाहकार ने चमडी के आधार पर भारत को बांटने की बात की है। ऐसे लोग भारत की संस्कृति के साथ खिलवाड कर रहे हैं।

## हस्ताक्षर अभियान के जरिए मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

**चिकत्रूट:** युवा उद्योग व्यापार मंडल चित्रकूट व बैंक ऑफ बडौदा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत बैंक ऑफ बडौदा परिसर कर्वी में की गई।

अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम व उप जिलाधिकारी आलोक सिंह ने लोगो से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करे तथा अपने आस पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करे। शाखा प्रबंधक राकेश मिश्र ने कहा कि बैंक द्वारा लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में चित्रकूट वासियों से बढ-चढ कर वोट करने की अपील की। इस मौके पर युवा व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता, मोहित जैन, शुभम गुप्ता, राम गुप्ता, दीपक, यश केसरवानी, रोहित कश्यप, जेके गुप्ता, बलवीर सिंह, अभय, रविंद्र, राकेश सिंह, देवेंद्र, वंदना, रामनरेश, संदीप मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, बाबूलाल, देवेंद्र, युवा नगर अध्यक्ष शुभम पहाडिया आदि मौजूद रहे।

## बाल बंदियों को दी गयी सही मार्ग पर चलने की सलाह



**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया।

प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में यहां विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन है जो जरूरतमंद लोगों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। उन्होंने जेल में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बाल बंदियों से वार्ता की और कहा कि वह लोग किसी गलती के कारण यहां निरूद्ध हैं। यहां से निकलने के बाद सभी लोग एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं।

जेल में निरूद्ध रहते हुए शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर बाल बंदी स्वयं को ऐसा योग्य बना लें कि जेल से रिहा होने के बाद नई पहचान के साथ समाज में सम्मानजनक स्थान बनाएं और दूसरे को भी प्रेरणा दे सकें।

इस दौरान उन्होंने महिलाओं को कौशल विकास मिशन के तहत सिलाई कार्य के प्रशिक्षण का अवलोकन किया और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जेल से रिहा होने के बाद इस हुनर के बल पर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने जेलर को निर्देश दिए कि ऐसे बंदी जिनके पास अधिवक्ता नहीं हैं, उनको निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए बंदियों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेज दें।

जेलर संतोष कुमार वर्मा ने बाल बंदियों से कहा कि बाल कारागार एक परिवार का समूह है। जिसमें सबको समानता का अधिकार है। बाल बंदियों को अच्छी शिक्षा, खेलकूद के सम्बन्ध में भी उन्होंने जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण्र के लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सहायक अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह ने निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर जेलर चितरंतन श्रीवास्तव, बृजकिशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामानुजन, डॉ विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

## मध्यस्थता केन्द्र में समाप्त कराया गया पति-पत्नी का विवाद



**चित्रकूट:** परिवारिक विवाद के बाद मुकदमा दायर करके लगभग 18 माह से अलग रहे पति-पत्नी के बीच मध्यस्थता केन्द्र में गुरूवार को सुलह करा दी गयी। साथ ही न्यायालय परिसर से ही लड़की को ससुराल के लिए रवाना कर दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में गुरूवार को मध्यस्थता केन्द्र में परिवारिक विवाद में सुलह कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि रीना बनाम अमित धारा 125 सीआरपीसी व रीना उर्फ सिंकी बनाम अमित उर्फसुमित धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के वाद रीना द्वारा परिवार न्यायालय में दायर किए गए थे। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने इन दोनों पत्रावलियों को सुलह समझौते के लिए संदर्भित किया था। लगभग 18 माह से परिवार न्यायालय में लगे इस मामले में मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता रविशंकर शुक्ला के प्रयास से सुलह समझौता हो गया है।

इसके चलते लगभग 18 माह से अलग रह रहे दोनों पक्ष एक साथ रहने के लिए सहमत हो गए और सुलह नामा दायर किया गया गया।

जिसके बाद एक साथ रहने के लिए न्यायालय परिसर से ही लड़की को ससुराल भेजा गया। इस दौरान दोनों पक्षों के परिवारिकजन मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 29 लीटर कच्ची शराब बरामद की। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक यूटी अनुभव वर्मा तथा उनके हमराही द्वारा पप्पू पटेल निवासी खांच मजरा रुकमा बुजुर्ग को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एफएसटी/एसएसटी टीमों द्वारा विभिन्न बैरियर पर चलाये जा रहे जांच अभियान के क्रम में थाना बरगढ क्षेत्रान्तर्गत जांच डियूटि पर तैनात एफ्टीएस टीम द्वारा जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार अखिल कुमार पाठक उर्फसचिन पाठक निवासी गडरा मजरा रेरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

## धर्मनगरी में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती




**चित्रकूट:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा गुरूवार को वीरता शौर्य त्याग साहस स्वाभिमान एवं देश भक्ति के प्रतीक मेवाड के शूरवीर राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती जनपद के विभिन्न ब्लाकों में हर्सोल्लास के साथ मनाई गई।

जिला मुख्यालय में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह के आवास पर राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जिसमे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला संयोजक विनोद सिंह हाडा ने कहा कि मां भारती के अमर सपूत महाराणा प्रताप के जीवन एवं व्यक्तित्व से संपूर्ण राष्ट्र प्रेरणा प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी में महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़कर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया। यह कार्य बहुत ही निंदनीय है। राष्ट्र नायको का अपमान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इस कृत्य की घोर निंदा करता है। राष्ट्र नायको की गरिमा का ध्यान रखना समस्त देशवासियों का कर्तव्य है।

इसी प्रकार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष कुवर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में धूस मैदान स्थित संगठन जिला उपाध्यक्ष मानेन्द्र प्रताप सिंह के आवास में महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न शिक्षा बोर्ड में उत्तीर्ण हुए हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की श्रेष्ठता सूची में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी सामाज के लोगों ने महाराण प्रताप के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के महामंत्री पत्रकार अरविन्द सिंह रघुवंशी, आशीष सिंह, डॉ सीएन सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, अम्बुज सिंह, साधना सिंह, अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा शिवरामपुर व भरतकूप में जयंती समारोह जिला उपाध्यक्ष हेम सिंह प्रधान टिटिहरा के नेतृत्व में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गई।

साथ ही रामनगर ब्लॉक में ब्लाक अध्यक्ष राहुल सिंह व जिला महामंत्री महान सिंह के नेतृत्व में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। मऊ ब्लाक में जिला संरक्षक राघवेंद्र सिंह व जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह हाडा व पूर्व प्रधान बबुरी पप्पू सिंह द्वारा जयंती मनाई गई। साथ ही मानिकपुर में संतू सिंह के आवास में ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह कछवाह के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। जिसमे संग्राम सिंह, गुलाब सिंह, प्रदीप सिंह, अरूण सिंह, मिंटू, राघवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। सरधुआ इण्टर कॉलिज में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमें जिला संरक्षक लाल बहादुर सिंह, ऋषिकेश सिंह, पूर्व प्रधान बबुआ सिंह, अमरदीप सिंह, राममिलन सिंह, विनय सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह, फूल सिंह, मधुसूदन सिंह, जिला महामंत्री सुनीत सिंह, जिला मंत्री दिवाकर सिंह, बच्छराज सिंह, बीरबल सिंह, तहसील अध्यक्ष सुशांत प्रताप सिंह, अनूप सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशाम्बी में आगामी लोकसभा चुनावों में वोटों की महत्ता एवं एक एक वोट देश के विकाश में कितना महत्वपूर्ण है इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन विद्याश्रम के छात्रों द्वारा किया गया जिसमे प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में समस्त नागरिकों से पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील करते हुए बताया कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है इसलिए हर एक नागरिक मतदान कर देश के विकाश में अपना अहम योगदान दे सकता है।उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट करने के लिए अपील किया। देश के विकाश में मतदान कैसे और क्यों आवश्यक है ये बात छात्रों द्वारा पोस्टर बैनर के माध्यम से अनेक प्रकार के स्लोगन लिखकर लोगों से अपील किया गया। निदेशक संदीप सक्सेना एवं समस्त अध्यापकों ने भी लोगो से वोट करने एवं वोटों की प्रति जागरूकता फैलाने की अपील किया।

## डीएम व एसपी ने लिया मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का जायजा



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरूवार को मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में चल रहे दोनों पालियों में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया तथा ईवीएम में मतदान सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दिए जाने के विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। प्रशिक्षण कक्ष में मतदान सम्बन्धी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्सों से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दे ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम मशीन के संचालन से सम्बन्धित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त करले और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर लें। मास्टर ट्रेनर्सों ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन का संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी मतदान कार्मिकों को दी गई। प्रशिक्षण 12 कक्षाओं में संपादित कराया जा रहा था, जिसमें 120 पोलिंग पार्टियां प्रथम पाली एवं 120 पोलिंग पार्टियों द्वितीय पाली में प्रशिक्षण लिया। पोलिंग पार्टियों में पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तथा तृतीय मतदान अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने पोलिंग पार्टियों से कहा कि अच्छी तरह से मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए समझ लें। मतदान के दौरान किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करना है आप लोगों को और ना ही किसी प्रकार का मध्य निषेध व धूम्रपान कोई मतदान कार्मिक करेगा, यह आप लोग सुनिश्चित कर लें। उन्होंने मतदान कार्मिकों के लिए 236-चित्रकूट एवं 237-मानिकपुर विधानसभा में बनाए गए पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान बूथों का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवकली रामकेश प्रथम मतदान अधिकारी को शराब के नशे में पाए जाने पर उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराकर प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, सतीश चन्द्र, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ के निर्देश पर गठित टीम ने नार्सिंग होम का किया निरीक्षण, किया सीज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी के निर्देशानुसार जनपद में झोला छाप चिकित्सक के विरुद्ध अभियान के क्रम में गठित टीम डॉ0 एच0पी0 मणि उप मुख्य चिकित्साधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा गुरूवार को सुशीला नार्सिंग होम सिराथू रोड़ सैनी फायर ब्रिगेड के पास सैनी कौशाम्बी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रबन्धक अरबिन्द पाल उपस्थित मिले जिन्हाने बताया कि डाक्टर साहब प्रयागराज चले गये है नार्सिंग होम के पंजीकरण से सम्बन्धित दस्तावेज नही प्रस्तुत कर सके इसलिए पंजीयन एवं योग्य चिकित्सक के न उपस्थित होने के कारण सुशीला नार्सिंग होम को सीज कर दिया गया।

# परशुराम जयंती आज, कार्यक्रम में रहेगी चइला महाराज की जुबां पर नजर

## माननीय बनने के बाद भी महाराज की बदजुबानी से आहत सजातीयों का बड़ा वर्ग कार्यक्रम से दूरी बनाने को मजबूर



**बांदा।** शहर के एक मैरिज हाल में 10 मई को आयोजित परशुराम जयंती कार्यक्रम को यूं तो चुनावी राजनीति के लिहाज से खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा, लेकिन कार्यक्रम में अनेक दिग्गजों के साथ कुछ दिनों से चइला महराज के रूप में चर्चित हुए माननीय की संभावित उपस्थिति को लेकर लोगों को असहज भी देखा जा रहा है। समाज के लिए माननीय की कथित बदजुबानी से आहत एक बड़ा वर्ग युवाओं की अगुआई में कार्यक्रम से दूरी बनाना अपनी मजबूरी बताने में कोई संकोच नहीं कर रहा है। देखना होगा कि क्या स्थिति बनती है और उसका क्या असर होता है।

आयोजन में बड़ी भागीदारी की रूपरेखा तैयार की गई है। किंतु रूपरेखा बनाने वाले बताते हैं कि कार्यक्रम में तमाम दिग्गजों समेत चइला महराज माननीय की उपस्थिति को लेकर लोग असंतोष व्यक्त करते हैं। हाल ही में एक कथा पूजन कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से समाज के लोगों को लतियाने गरियाने वाले कथित बयान का हवाला देकर लोगों ने कार्यक्रम से दूरी बनाने की मजबूरी जताई है।

इधर ब्राम्हण समाज के लोगों ने बातचीत में खुलकर प्रतिक्रिया दी। दिनेश कुमार द्विवेदी, अविनाश पांडे, अरुण शुक्ला दयाशंकर तिवारी, चंद्रकांत आदि कहते हैं कि उन्हें नहीं पता कि सजातीय माननीय की बदजुबानी जुबान का फिसलना है या शरारत या फिर कोई राजनैतिक हथकंडा। लेकिन यह सच है कि इससे समाज के लोगों की भावना को ठेस लगी है। यह भी सही है कि यह पहली बार नहीं है। ऐसी बदजुबानियों के चलते ही वह चइला महराज भी कहलाने लगे हैं। नापसंद लोगों पर सत्ता का चाबुक चलाना और अपमानित करना भी माननीय का प्रिय शगल है।

## झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म, शिकायत लेकर पहुंची थाने

**प्रयागराज।** घूरपुर थाने में एक अजीब तरह का मामला आया, जिसे देखकर थाने का स्टाफ चौंक गया। दिन में लगभग तीन बजे थाने पहुंची एक महिला शिकायती पत्र लिए वहां मौजूद दरोगा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। दरोगा के पूछने पर महिला ने बताया कि वह पास के एक गांव की रहने वाली है। चार माह पूर्व गांव के ही एक युवक से उसके नाजायज संबंध हो गया। युवक ने महिला से संबंध बनाने के लिए प्रतिमाह 12 हजार रुपये देने को कहा था।

## लोकतंत्र बचाने के लिए पीडीए सरकार जरूरी -नसीर उद्दीन राईन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** 51 लोकसभा फूलपुर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा रावत व नगर अध्यक्ष सुबूही सिद्दीकी के नेतृत्व में नगर पंचायत फूलपुर मोहल्ला इस्लामाबाद, कैथाना, कोहना आदि मोहल्लो में समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील किए इस दौरान प्रतिमा रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब, किसान, नौजवान, रोजगार के लिए भटक रहा महिलाओं के साथ आयें दिन अत्याचार बलात्कार हत्याएं हो रही है ऐसे में सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन व सभासद अरशद उल्लाह ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पूर्व में वादा किया था उसे निभाया है अब पुनः अपने घोषणा पत्र में कहा कि गरीबों को गेहूं की जगह आटा और डाटा मुफ्त, महिलाओं को तीन हज़ार रुपए प्रति माह, पुरानी पेंशन ( ओपीएस ) को पुनः लागू करेंगे और किसानों की कर्ज माफ़ी, मुफ्त सिंचाई, वृद्ध किसानों को पेंशन, व संविधान की हिफाजत एवं सामाजिक न्याय के लिए संविधान बचाने व लोकतंत्र बचाने के लिए समाजवादी पार्टी को वोट दे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# भाजपा प्रत्याशी ने विकास खंड राही व अमावां के दर्जनों गांवो का भ्रमण कर की नुक्कड़ सभायें, मांगा आर्शीवाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री 36 लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने विकास खंड अमावा के रसूलपुर, संदी नागिन व राही ब्लॉक के बंदरामऊ, मेजरगंज, खागीपुर सड़वा सहित दर्जनों गांवो का भ्रमण कर आर्षीवाद मांगा। इस दौरान आयोजित कई जनसभाओं व नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित किया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने बेटे के नामांकन में 3 मई को रायबरेली आई और धूप में खड़ी रही, सिर्फ अपने बेटे के लिए। रायबरेली के बेटो के लिए वह काम वह कभी नहीं आई ना कभी खड़ी हुई। पूरे 5 साल में यह लोग कभी रायबरेली दिखाई नहीं पड़े। चुनाव आते ही यह महारानी-महाराजा अपने पूरे कुनबे के साथ आपकी चौखट पर सिर्फवोट मांगने के लिए आते हैं। चुनाव में नकली गांधी आए हैं, जो तीन पीढियों के रिश्ते की बात कर परिवार की बात करते हैं। जिनका रायबरेली के किसी भी परिवार के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं है। सिर्फ वोट मांगने के समय दिखाई देते हैं।

यही नहीं उन्होंने कांग्रेस पर निशाना चाहते हुए कहा कि नकली गांधी परिवार ने रायबरेली के गौरवशाली इतिहास पर मिट्टी डालकर नकली गांधी परिवार लिखने का काम किया है। उन्होंने कहा रायबरेली का अपने आप में गौरवशाली इतिहास है। रायबरेली परशुराम के पिता महर्षि जम्दंग्नि, वीरा पासी, राणा बेनी माधव बक्ष सिंह, गोकर्ण ऋषि, डल्भय ऋषि की तपोभूमि है जिनके इतिहासों पर कांग्रेस ने मिट्टी डालने का काम किया है।

इस दौरान वीरेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष मावा शत्रुधन, प्रधान संधि नागिन नारायण श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान दिलीप द्विवेदी, मंडल प्रभारी बृजेश सिंह, महामंत्री राजाराम पासी, मंडल मंत्री अनिल सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक सहित प्रधान अवधेश मौर्य, अनुज पटेल, वेद प्रकाश पांडे, अनुज मौर्या प्रभारी मंडल राही, नीलम गुप्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष राही, अमन जायसवाल प्रधान राही सैकड़ो कार्यकर्ता व हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

## 12 मई को अमितशाह और 13 को मुख्यमंत्री आएंगे

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस के गढ़ घेरने की तैयारी जारी हो गया है।जिसको लेकर जिले में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमितशाह जीआईसी मैदान में सुबह दस बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे तो वहीं 13 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐहार में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।जिसकी जानकारी भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने दी।

## राहुल गांधी दो सीटों से चुनाव लड़कर रायबरेली के साथ कर रहे धोखा-दिनेश प्रताप सिंह

**रायबरेली।** राज्य मंत्री ने कहा राहुल गांधी वायनाड से नामांकन कर चुनाव लड़कर आए हैं और अब रायबरेली में भी अपना नामांकन कर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में गांधी परिवार के पोषक लोग रायबरेली की जनता को सिर्फठगने और धोखा देने का काम किया है। उन्होंने कहा सोनिया गांधी रायबरेली से लगातार पांच बार सांसद बन चुकी हैं। लेकिन जैसे ही उनका 2024 की लोकसभा चुनाव में रायबरेली से हार जाने की खुशबू महसूस हुई, वैसे ही रायबरेली को बाय-बाय कर राजस्थान पहुंच गई। ऐसे में रायबरेली की जनता के साथ उन्होंने एक बहुत बड़ा धोखा किया है। इस बार रायबरेली का आम जनमानस रायबरेली से कमल खिलाकर अंग्रेज मुक्त रायबरेली बनाएगा। सभा को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया और साथ ही रायबरेली में भी किए गए विकास कार्यो को गिनवाया।

# महाराणा की शौर्य गाथा को याद कर मनाई जयंती




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महाप्रतापी शूरवीर महाराणा प्रताप की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों संग महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर भारतमाता के इस वीर सपूत को नमन किया। विद्यालय के छात्र अभिजीत,भाव्या और श्रेया ने बहुत ही रोचक ढंग से गीतों और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा और उनके जीवन वृत्तांत का वर्णन किया इतना ही नहीं छात्र वेदांत ने महाराणा की भूमिका में मूंछों पर ताव देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों में जोश भर दिया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम गौरवान्वित है कि आज हमे एक महान योद्धा और मातृभूमि के प्रति समर्पित नेता को श्रद्धांजलि देने का अवसर मिल रहा है। महाराण प्रताप की वीरता,साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणा का अटूट स्रोत है। उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अदम्य साहस और बलिदान का परिचय दिया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा कि हम सभी भाग्यशाली है जो हमने उस धरती पर जन्म लिया जहां महाराणा प्रताप जैसे वीर हुए। आइए हम सभी महाराणा की शक्ति और साहस से प्रेरणा लेते हुए संकल्प ले कि हम हर समय अपने देश के सम्मान के लिए लड़ते रहेंगें। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान,शिवकरन पाल,शाहीन खान, धर्मेद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव,आर जू यादव,रामदेव,अभिषेक भारद्वाज,पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं,विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने मुंशीगंज स्थित किसान शहीद स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने मुंशीगंज, रायबरेली स्थित किसान शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। 1920-21 के असहयोग आंदोलन के दौरान अवध में किसान आंदोलन छिड़ गया। यह आंदोलन बाबा रामचंद्र और मदारी पासी के नेतृत्व में चला था। आंदोलन के दौरान रायबरेली के मुंशीगंज में भयानक गोलीकांड हुआ। 7 जनवरी 1921 को सई नदी के पुल पर किसानों को घेरकर गोलियों से भून दिया गया था। इसकी सूचना मिलने पर पंडित मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू जी रायबरेली पहुंचे थे और पीड़ित किसानों से मुलाकात की। इस नरसंहार के यह आंदोलन और तेज हुआ तो मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में शहीद किसानों की याद में यहां पर शहीद स्मारक बनाया गया। 1921 में रायबरेली की जनता के साथ शुरू हुआ कांग्रेस का यह रिश्ता आजतक कायम है।

# भारत के महान सपूत महाराणा प्रताप को शत शत नमन:प्रदीप पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली द्वारा संचालित प्रातः दैनिक निःशुल्क योग शिविर में महाराणा प्रताप सिंह की जयंती मनाई गई।भारतीय इतिहास में राजपुताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रनबाकुरो ने देश, जाति, धर्म तथा स्वाधीनता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में कभी संकोच नहीं किया। उनके इस त्याग पर संपूर्ण भारत को गर्व रहा है। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया।

इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना एक विशिष्ट स्थान है जिसमें इतिहास के गौरव बप्पा रावल, खुमान प्रथम महाराणा हम्मीर ,महाराणा कुंभा महाराणा सांगा, उदय सिंह और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने जन्म लिया है।

उक्त बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने व्यक्त किया।योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि सवाल यह उठता



है कि महानता की परिभाषा क्या है? अकबर हजारों लोगों की हत्या करके महान कहलाता है और महाराणा प्रताप हजारों लोगों की जान बचाकर भी महान नहीं कहलाते हैं दरअसल, हमारे देश का इतिहास अंग्रेजों और कम्युनिस्टों ने लिखा है। उन्होंने उन उन लोगों को महान बनाया जिन्होंने भारत पर अत्याचार किया या जिन्होंने भारत पर आक्रमण करके उसे लूटा, भारत का धर्मांतरण किया और उसका मान मर्दन कर भारतीय गौरव को नष्ट किया।

अध्यात्मिक साधक अमर जीत, डॉ मुकुल शर्मा,सरला मौर्या, श्रेष्ठा शुक्ला, कोमल सिंह, राज अग्रहरि, सिद्धार्थ दुबे, आशीष मिश्रा, आर्ची तिवारी, रेखा सिंह, आरके सिंह, सीमा सिंह उपस्थित रहे।

# आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनकी जीवनी पर हुई चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जयंती पर आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की राही ब्लाक परिसर और दौलतपुर स्थित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। हिंदी प्रेमियों ने ''आचार्य द्विवेदी अमर रहे'' के नारे भी लगाए। उनकी जीवनी पर प्रकाश भी डाला गया। राही विकासखंड परिषद स्थित प्रतिमा और माल्यार्पण के बाद आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने कहा कि आचार्य द्विवेदी का जन्म 9 में 1864 को दौलतपुर में हुआ था। उन्होंने खड़ी बोली हिंदी का निर्माण किया। सरस्वती के संपादन के दौरान उन्होंने साहित्यकारों की नई पीढ़ी भी बनाई। उत्तर प्रदेश बड़ौदा बैंक कर्मचारी कल्याण संगठन के संरक्षक विनोद शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष आचार्य द्विवेदी की स्मृतियां पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सुनील ओझा, लंबू बाजपेई, करुणा शंकर मिश्रा, राकेश मोहन मिश्रा आदि मौजूद रहे। उधर दौलतपुर स्थित प्रतिमा पर आचार्य विनय कुमार शुक्ल समेत तमाम गांव वालों ने जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया। सभी लोगों ने संकल्प लिया कि आचार्य द्विवेदी के बताएं रास्ते पर चला जाएगा।

# कांग्रेसी नेता अतुल सिंह ने कांग्रेस पार्टी का गारंटी कार्ड वितरित कर की राहुल को जिताने की अपील



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के पूरे गनपी,रामसांडा,मेलखा साहब,पूरे बल्दी,बेही खोर आदि गांवों में चौपाल एवं जनसम्पर्क कर कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने कांग्रेस पार्टी का गारंटी कार्ड वितरित किया।इस अवसर पर श्री सिंह ने इंडिया गठबंधन से रायबरेली के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है।श्री सिंह ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी के प्रत्येक कार्यक्रम में कड़ी धूप में भी हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि रायबरेली का विकास सिर्फकांग्रेस पार्टी ने किया है।एम्स अस्पताल,एनटीपीसी,रेल कोच फैक्ट्री आदि गाँधी परिवार की देन है।2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही रायबरेली सहित पूरे देश का विकास कराया जायेगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष शम्भू शरण पाल,अनिरुद्ध दीक्षित,राघवेंद्र सिंह,भोला साहू,राजेश सिंह,युवा नेता रवि सिंह,अमर बहादुर यादव पूर्व प्रधान,अतेन्द्र सिंह,केशरी प्रसाद तिवारी,अमित सिंह,भुललन यादव,मोहम्मद आजम,राधेश्याम यादव,रामदेव साहू,अनुराग साहू,सूरज गौतम,दिनेश कुमार,हितेन्द्र यादव, विश्राम यादव,पूर्व प्रधान राम सजीवन,बाबा राममिलन,ऊदल कुमार,कृष्णा पासी,गुड़िया देवी,राकेश तिवारी,प्रमोद मिश्रा,मनोज सिंह,तेज बहादुर सिंह,राजाराम मौर्या,राधेश्याम मौर्य,राम प्रताप साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर



**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जजध्सचिव ने जेलर हिमाँशु रौतेला से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया।

शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल हिमाशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल, कंचनलता व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में रायबरेली के पदाधिकारियों ने की सहभागिता

**लोकमित्र ब्यूरो**



**रायबरेली।** रायबरेली लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कार्यालय में बैठक बुलाई गई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में रायबरेली, उन्नाव,मोहनलालगंज सहित चार लोकसभा सीटों के जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, लोकसभा संयोजक शामिल हुए। बैठक में रायबरेली से जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ,सरोज गौतम ,अरविंद श्रीवास्तव,कृष्ण जीवन तिवारी और विधानसभा प्रभारी अनुभव कक्कड़ ,विनोद बाजपेई, सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, जन्मेजय सिंह आदि पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में शामिल होने के बाद जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी बताया कि हम सभी को बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का बहुत ही सारगर्भित मार्गदर्शन मिला है। उनके मार्गदर्शन से हम लोगों में और अधिक चुनाव जीतने के बाबत उत्साह का संचार हुआ है ।हम लोग निश्चित रूप से रायबरेली लोकसभा सीट जीतेंगे। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की बैठक में शामिल होने के बाद हम लोग एक निश्चित योजना के अनुसार चुनाव प्रचार प्रारंभ करेंगे और रायबरेली सीट जिता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे।

# बैसवारा महाविद्यालय में वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश फॉर्म वितरण प्रारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज में आज आयोजित प्रेस वार्ता में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2024-25 में बी .ए .प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर, बी .एस .सी .प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर, परास्नातक प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर, में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है । महाविद्यालय ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया को नि रूशुल्क रखा है । निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत छात्र एवं छात्राएं महाविद्यालय से प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए 'एन .सी .सी .की 320 से अधिक' सीटें उपलब्ध हैं तथा महाविद्यालय में 'योग्य अनुभवी तथा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों' द्वारा नियमित कक्षाओं का संचालन होता है। कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ योग्य शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाओं का भी संचालन किया जाता है। जिससे छात्र छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सफलता अर्जित करने में पूर्णतया सफल होते हैं। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ छात्र छात्राओ को मिलता है स गत वर्ष सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल एवं टैबलेट सभी छात्र -छात्राओं को वितरित किए गए । वर्ष 2022-23 में महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 97 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में आयोजित किये गये महाराणा प्रताप जयंती के कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सिसौदिया कुलभूशण महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण सह पुश्पांजलि अर्पित कर वीर योद्धा को नमन किया।इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा द्वारा महाराणा के जीवन से जुड़ी अनेक जानकारियों से अवगत कराते हुए बताया गया कि महाराणा प्रताप राजपूतों के सिसौदिया वंश से थे। वे मुगल साम्राज्य की बढ़ती ताकत के खिलाफ अपने सैन्य प्रतिरोध के लिए जाने जाते हैं। वे युद्ध-कला और नीति- निर्माण में निपुण थे। उन्हें एक सच्चा देशभक्त माना जाता है। महाराणा प्रताप जयंती अत्याचार के खिलाफ बहादुरी और प्रतिरोध की भावना का जश्न मनाने का दिन है। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि राणा की प्रेरणादायक विरासत हमारे भीतर अपने देश के प्रति गहरा प्रेम पैदा करे, जो हमें अटूट दृढ़ संकल्प के साथ इसके सम्मान की रक्षा करने के लिए प्रेरित करे। वास्तव में हम भाग्यशाली हैं कि हमारा देश महान नायकों की उल्लेखनीय कहानियों से समृद्ध है, जो हमारे भीतर अपने राश्ट्र के प्रति गहरा प्रेम जगाती हैं। राणा की बहादुरी, ताकत और देशप्रेम की भावना भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# खलिहान में आग लगने से भूसा व पुआल जलकर राख



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बुधवार को देर रात अज्ञात कारणों से खलिहान में आग लगने से बीस बीघा गेहूं की पुआल व भूषा जलकर राख हो गया । सूचना पर पुलिस मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचित किया लेकिन समय से न पहुँचने से पूरी तरह से जल गया । जिससे मवेशियों के लिए संकट उत्पन्न हो गई ।

खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम नीबी निवासी हरिश्चंद्र मिश्रा, धर्म राज मिश्रा, धर्म प्रकाश मिश्रा, इन्द्र प्रकाश मिश्रा, कृष्णा प्रकाश मिश्रा पांच लोगों का एक ही स्थान पर तीन दिन पूर्व गेहूं की मड़ाई किया गया था । जो चिलमिलाती धूप के कारण घर में नहीं रख सके । वहीं अज्ञात कारणों से आग लगने पर पूरी तरह भुसा व पुआल जलकर राख हो गया है ।

धर्म प्रकाश मिश्रा ने बताया कि घर में दस मवेशी है । उनके खाने के लिए यह तैयार किया गया था । लेकिन जल जाने से मवेशियों के लिए संकट उत्पन्न हो गया । जबकि उंचे दामों में खरीद कर चारा देना मुश्किल है । जिससे उन गौवंशों को किसी गौशाला में रखने के लिए मजबूर होना पड़ेगा ।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए खीरी थाने में फायर ब्रिगेड की गाड़ी की समुचित व्यवस्था कराने जाने कीं मांग की है । ताकि समय रहते आग लगने पर काबू पाया जा सके ।

# डग्गामार में सफर करना मजबूरी, रोडवेज बस है जरुरी

## रोडवेज बसों की कमी और निजी वाहनों की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** डिजिटल युग में भी लोगों को डग्गामार से यात्रा करनी पड़ रही है । यात्रियों से मनमाना किराया वसूल किया जाता है । डग्गामार से सफर करना खतरे से खाली नहीं है । क्योंकि इनमें ज्यादातर वाहन खटारा है । कोरांव तहसील मुख्यालय से जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन न होने से डग्गामार



से यात्रा करना लोगों की मजबूरी बन गई है ।

जिला प्रशासन सहित प्रदेश सरकार से कई बार फरियाद के बाद भी रोडवेज बसों का संचालन नहीं शुरू किया जा सका है । रोडवेज बसों की कमी और निजी वाहनों की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है । नगर पंचायत कोरांव मे वर्ष 1969 मे बनाया गया सरकारी बस स्डैड रखरखाव एवं मरम्मत के अभाव में बदहाली का शिकार हो गया है । उक्त बस स्डैड से जिला मुख्यालय तक का सफर डग्गामार वाहनों से करना पड़ रहा है । निजी वाहन संचालकों का बस अड्डे पर पूरी तरह से कब्जा है ।

इन वाहनों से यात्रा करने वाले लोगों से किराया की मनमानी वसूली की जाती हैं । विरोध करने पर बस परिचालक एवं यात्रियों के बीच में आए दिन विवाद भी होता रहता है । कोरांव, लेड़ियारी, बड़ोखर, खीरी, टौगा, देवघाट, अयोध्या, बहरैचा, देईबांध, रतेवरा, कैथवल, करपिया, बिरहा ,बडोखरा , गोबरा, खिवली ,भोगन सहित दूर दराज के गांवों के लोगों को डग्गामार वाहनों के भरोसे यात्रा करनी पड़ रही है । इन वाहनों में यात्रियों को भूसे की तरह ठूस कर भरा जाता है । यात्रियों के उचित प्रभावी सुव्यवस्थित किफायती सड़क परिवहन सेवाएं प्रदान करने की बात करने वाले विभाग के दावे पूरी तरह से हवा हवाई साबित हो रहे है ।

### क्या कहते गांव के लोग

परिवहन निगम की बसे न चलने से डग्गामार वाहनों से यात्रा मजबूरी बन गई है । अनियंत्रित गति से चलने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है ।
**डा, सुनील कुमार कुशवाहा लेड़ियारी ।**

जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर यात्रा करने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है । परिवहन निगम की बसे संचालन से यात्रियों को सुरक्षित एवम समय से गतव्य पर पहुंचने में आसानी होगी ।
**सत्य प्रकाश मिश्रा लेड़ियारी ।**

परिवहन निगम की बसों के न चलाये जाने से डग्गामार वाहनों में यात्रियों से ज्यादा किराया लिया जा रहा है । मनमानी का विरोध करने वालों से मारपीट की जाती हैं ।
**राम बली बिंद ग्राम प्रधान धोबहट**

निजी वाहनों से यात्रा करने में दुगुना किराया देना पड़ता है । सीट से ज्यादा सवारियों को बैठाया जाता है । वाहन को बार-बार रोकने से समय भी ज्यादा लगता है ।
**विनोद कुमार दुबे प्रधान प्रतिनिधि कैथवल**

कोरांव से जिला मुख्यालय तक सरकारी बसों के संचालन के लिए परिवहन मंत्री से मांग की गई थी । इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त समस्या को रखते हुए बसों के संचालन की मांग की जाएगी ।
**संतोष कुमार द्विवेदी पूर्व साधन सहकारी समिति अध्यक्ष गोबरा**

मुद्दे की बात लोग भुलाने पर तुल गए
यादों की थपकियों से सुलाने पर तुल गए
जिनको नहीं है आसमान छूने के हौसले
धरती पर चांद तारे बुलाने पर तुल गए।
**प्रीता वाजपेयी**



# स्वीप द्वारा मतदाता साक्षरता एवं जागरुकता अभियान

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय परिसर मे गुरुवार को स्वीप और राष्ट्रीय सेवा योजना विवि परिसर इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक मतदाता साक्षरता एवं जाकरूकता सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्री पी.एन.सिंह रहे । उन्होंने स्वयं सेवकों को एवं छात्र-छात्राओं को मतदान की महत्ता, जागरूकता एवं महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। विवि के मान. कुलपति डॉ.अखिलेश कुमार सिंह द्वारा इस अवसर पर सभी को शुभकामनाये दी और मतदान के लिए अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की प्रेरणा दी गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि कुलसचिव श्री संजय कुमार ने की । कुलसचिव महोदय ने सभी को आगामी लोक सभा चुनावो को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का बढ़-चढ़ और निर्भीक तरीके से प्रयोग करने की प्रेरणा दी । कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने तथा स्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना विवि परिसर इकाई के प्रभारी डॉ. अतुल कुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना विवि समन्वयक डॉ. भास्कर शुक्ल द्वारा किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. विवेक कुमार सिंह, वाणिज्य संकाय प्रो. अर्चना चंद्रा और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार गुप्ता एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.आशुतोष कुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ.अविनाश कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त प्राध्यापक उपस्थिति रहे .स्वीप समिति के श्री अनुपम परिहार, श्री हसबीन अहमद ,श्री अरशद जी एवं बृजेश श्रीवास्तव उपस्थित आदि भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहे । सभी को आगामी आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्री पी.एन.सिंह द्वारा सभी स्वयंसेवियों और छात्र छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई । शासन द्वारा गठित मतदाता साक्षरता क्लब ( श्वस्ट ) की एम्बस्डेर कुमारी रिया और शिवम् कुमार के साथ-साथ अन्य शिक्षकों की भी उपस्थिति रही । उपस्थिति सभी छात्र छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कई स्लोगनों का सहारा लिया गया; जैसे लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदान, लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सबकी है जिम्मेदारी,भारत भाग्य विधाता है हम युग के निर्माता है और घर घर मे संदेश दो वोट-वोट दो आदि

# पंचायत राज व्यवस्था लागू करना जरूरी-शंकर दयाल तिवारी

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव के पंचायत भवन बहरैचा मे गुरूवार को क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक सपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान बहरैचा जिला संगठन मंत्री शंकर दयाल तिवारी ने की।



उक्त बैठक मे श्री तिवारी ने कहा कि यद्यपि भारतीय संविधान के संशोधन मे पंचायतों को महत्वपूर्ण अधिकार मिला है । परन्तु प्रदेश सरकार इसके लिए अनदेखी करती चली आ रही है । चुनाव के समय प्रत्याशी लम्बे समय से वादे करने के बाद भूल जाते है ।चुनाव मे प्रतिनिधि विधान सभा मे पंचायत राज व्यवस्था की लागू करना लिए संघर्ष किया गया। लेकिन आज तक इस ओर सरकार ध्यान नही दिया ।जिससे गांव के विकास संतोष जनक न होने से दिक्कत आ रही है । सरकार कागजी अधिकार मे प्रधानों को सीमित रखे हुए है । प्रधान संघ लगातार प्रधानों को प्रशासनिक तथा वित्तीय अधिकार देने की बात करते है । लेकिन आज लागू न किये जाने से मुख्यमंत्री को एक पत्र देकर अवगत करना जरूरी है । भाजपा नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था के बारे मे घोषणा किया गया था । लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी जी ने प्रधान पंचायत मे की गई घोषणा को भी लागू नही की । प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपील किया कि जो प्रत्याशी पंचायत राज व्यवस्था को लागू की बात आगामी चुनाव मे इस बात को सासंद और विधायक को पुनः अवगत कराया जाएगा । उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों को गांव की विकास के लिए स्वतंत्र अधिकार होना चाहिए, ताकि क्षेत्र की सड़क, नाली, स्वास्थ्य, शिक्षा, खरंजा आदि धन व्यक्तिगत खाते मे धन उपलब्ध हो ताकि विकास हो सके।

इस दौरान विनोद कुमार दुबे, शंकर दयाल तिवारी, नीरज कुमार भुर्तिया, शिव प्रसाद, लवलेश कुमार, पंचायत सहायक शालिनी पांडेय पंचायत सहायक ,आलोक कुमार तिवारी, पीयूष कुमार तिवारी , राम बली बिन्द आदि लोग मौजूद रहे ।

# गंदगी का अंबार, नारकीय जीवन जीने को मजबूर कांशीराम आवास योजना वासी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** सम्पूर्ण देश में जहां एक ओर स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है वहीं स्मार्ट सिटी प्रयागराज के नैनी पीडीए कॉलोनी में स्थित काशीराम आवास योजना के विभिन्न गलियों में व्याप्त गंदगी के कारण यहां निवासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए नैनी विकास परिषद के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को स्थानीय लोगों की शिकायत पर परिषद के सदस्यों ने स्थलीय निरीक्षण किया जहां गंदगी से पटी गलियों के आसपास खड़े होना खतरे से खाली नहीं है। कई सीवर के ढक्कन ग़ायब है जिसमें कभी भी दुर्घटना हो सकती है।




ऐसा लगता है कि वर्षों से सफाई नहीं हुई है। परिषद के उप संयोजक सुनील श्रीवास्तव ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए शीघ्र ही सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराने के साथ सम्यक कार्रवाई कराने की बात कही। उक्त अवसर पर नौशाद पठान, दिनेश अम्बेडकर, संगम केशवानी, वीरेंद्र शर्मा, अन्जुम नाज आदि मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख कौंधियारा की धर्मपत्नी का निधन,शोक

**कौंधियारा (प्रयागराज)** ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष प्रयागराज एवं ब्लाक प्रमुख कौंधियारा पं इंद्रनाथ मिश्र की पत्नी तथा बारा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व पं रमा कान्त मिश्र की बहू सावित्री मिश्रा( 67 )का बुधवार को निधन हो गया था। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार को दारागंज स्थित श्मशान घाट में किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज अकोढ़ा,मोती लाल नेहरू इण्टर कॉलेज कौंधियारा सहित उनके दर्जनों शिक्षण संस्थाओं में शोक सभा आयोजित कर शिक्षकों और छात्रों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। लोगों ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और परिवार से जुड़े हुए लोग भले ही हमारे बीच में नहीं



रहते हों, किन्तु उनका धर्म-कर्म और सेवा, प्रेरणा के रूप में हमेशा जीवित रहती है।इस अवसर पर कृष्णकांत दुबे,रविकांत दुबे,शशि कांत,शिशिर कांत दुबे,नागेंद्र पाण्डेय,लालमणि मिश्र,विनोद मिश्र,रामानन्द त्रिपाठी,दिनेश त्रिपाठी, अमित पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# सीमांचल एक्सप्रेस से उतारे गए 93 बच्चे,आधा दर्जन एजेंट हिरासत में

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर एक बार फिर से मानव तस्करी के मामला प्रकाश में आया है। सीमांचल एक्सप्रेस से राजस्थान और उत्तराखंड ले जाए जा रहे थे 93 बच्चों को प्रयागराज जंक्शन पर उतारा गया है। इन बच्चों की तस्करी की सूचना कंट्रोल रूम को भेजी गई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।एजेंटो के छह ग्रुप के साथ यह बच्चे ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इनकी उम्र 10 साल से लेकर 13 साल के आस पास है। छह एजेंटों को भी आरपीएफ ने पकड़ लिया है। बच्चों को चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया है। बाल कल्याण समिति मामले में पूछताछ कर रही है और बच्चों की काउंसलिंग चल रही है। आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी विजय प्रकाश पंडित ने बताया कि हम लिखा पढ़ी कर रहे हैं। मामले में पूछताछ भी जारी है। एजेंटों का कहना है कि वह मदरसे में पढ़ाई के लिए बच्चों को ले जा रहा थे।बाल कल्याण समिति अब मामले की तह तक जाने के लिए काउंसलिंग कर रही है। पूछताछ में पता चला है कि बच्चों को जबरन भेजा रहा था। इसी तरह प्रयागराज जंक्शन पर वर्ष 2022, 2023 में भी दर्जनों की संख्या में बच्चों को ट्रेन से उतारा गया था। सभी बच्चे बिहार के सहरसा, खगड़िया, पूर्णिया आदि के रहने वाले हैं।

# जयंती पर याद किए गए आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में आज आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के जयंती के चित्र पर एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह एवं एकेडेमी के समस्त कार्मिकों के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। इस अवसर पर एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप प्रताप सिंह ने कहा कि 1900 ई. से 1980ई. तक सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन हुआ। सरस्वती पत्रिका के संपादक बदलते रहे लेकिन तेवर नहीं बदला। पं. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी और सरस्वती दोनो एक दूसरे के पूरक हैं। द्विवेदी जी ने सरस्वती के माध्यम से हिन्दी गद्य का विकास किया। निरंतर दो दशकों तक



आचार्य द्विवेदी %सरस्वती% पत्रिका के रूप में संपादक हिन्दी गद्य का परिष्कार करते रहे। आचार्य द्विवेदी भाषा का उचित प्रयोग सिखाते हैं, शब्द चयन और शुद्ध - अशुद्ध प्रयोग पर रचनाकारों से पत्र व्यवहार करते कहे। उनका व्यक्तित्व सुधारवादी था। सरस्वती पत्रिका उसका सशक्त माध्यम थी। सरस्वती द्वारा द्विवेदी जी ने 1903 से 1920 तक हिन्दी गद्य को एक परिष्कृत रूप प्रदान किया। इस अवसर पर गोपाल जी पांडे, रतन पांडये, अनुराग ओझा संतोष कुमार तिवारी, अंकेश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, मोहसिन खाँ, सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा का दलित समाज को जोड़ने का मेगा प्लान, बस्ती जनसंपर्क अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा की चुनावी माहौल में बस्ती और झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले दलित अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में लाने के लिए बस्ती संपर्क एवं चलो चले बस्ती की ओर अभियान के माध्यम से संपर्क साध रही है।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि झुग्गी झोपड़ी एवं बस्ती जनसंपर्क अभियान को लेकर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ एवं अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ा गया है। इस अभियान के अंतर्गत इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा में मंडल वार 40-40 टुकड़ियां लगाई गई है और एक टुकड़ी में एक झुग्गी झोपड़ी संयोजक और 20 कार्यकर्ता की टीम का गठन किया गया है।इस अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता झुग्गी झोंपड़ी और बस्ती में रहने वाले नागरिकों से जनसंपर्क कर मोदी एवं योगी सरकार के द्वारा लाभ देने वाली योजनाओं से अवगत करा रहे हैं और चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को हल करने का कार्य कर रहे हैं।



# भाजपा नेताओं में बौखलाहट- अमरनाथ मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** इण्डिया गठबंधन से फूलपुर लोकसभा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य ने कहा भाजपा की विदाई का समय जैसे जैसे नज़दीक आ रहा है उनके नेताओं में माथे पर बल के साथ बौखलाहट भी नज़र आने लगी है।

शहर उत्तरी विधान सभा के कर्नलगंज में अर्जुन शर्मा व निज़ामुद्दीन नया पूरा में पप्पू पासी बेली गांव में मोहम्मद अहमद व शमशाद अहमद बेली प्रयागराज में पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अदील हमज़ा, बख्तियारी कटरा में रेहान अहमद कोहराना बस्ती सलोरी में रितेश प्रजापति द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा व जनसंपर्क के दौरान समाजवादी पार्टी के फूलपुर संसदीय प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य ने भाजपा की विदाई का संकेत देते हुए कहा जनता ने भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी व नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली व एक भी परीक्षा बिना पर्चा आऊट कराए आयोजित न करने का बदला लेने की ठान लिया है। जिसकी सुगबुगाहट तीसरे चरण के चुनाव सम्पन्न होने के बाद साफ महसूस की जा रही है।महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, शहर उत्तरी के सपा प्रत्याशी रहे संदीप यादव आदि ने सभा को सम्बोधित किया। जनसंपर्क में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन , रवीन्द्र यादव रवि ,संदीप यादव ,ओ पी यादव ,मयंक यादव ,तेज प्रताप ,मोहम्मद हसीब ,दिनेश यादव ,रेहान अहमद , मोहम्मद सऊद , सैय्यद मोहम्मद हामिद , अर्जुन शर्मा ,पप्पू पासी , मोहम्मद अहमद , शमशाद अहमद ,अदील हमज़ा , रितेश प्रजापति ,जय भारत प्रताप ,सुशमा यादव आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी नौनिहाल और फाफामऊ क्लब को मिली जीत,रोहित, शुभ और हंसम चमके

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब और फाफामऊ क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। चौधरी नौनिहाल के शुभ शर्मा (42 नाबाद एवं तीन विकेट), ईश्वर शरण के रोहित राजपाल (88 रन, 70 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और दौलत हुसैन के हंसम जायसवाल (8-0-34-5) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।



केपी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 209 रन (रोहित राजपाल 88, आदर्श मिश्र 34, आदित्य मिश्र 26, शुभ शर्मा 3/34) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 38 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन (शुभ शर्मा 42 नाबाद, अंशुमान पाण्डेय 42, शिवाकांत शुक्ला 36, मनु राजा 32, शशांक मेहरोत्रा 3/28, आदर्श मिश्र 2/56) बना लिए। मैच में अजय कुमार व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।दौलत हुसैन मैदान पर फाफामऊ क्लब ने 34.4 बार में 226 रन (सौरभ प्रताप सिंह 65, यादवेंद्र सिंह यादव 41, मोहम्मद उस्मान 40, हंसम जायसवाल 5/34) बनाकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 24.5 ओवर में 90 रन (इमरोज अली 29, दीपक यादव 4/33, अश्वनी 3/17, नितिन यादव 2/16) पर समेट दिया। मैच में मोहम्मद आरिफ व राहुल सिंह अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

# पन्ना प्रमुख अपने दायित्व को बखूबी निभाएं- कन्हैया लाल पांडेय



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** होलागढ़ क्षेत्र के पन्ना प्रमुखों की बैठक करके भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष/प्रदेश कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य कन्हैया लाल पांडेय ने उनके दायित्व का बोध कराते हुए कहा कि पन्ना प्रमुख अपने दायित्व को बाखूबी निभाएं।पन्ना के सभी मतदाता से मिलकर उन्हें जागृत करें और समस्या आने पर उपाय सोचें।और तब महसूस करें कि आप कहां है।

पन्ना प्रमुखों की बैठक देव महा विद्यालय न्यायीपुर में शक्ति केंद्र नेवादा,रामगढ़, शक्ति केंद्र चौबारा के पन्ना प्रमुख तथा दूसरी बैठक एसएस टी बालिका इंटर कालेज उमरिया बादल में शक्ति केंद्र कल्याणपुर, बालाडी ह ,शक्ति केंद्र उमरियाबादल के लोग शामिल रहे। बैठक में सभी लोगों को आज से बड़ी जिम्मेवारी संभालने की बात बताई गई।बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कौड़िहार राजेंद्र प्रसाद मिश्र, मंडल अध्यक्ष होलागढ़ टी एन सिंह, ब्रह्म प्रकाश तिवारी, मेडल महा मंत्री अनिल कुमार मिश्र, गुरुओम मिश्र ,मझिला पाल सहित सभी शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, सभी बूथ अध्यक्ष और सभी पन्ना प्रमुख सम्मिलित रहे।

# जनता की हर एक वोट की कीमत सूद समेत वापस करूंगा- नीरज त्रिपाठी

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अपना दल एवं निषाद पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी ने कोरांव विधानसभा में जनसंपर्क करते हुए कहा कि प्रयागराज की उन्नति एवं विकास समृद्धि और खुशहाली के लिए संकल्प लेकर निकला हूं और जनता जनार्दन की एक-एक वोट की कीमत विकास के रूप में सूत समेत वापस



करूंगा।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी के अनुसार निषाद बस्ती हरवारी, बिशौरा, ककराही, निषाद बस्ती गोपालपुर, लोहरा, सुजनी चौराहा, सिरवार, दिघलो, खूटा गांव आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया

इस अवसर पर विधायक राजमणि कोल, बब्बूराम द्विवेदी, अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरवानी, ग्राम प्रधान अमीन सिंह, मीडिया प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी, राजेश केसरवानी एवं क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कर रहे।

# प्रयाग क्लब की जीत में प्रकाश व आरिफ चमके

**प्रयागराज।** प्रयाग क्रिकेट क्लब ने सेंट्स पीटर्स क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित आबिद मूर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के प्रकाश कुमार के अचूक गेंदबाजी ( 5.2 - 0 - 24 - 4 ) और आरिफ अंसारी के शानदार ( 68 रन, 65 गेंद, 10 चौके ) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई हैं।



गुरुवार को डीएवी मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट्स पीटर्स क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 32.2 ओवर में 177 रन ( सौरभ यादव 67, ईशान सिंह 22, अमरेंद्र सिंह 19 रन, प्रकाश कुमार 4/24, अजीत कुमार 3/29, शास्वत उपाध्याय 2/34, अवनीश कुमार 1/24 ) पर सिमट गई। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की टीम ने 25.3 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन ( आरिफ अंसारी 68, सिद्धार्थ सिंह 47, शास्वत उपाध्याय 18 अविजित रन, ईशान सिंह 2/50, रोशन कुशवाहा 1/17, राहुल यादव 1/24, नागेंद्र सिंह 1/25 ) पर बना लिए। मैच में तौसीफ शैख व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कारिंग की।

प्रतियोगिता में शुक्रवार को केपी क्रिकेट क्लब व रामबाबू पाल क्रिकेट क्लब के बीच सुबह साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

# अगर कांग्रेस के हवाले कर दिया तो हिंदुओं के लिए नहीं बचेगा कोई देश: अमित मालवीय



**नई दिल्ली।** आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के एक अध्ययन से पता चला है कि 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की तेज से गिरावट आई है। इस आंकड़े के सामने आते ही राजनीतिक गलियारे में गलचल मच गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अब भाजपा ने इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उसका कहना है कि अगर देश कांग्रेस के हवाले कर दिया गया तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने ईएसी-पीएम की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, '1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की कमी आई है। वहीं, मुस्लिम आबादी में 43.15 फीसदी की वृद्धि हुई है। कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है। उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।'

बता दें, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्ययन के अनुसार 1950 में भारत में हिंदुओं की संख्या कुल आबादी में 84 फीसदी थी जो 2015 में घटकर 78 फीसदी रह गई। इस अवधि में यानी 65 वर्षों में मुस्लिमों की संख्या कुल आबादी के 9.84 फीसदी से बढ़कर 14.0 फीसदी पर पहुंच गई। 1950 और 2015 के बीच, भारत में मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 फीसदी की वृद्धि हुई, ईसाइयों की संख्या में 5.38 फीसदी की वृद्धि हुई वहीं सिखों में 6.58 फीसदी की वृद्धि हुई। इस दौरान बौद्धों की संख्या में भी मामूली वृद्धि देखी गई।

### यूपी के डिप्टी सीएम ने भी लगाया आरोप

इस बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी हिंदू आबादी में कमी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के कारण मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जनसंख्या में असंतुलन होना चिंता का विषय है। मुस्लिमों की आबादी बढ़ रही है। वहीं हिंदुओं की आबादी घटती जा रही है। इन सबके पीछे कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण है।

मौर्या ने आगे कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम लीग की तरह काम किया है। इसके कारण देश में जनसंख्या असंतुलन हुआ है। इसलिए देश को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता है। हिंदुओं की तरह, मुसलमान केवल एक व्यक्ति से शादी करेंगे। यह नहीं कि हम पांच और हमारे पांच के फॉर्मूले से संतुलन बिगड़े और फिर देश में एक और पाकिस्तान की मांग उठने लगे। यह सब होने से रोकने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड जरूरी है।'

### यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, 'यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस पर सभी भारतीयों को गंभीरता से कुछ सवाल पूछने चाहिए क्योंकि सिर्फ मुस्लिम समुदाय ने पिछले कई वर्षों में इतनी बड़ी संख्या में अपनी आबादी बढ़ाई है। अवैध आप्रवासन और धर्मांतरण के कारण यह कितनी वृद्धि हुई है? अकेले मुस्लिम समुदाय की इस वृद्धि का कितना हिस्सा बौद्ध, जैन, सिख, ईसाई जैसे अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को उन लाभों से बाहर कर रहा है जो अल्पसंख्यकों को भारत सरकार और राज्य सरकारों से मिलते हैं?' उन्होंने कहा, 'मुसलमानों की तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए और उसके ऊपर कुछ राजनीतिक दल संविधान को बदलना चाहते हैं और मुस्लिम समुदाय को धर्म आधारित आरक्षण देना चाहते हैं, जनसंख्या और आरक्षण में वृद्धि का वह घातक संयोजन क्या होगा, इसका ओबीसी, एससी और एसटी जैसे अन्य वंचित समुदायों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?'

## इस राज्य के मुख्यमंत्री ने दिखाई दरियादिली, सड़क हादसा देख रुकवाया काफिला और घायल की मदद की



**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने कल रात घोगोल मडगांव में एक सड़क हादसे को देखकर अपना काफिला रोक दिया। वह काफिला रोककर दुर्घटना पीड़ित की मदद करने लगे। मौके पर पीड़ितों तों की मदद के लिए कई लोग जमा हो गए थे। एंबुलेंस को बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा गया। अब प्रमोद सावंत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इससे पहले भी गोवा के सीएम मानवता का परिचय दे चुके हैं। 16 मार्च को प्रमोद सावंत दक्षिण गोवा के कुनकोलिम में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को संबोधित करके लौट रहे थे। तभी रास्ते में देखा कि सड़क हादसा हुआ है। इसे देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवा दिया था।

### एक की हुई थी मौत

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा था कि चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद ट्रक पलट गया और घाटी में गिर गया था। उन्होंने कहा था कि ट्रक में सवार लोग उसमें दब गए थे। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों और तीन महिलाओं सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## पेड़ों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, अधिकारियों को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली फॉरेस्ट रिज में बड़ी संख्या में पेड़ों को काटने के मामले में अवमानना याचिका पर डीडीए उपाध्यक्ष समेत अन्य विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 मई को होगी। अदालत ने यथास्थिति कायम रखने का भी आदेश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि प्रतिवादी प्राधिकारों को आगे किसी भी पेड़ की कटाई में शामिल नहीं होना चाहिए और यथास्थिति बनाए रखें। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अगर हम संतुष्ट हुए तो हम दोबारा पेड़ लगाने के लिए कहेंगे। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, रिज प्रबंधन बोर्ड की संवैधानिकता की जांच करने का समय आ गया है। वह पेड़ों को काटने की इजाजत दे रही है।

## प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को दी चुनौती, कोर्ट ने टाली सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकील प्रशांत भूषण की एक याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। इस याचिका में प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान को चुनौती दी है। प्रशांत भूषण के वकील जयंत भूषण के उपलब्ध न होने के चलते जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी।

प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में प्रावधान में संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने जनवरी 2016 में प्रशांत भूषण की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका में पासपोर्ट कानून, 1967 की धारा 6(2)(एफ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि किसी अपराध के आरोपी को पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता। साल 1993 में एक नोटिफिकेशन के जरिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया और बदलाव के तहत आरोपी को अदालत से एनओसी जारी करने पर एक साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है।

दरअसल प्रशांत भूषण ने एक धरना प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके तहत उन्हें गाजियाबाद स्थित पासपोर्ट के रीजनल सेंटर से सिर्फ एक साल के लिए पासपोर्ट जारी हो रहा था। ऐसे में प्रशांत भूषण ने इस प्रावधान को चुनौती देने का फैसला किया। याचिका में कहा गया है कि कानून का प्रावधान गंभीर और अगंभीर अपराध में अंतर नहीं करता और दोनों मामलों में समान प्रतिबंध लगाता है और यह संविधान से मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

## 'कांग्रेस सोचती है देश आक्रमणकारियों की भूमि', सैम पित्रोदा के विवादास्पद बयान पर अन्नामलाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा आजकल काफी चर्चाओं में बने हुए हैं। फिलहाल, भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करके उन्होंने नया विवाद खड़ा कर दिया है। उनके विवादास्पद बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार कांग्रेस और उनपर निशाना साध रही है। अब तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने पित्रोदा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अफ्रीकी और चीनी दिखने में कुछ भी गलत नहीं है। अन्नामलाई ने आगे कहा, 'कांग्रेस की सोच दिखाती है कि भारत आक्रमणकारियों की भूमि है और हम आक्रमणकारियों के वंशज हैं। इसलिए ही उनकी टिप्पणी मूर्खतापूर्ण और अपमानजनक है। इसका अर्थ यह है कि हम इन लोगों के वंशज हैं, भारतीय नहीं है।' उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी के ही मालिक देश के बाहर हैं। केवल यह पार्टी ही उस हद तक जा सकती है जहां वह हमें आक्रमणकारियों का वंशज कह सकती है।

## नवनीत राणा के 'पुलिस हटाने' वाले बयान पर भड़के ओवैसी



**हैदराबाद।** देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी बीच, भाजपा की नेता नवनीत रवि राणा के '15 सेंकड' वाले एक बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राणा के बयान पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए, हम भी तो देखें कि क्या करेंगे।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने नवनीत राणा पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'मैं मोदी जी से कहता हूं कि उन्हें 15 सेकेंड का समय दीजिए। आप क्या करेंगे? 15 सेकंड की बजाय एक घंटा ले लीजिए। हम भी देखना चाह रहे हैं कि क्या आपके अंदर कोई इंसानियत बची है।'

### कौन डर रहा है?

उन्होंने कहा, 'कौन डर रहा है? हम तैयार हैं। अगर कोई खुलेआम ऐसा कह रहा है तो ऐसा ही सही। प्रधानमंत्री आपके हैं, आरएसएस आपका है, सब कुछ आपका है। आपको कौन रोक रहा है? हमें बताएं कि हमें कहां आना है, हम वहां होंगे। जो करना है कर लेना।'

### आरएसएस की विचारधारा को हराना है

भाजपा नेता राणा के 'अगर आप एआईएमआईएम और कांग्रेस को वोट देते हैं, तो यह सीधे पाकिस्तान चला जाता है' पर ओवैसी ने कहा कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी अचानक अफगानिस्तान से नवाज शरीफ के घर पर उतर गए। बिन बुलाए मेहमान। वह क्या था? उन्हें लगता है कि भारत में सभी मुसलमान पाकिस्तानी हैं। हमें आरएसएस की विचारधारा को हराना है। वे भारत के बहुलतावाद और विविधता से नफरत करते हैं।'

### यह व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट

ओवैसी ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की रिपोर्ट को 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट' बताया। उन्होंने कहा, 'रिपोर्ट मुझे भेजें, फिर मैं जवाब दूंगा। यह किसकी रिपोर्ट है? यह रिपोर्ट किसने बनाई? यह व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट है।'

## संदेशखाली स्टिंग वीडियो मामले में चुनाव आयोग जाएगी टीएमसी



**कोलकाता।** संदेशखाली के स्टिंग वीडियो मामले में टीएमसी भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत करने की तैयारी कर रही है। संदेशखाली के स्टिंग वीडियो में एक नेता ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि संदेशखाली की साजिश शुभेंदु अधिकारी ने रची थी और महिलाओं से दुष्कर्म के आरोप मनगढ़ंत थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें संदेशखाली में भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर कायल होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने बताया कि संदेशखाली की पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी शामिल हैं।

### शुभेंदु अधिकारी पर लगे आरोप

एक मीडिया चैनल द्वारा यह स्टिंग ऑपरेशन किया गया था। इस वीडियो में कायल को कहते हुए सुना जा सकता है कि संदेशखाली में यौन उत्पीड़न की शिकायतें शुभेंदु अधिकारी के कहने पर दर्ज की गईं। वीडियो के सामने आने के बाद टीएमसी भाजपा पर हमलावर है। वहीं बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का आरोप है कि स्टिंग ऑपरेशन फर्जी है और इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से बनाया गया है। सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि संदेशखाली का स्टिंग वीडियो साजिश के तहत जारी किया गया है, उन्होंने चुनाव के समय इस वीडियो के सामने आने पर सवाल उठाए। सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह वीडियो संदेशखाली की सच्चाई दबाने के लिए टीएमसी नेताओं ने ही जारी किया है। इस वक्त स्टिंग क्यों किया गया, जब चुनाव चल रहे हैं? लोग राजनीतिक रूप से परिपक्व हैं और उन्हें बेवकूफ बनाना आसान नहीं हैं।

### संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई कर रही

उल्लेखनीय है कि संदेशखाली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं के खिलाफ कई महिलाओं का यौन शोषण करने और स्थानीय लोगों की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने के आरोप लगे थे। इस मामले को लेकर बंगाल की राजनीति में काफी हंगामा हुआ। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया और आखिरकार फरार चल रहा टीएमसी नेता शाहजहां शेख गिरफ्तार हुआ। शाहजहां शेख ईडी टीम पर हमले का भी आरोपी है। संदेशखाली मामले की जांच फिलहाल सीबीआई द्वारा की जा रही है।

## लारेंस-गोल्डी के सामने खड़ा हुआ भाऊ रिटोलिया गैंग, पर्ची फेंकवाकर करता है ताबड़तोड़ फायरिंग

**नई दिल्ली।** देश भर में जबरन उगाही मामले में एकछत्र राज करने वाले गैंगस्टर लारेंस बिश्नाई- गोल्डी बरार के सामने अब हिमांशु उर्फ भाऊ रिटोलिया गैंग खड़ा हो गया है। तिलक नगर इलाके में फ्यूजन कार शोरूम पर फायरिंग कर पांच करोड़ की रंगदारी इसी गैंग ने मांगी है। यह खुलासा मामले की जांच में हुआ।

भाऊ सोशल मीडिया पर गोल्डी बरार और लारेंस बिश्नोई के फोटो पर कांटा लगाकर पोस्ट करता है और कहता है कि ये उसके सामने कुछ नहीं हैं। खास बात ये है कि भाऊ पहले पर्ची फेंकवाता है, फिर फायरिंग करवाता है और इसके बाद रंगदारी मांगता है। हरियाणा पुलिस ने इसका रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा रखा है। स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भाऊ रोहतक के पास स्थित रिटोली गांव का रहने वाला है। इसकी गांव के ही सनी और बाबा से रंजिश चल रही हैं। इस रंजिश में चार-पांच हत्याएं हो चुकी

## भाजपा ने शिक्षक भर्ती घोटाले के पीड़ितों की मदद के लिए शुरू की लीगल सेल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने शिक्षक भर्ती घोटाले के पीड़ित योग्य उम्मीदवारों को कानूनी मदद देने के लिए हेल्पलाइन नंबर और वेबसाइट लॉन्च कर दी है। बीते दिनों पीएम मोदी ने एक रैली के दौरान पार्टी की बंगाल ईकाई को घोटाले के पीड़ितों की मदद के लिए लीगल सेल बनाने का निर्देश दिया था। भाजपा ने बुधवार रात को हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया।

### भाजपा ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर और वेबसाइट

भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा 'पीएम मोदी के निर्देश के बाद ये पश्चिम बंगाल भाजपा का कर्तव्य है कि हम योग्य उम्मीदवारों के साथ खड़े रहें, जो टीएमसी के अवैध रिक्रूटमेंट के शिकार हुए।' भाजपा ने वेबसाइट bjplegalsupport.org के साथ ही हेल्पलाइन नंबर 9150056618 जारी किया है। समिक भट्टाचार्य ने बताया कि 'जैसे ही हेल्पलाइन नंबर या वेबसाइट के जरिए कोई उम्मीदवार शिकायत दर्ज कराएगा तो हम उनसे बात करेंगे और उन्हें कानूनी सहायता मुहैया कराएंगे।'

बीते शुक्रवार को बंगाल में एक रैली के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने राज्य की भाजपा ईकाई को निर्देश दिया था कि वे शिक्षक भर्ती घोटाले के पीड़ित योग्य उम्मीदवारों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराएं। गौरतलब है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को स्टेट लेवल सलेक्शन टेस्ट 2016 के तहत हुईं सभी शिक्षक भर्तियों को निरस्त करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश से 26 हजार लोगों की नौकरी चली गई थी। हालांकि हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई हुई और इस सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने आरोपी नेताओं के खिलाफ सीबीआई जांच जारी रखने को कहा। हालांकि कोर्ट ने इस मामले में कोई गिरफ्तारी करने से सीबीआई को रोक दिया। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में साजिश रचने का आरोप लगाया।

## 'एसआईटी जांच से हमें कोई उम्मीद नहीं'

**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। वहीं, इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर बढ़ता जा रहा है। इस बीच, जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने इस मामले को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं और विधायकों के साथ बंगलूरू में एक बैठक की। साथ ही उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर पलटवार किया। इसके अलावा, उन्होंने एसआईटी जांच पर भी सवाल उठाए।

दरअसल, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने अश्लील वीडियो वायरल करने के पीछे कुमारस्वामी का हाथ बताया। साथ ही जेडीएस नेता को ब्लैकमेलिंग का राजा और कहानी के प्रमुख, निर्देशक और निर्माता भी कहा। इन आरोपों पर कुमारस्वामी ने कहा, 'हां मैं एक निर्माता और निर्देशक हूं। मैं ही अभिनेता और सबकुछ हूं। इस तरह की कहानियां फिल्मों में ही देखी जाती है। कुछ और कहें। डीके शिवकुमार ने आरोप लगाया कि मैं इन सबके पीछे हूं। वह जो भी कहना चाहते हैं, कहने दीजिए, मैं सही समय पर जवाब दूंगा।'

कुमारस्वामी ने आगे कहा कि जैसा कि मुझे जानकारी मिली है कि वे पीड़ित, अपहृत महिला के परिवार को लेकर आए हैं। उन्होंने उन्हें अदालत के सामने पेश क्यों नहीं किया? उन्हें गेस्ट हाउस में क्यों रखा गया है? एसआईटी उनके बारे में मजिस्ट्रेट को पहले जानकारी क्यों नहीं दे सकती? उनकी मंशा और कुछ नहीं बल्कि एचडी रेवन्ना को तीन दिन जेल में रखने की है।' कुमारस्वामी ने कहा, 'हमने एसआईटी जांच को लेकर आज दोपहर तीन बजे राज्यपाल को ज्ञापन देने की योजना बनाई है। हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि एसआईटी जांच से हमें कोई उम्मीद नहीं है।'

### वोक्कालिगा नेताओं को मेरे खिलाफ करना मकसद

उन्होंने आगे कहा, 'रामलिंगा रेड्डी, चालुवरैया स्वामी, कृष्ण बायरे गौड़ा सहित कई वोक्कालिगा नेता और सभी मंत्री एसआईटी जांच को लेकर सरकार के साथ खड़े हैं। वे यही करते हैं, वोक्कालिगा नेताओं को मेरे खिलाफ लड़ने के लिए लाते हैं।'

### वोक्कालिगा को ढाल नहीं बना रहा

कुमारस्वामी ने कहा, 'प्रज्जवल और उनके पिता एचडी रेवन्ना से जुड़े मामले में सरकार और अधिकारी जो मुद्दे उठा रहे हैं, उसके चलते मेरे लिए हर दिन इस समय प्रेस मीट बुलाना जरूरी होता जा रहा है। वे (कांग्रेस) कह रहे हैं कि मैंने पेन ड्राइव जारी की, मैंने प्रज्ज्वल रेवन्ना को हासन से नहीं उतारने को कहा था। मैं इस गंदे प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में वोक्कालिगा को ढाल नहीं बना रहा हूं। मैंने कभी नहीं कहा कि मैं वोक्कालिगा नेता हूं। कई लोग कह रहे हैं कि यह वोक्कालिगा नेतृत्व के लिए डीके शिवकुमार और मेरे बीच की लड़ाई है।'

### मुझे समाज के सामने खलनायक बना दिया: कुमारस्वामी

जेडीएस नेता ने आगे कहा, 'मैं हिट एंड रन नेता नहीं हूं। फिर मेरी पिछली राजनीति में भी वोक्कालिगा नेताओं ने मुझ पर हमला किया। मैं अकेले ही आप सबका सामना करने के लिए तैयार हूं। मुझे पता है कि आपने मुझे समाज के सामने खलनायक बना दिया है कि मैं रेवन्ना परिवार के खिलाफ हूं। कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा अश्लील वीडियो स्कैंडल है और कुछ लोग इसे भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग कहानी बदलने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे बताओ कि यह कौन कर रहा है।' जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी कहते हैं, 'मैं प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले को छोटा केस नहीं मानता हूं।

## चुनाव के बीच आंध्र प्रदेश में मिला रुपयों का पहाड़, पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से बरामद हुआ कैश



**गरिकापाडु।** लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग ने काफी सख्त रुख अपना रखा है। आयोग ने कई जगह फ्लाइंग स्क्वायड लगा रखा है, जो चुनावों में हो रहे कोई भी अनाधिकृत कार्यों को रोकना का काम कर रहा है। इस बीच आंध्र प्रदेश में चुनाव से पहले पुलिस ने एनटीआर जिले में एक अंतरराज्यीय जांच चौकी पर बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया है। दरअसल, चौकी पर एक पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक को जैसे ही पुलिस ने रोककर जांच की, तो उसके होश उड़ गए। पाइप के साथ उसे 8.36 करोड़ रुपये कैश मिला। पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान गरिकपाडु गांव में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अंतर-राज्य चेक-पोस्ट पर ये पैसे जब्त किए।

## मुसलमानों की आबादी बढ़ना खतरना : आचार्य सत्येंद्र दास



**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 65 साल में हिंदुओं की आबादी 6 फीसदी कम हुई है। आबादी को लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है। इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। वहीं, श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि हिंदुओं में जब कहा गया था कि 'हम दो, हमारे दो' तो हिंदुओं ने अपने जनसंख्या कम कर ली, लेकिन मुस्लिमों की जनसंख्या कम नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने भारत को इस्लामिक राज्य घोषित करने पर भी विचार भी किया। अगर देश में मुसलमानों की आबादी बढ़ती रहेगी और हिन्दू की कम होती रहेगी तो यह खतरनाक है। देश के बंटवारे के समय में नेताओं ने छूट दी थी कि जो जहां रहना चाहे वहां रह सकता है। इसके तहत पाकिस्तान में रहने वाले हिन्दुओं की हत्या हो गई और यहां भारत में मुस्लिमों को संरक्षण मिला तो वो बढ़ते रहे। महानिर्वाणी पंचायती अखाड़ा के दिगंबर स्वामी सुरेंद्र पुरी महाराज का कहना है कि भारत में आबादी का घनत्व एक विशेष धर्म के लोगों का बढ़ता जा रहा है, जिससे असंतुलन पैदा हो रहा है। ये देश की राष्ट्रीय एकता अखंडता व संविधान के लिए खतरा है। साथ ही साथ एक एजेंडे के तहत एक धर्म के लोगों के द्वारा अपनी आबादी बढ़ाई जा रही है। इस तरह से हिंदुओं की आबादी कम हो जाएगी और सनातन धर्म के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाना चाहिए।

### देश की जनता को भ्रम में डाला जा रहा है- तेजस्वी

आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि जो जनगणना साल 2021-22 में होनी चाहिए थी वो नहीं हुई है। ये केवल देश की जनता को भ्रम में डालने और लोगों के बीच नफरत फैलाने के लिए है। वहीं, विश्व हिंदू परिषद नेता विनोद बंसल ने कहा कि इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हिंदू जनसंख्या जहां 7.82 फीसदी गिरी है। मुस्लिम जनसंख्या 43.15 फीसदी बढ़ी है। विश्व रिकॉर्ड है कि जहां ये बढ़ जाते हैं, गैर मुस्लिम अस्तित्व हीन हो जाते हैं। वे वहां से भाग जाते हैं या फिर मारे जाते हैं। जब तक ये अल्पसंख्यक रहते हैं, विक्टिम कार्ड खेल बहुसंख्यकों को बदनाम करते रहते हैं। जनसंख्या भी बढ़ाएंगे और गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा का राग अलाप मजहबी आरक्षण भी चाहेंगे। बीजेपी प्रवक्ता सुधांशू त्रिवेदी ने कहा कि सर्वविदित सत्य है कि स्वतंत्रता के समय हिंदुओं की आबादी और मुस्लिमों की आबादी क्या थी? कांग्रेस बताए कि बढ़ती संख्या पर कांग्रेस किसका आरक्षण काटकर उनको देंगे? मुस्लिमों की आबादी घुसपैठ, धर्मांतरण और जन्मदर बढ़ने से बढ़ रही है। जागरूकता जरूरी है।

# पुल नहीं तो वोट नहीं पर अड़े ग्रामीण



**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले धौरहरा क्षेत्र में सुजईकुंडा पुल का मुद्दा बन गया है संम्बन्धित गावों में लगे पोस्टर पुल नही तो पोल नही की तर्ज़ पर लगभग एक सप्ताह से प्रदर्शन करते दर्जनों ग्रामीण। इस पुल से लगभग 70 हजार आबादी के 36 गांवों की करीब 6 ग्रामसभा प्रभावित होती है।

लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करीब 20--25 साल पहले से पुल न बनने के कारण मतदान का बहिष्कार कर रहे लोगों का कहना है कि सांसद विधायक आते हैं और लॉलीपॉप दिखा के चले जाते हैं 20 साल का यही रवैया है कहते हैं इस बार हम पुल बनवाएंगे हमको वोट दो यहां तक कि लोग कहते हैं कि हमारे यहां शादी ब्याह वाले जो रिश्ता लेकर आते हैं वह भी पुल देख के यहां पर शादी करने से मना कर देते हैं बरसात के दिनों में एक ही रास्ता होने के कारण हम लोग नाव के सहारे इसी रास्ते से निकलते हैं कई बार नाव पलटने जैसी घटनाओं के कारण कई हादसे हो चुके हैं।

प्राइमरी स्कूल के टीचर भी बरसात के दिनों में विद्यालय नहीं आ पाते हैं जिससे पढ़ाई भी प्रभावित होती है। मौजूद ग्रामीणों के अनुसार क्या हमारे गांव में भी बच्चे स्नातक या डिग्री धारक नही बन सकते हैं इसका यही कारण है कि बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं इसीलिए पढ़ाई में भी बहुत बड़ी बाधा होती है लोगों का यहां तक कहना है कि हम लोगो को लगता है कि हम इस देश के नागरिक ही नहीं है। लोगों के अनुसार नेताओं द्वारा कहां जाता है कि मंदिर हम बनाएंगे लेकिन पुल नही बनाएंगे सांसद विधायक तक कसमे खा रखी है कि सुजईकुंडा का पुल व धौरहरा से सुजईकुण्डा तक का रोड नहीं बनवाएंगे।

इस बार हम सभी लोगों द्वारा कसम खा रखी है कि पुल नही वोट नहीं। लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करना है। मौजूद ग्रामीणों का यह भी तक कहना है कि 10 सालों से सांसद रेखा वर्मा को हमने ना देखा है ना हमारे इलाके में आई है विधायक विनोद शंकर का भी बहुत विरोध है जनता कहती है कि विनोद धौरहरा गरीबों का प्यारा अब नारा बदल दिया है कहते हैं विनोद धौरहरा गरीबों का हत्यारा विधायक जब चुनाव जीतने के पहले तक आमलोगों से कसम खा रहे थे कि इस बार हमें बना दो हम पुल जरूर बनवायेंगे । मौजूदा लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के पास यहां के लोग कई बार जाकर संपर्क भी कर चुके हैं लेकिन जितिन प्रसाद पीडब्ल्यूडी मंत्री होते हुए भी कभी इस पिछड़े क्षेत्र में मुड़ के नहीं देखा।

इस प्रकरण में तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मतदान पर्ची न लेने की सूचना थी। अधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा आपस में विचार विमर्श करने के उपरान्त सभी लोग मान गये है।

# ‘आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें’





**इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा-अखिलेश यादव**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने धौरहरा लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया के लिए विधानसभा मितौली के कस्ता ग्राम में एक विशाल जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहाकि अपनी गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे, किसानों को एमएसपी देंगे, उन्होंने आगे कहाकि जिन्होंने झूठी बातें की हो, झूठे वादे किए हैं उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे, पिछले 10 साल में केवल झूठ बोला है इन्होंने और एक वादा पूरा नहीं किया, ये चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है, ये बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं, ये संविधान हमें ताकत देता है और जो 4 सौ पार का नारा दे रहे थे बीजेपी के लोग, वह संविधान बदलने के लिए दे रहे थे, किसी उद्योगपति को नहीं छोड़ा इन्होंने, उसे भी नहीं छोड़ा जिस कंपनी से हमें वैक्सीन लगवाई उससे चंदा ले लिया, सुना है जिन्होंने वैक्सीन लगवा ली है सबसे ज्यादा दिल की बीमारी उन्हें ही ये बीमारी ज्यादी हो रही है ये अत्यंत दुःखद बात है, ये सरकार वाले सोच रहे हैं कि अब उनका क्या होगा, भाषा बदल गई और जो दिल्ली वाले प्रधान सांसद हैं अब तो वो अपने खासम खास लोगों को भला बुरा कह रहे हैं, जो लोग उनके दाना पानी का इंतजाम करते थे उनके खिलाफ हो गए, नौजवानों, आपकी नौकरी तो छीनी ही छीनी भाजपा ने, साथ ही एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया, 10 साल हो गए हैं, हमारे किसान भाई बताओ क्या आय दोगुनी हो गई है? न आय दोगुनी की, न उनके पक्ष में फैसले किए और महंगाई जो इतनी बढ़ी है उससे लागत दोगुनी हो गई, जो किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहते थे वह लोग किसानों के लिए तीन काले कानून लाकर रख दिया, अच्छी बात यह है कि यूपी ही नहीं बल्कि पूरे देश के किसान एकजुट होकर तीनों काले कानून के लिए आंदोलन किया कि जब तक काले कानून वापस नहीं हुआ किसान भाई डटे रहे, तीनों काले कानून तो वापस हो गए, लेकिन एक हजार से अधिक हमारे किसान शहीद हो गए, जिनका परिवार को आज तक न्याय के लिए भटक रहे है, हमारी सरकार बनती हैं तो पीड़ित परिवारों को न्याय देने के साथ ही आर्थिक मदद की जाएगी और किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा, युवाओं के बेरोज़गारी का मुद्दा उठाने पर अखिलेश यादव ने कहाकि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा धक्का युवाओं को लग रहा है, पहले तो बैकेंसी नहीं निकली, जब निकली है तो उसका पेपर लीक हो जाता है, हमारा युवा कड़ी मेहनत कर नौकरी के लिए प्रयास करता है, परीक्षा देने जाता है और जब वह घर लौटकर आता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया, उन्होंने कहाकि मुख्यमंत्री लीकेज नहीं रोक पा रहे हैं, हमारे युवा अग्निवीर की नौकरी बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे, हमारी सरकार बनती हैं तो इसको पक्की नौकरी कर युवाओं को वर्दी पहनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहाकि मौजूदा समय में खाकी वर्दी भी हम लोगों को परेशान कर रही है, लेकिन उनको यह नहीं पता कि जिस तरह फौज की नौकरी चार साल की हो गई है उसी तरह पुलिस की नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी, भाजपा सरकार सब कुछ बेच रही है, सभी सरकारी नौकरी संविदा पर कर देंगे और पुलिस की नौकरी तीन साल की कर देगी, महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे हर वर्ग परेशान है, हर भारतीय महिला को किचेन मे महंगाई का सामना कर रहा है उन्होंने उमड़े जा सैलाब से अपील की कि आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें जिससे इस संविधान विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया जा सके! महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की।

गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे-अखिलेश यादव

महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की।

आनंद भदौरिया की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में छूटे पसीने

# मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी होंगे मान्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जनहित में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए होने वाले मतदान में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

### फोटोग्राफ मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा वैकल्पिक दस्तावेज

डीएम ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

### निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत प्रवासी निर्वाचक की पासपोर्ट से ही होगी पहचान

उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) केआधार पर ही पहचाना जायेगा।

# ‘पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग’

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** प्राप्त जानकारी से जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया और लता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में देश की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कान्सटीट्यूशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मणिपुर के महाराजा राज्य सभा सासंद सनाजाओबा लैशेमबा व आचार्य अनुरूद्धाचार्य जी महाराज रहे।इस दौरान जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनुराग सक्सेना ने पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग को लेकर एक पत्र राज्य सभा सासंद जी को सौंपा।जिस पर उन्होने आश्वासन दिया कि इस मांग को वह सदन में रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन लता फाउंडेशन के डा0 पंकज खटबानी जी ने किया। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। देश की विभिन्न प्रतिभाओ को और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना ही संस्था का उद्देश्य है। इस दौरान एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकार्ड की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पुरस्कृत होने बालों मे डॉ वैखोम रोशनी देवी (मणिपुर), डॉ. देवाराम पंवार (बाड़मेर), सुधा गौतम (बबराला, उत्तर प्रदेश), मोहित कुमार भारती (नई दिल्ली), गिरीश कुमार वीएन (बेंगलुरु), मास्टर वायु पारसरामका (गुवाहाटी) मुकेश गुप्ता (जयपुर), आशीष अवस्थी (नोएडा), डॉ डी. आर. उपाध्याय (नेपाल), मास्टर धीर पारसरामका (गुवाहाटी), डॉ राजेश मालकर (जयपुर), प्रोफेसर डॉ संजीब कुमार मिश्रा (मेरठ), राहुल कुमार लोहार (नीमच, मध्य प्रदेश), अनुव्रतसेवी प्रोफेसर डॉ. ललिता जोगाड़ (मुंबई), नीतू एस शुक्ला (अमेरिका), अनीता मेज़र(अमेरिका) सहित कई अन्य प्रतिभायें शामिल थीं। आये हुए सभी मुख्य अतिथियों ने अपने विचार रखे और सभी को और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ‘‘पानी पिलाओं परिंदा बचाओं’’ का अभियान जारी

**बाराबंकी।** भीषण गर्मी में पंक्षी पानी के बिना लिए बेहाल रहते है उन्हे पानी तक नसीब नही होता है उनकी तकलीफ को समझते हुए ‘‘निमदस’’ संस्था ने ‘‘पानी पिलाओं परिंदा बचाओं’’ का अभियान लगातार जारी है। नेशनल कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के तत्वाधान में संस्था के प्रबन्ध-निदेषक एसके वर्मा ने युवाओं को पानी रखने के पात्र बांटते हुए कहा कि गर्मी में पंक्षियों को पानी न मिलने के कारण बहुत से पंक्षी प्यास से मर जाते है हमारी तरह उन्हे भी पानी की जरूरत है और उनको खुले में पानी नही मिलता इसलिए सभी लोगों से अपील है कि अपने आस-पास घरों के छत पर आंगन मे पंक्षियों के लिए मिट्टी के पात्र में पानी अवष्य रखे जिससे वे भीषण गर्मियों के प्रभाव से बच सकेंगे। समाज सेविका उषा यादव ने कहा कि इस कार्य की काफी प्रशंसा की जा रही है। इस अवसर पर अपूर्वा शुक्ला, अंकिता, अखिलेश, सगुन, शुभम वर्मा, अन्नया आदि इस अभियन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

## सीडीओ-एडीएम ने दिखाई हरी झंडी, किया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** वोटर को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से महिला मतदाता जागरुकता स्कूटी रैली आयोजित हुई। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल महिलाएं मतदाता जागरूकता वाले संदेशों के पोस्टर लिए थीं। इस मौके पर डायट प्राचार्य बृजभूषण सिंह, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, एडीईओ तौसीफ अहमद समेत रैली में 150 महिला शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही दूसरे मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करें, जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन-जन को संकल्पित होना होगा। एडीएम संजय कुमार सिंह ने महिला मतदाताओं एवं अन्य मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता शपथ ग्रहण कराई। महिलाओं ने स्कूटी रैली में वोटर को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छोड़ो सारे अपने काम, सबसे पहले करो मतदान, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक कर रहीं थीं। यह स्कूटी रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कलेक्ट्रेट में विसर्जित हुई। बता दें कि लोकसभा चुनाव मे मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई। ताकि देश मे एक सशक्त सरकार बनाने में मतदाता अपना योगदान दे सके। रैली में शामिल महिला शिक्षकों ने मतदान की अपील वाले स्लोगन लिखी तख्तियां के जरिए लोगों को 13 मई मतदान दिवस पर अपने बूथ पहुंचकर सबसे पहले मतदान करने का सन्देश दिया।

# बिजली की चपेट में आने से हुई युवक की हुई मौत

**धौरहरा-खीरी।** विकास खण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत खरवाहिया के एक मजरे बेलवा में बिजली करेंट की चपेट में आने से लालजीपुरवा निवासी युवक की मौत होने की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों द्वारा शव को उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत खरवहिया के मजरा बेलवा के एक धार्मिक स्थल पर 12 घंटे की संगीतमयी कीर्तन-भजन का कार्यक्रम तय होने पर छोटू पुत्र राजेश चौहान निवासी लालजी पुरवा द्वारा अपना साउण्ड सिस्टम लगा था कि गुरुवार में धार्मिक स्थल के पड़ोस एक मकान पर लगे हार्न को उतारने के लिए छोटू मकान पर गया था कि 11 हजार के नंगे तार से निकले करेटं से मौके पर मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर परिजनों द्वारा शव को अपने साथ गांव ले गए। इस मामले में जानकारी करने पर कोतवाली धौरहरा के वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को किसी प्रकार की सूचना परिजनों व अन्य द्वारा नही दी है।

# वाहन न उपलब्ध कराने वाले स्वामियों व स्कूल प्रबन्धकों के विरुद्ध दर्ज करायी जायेगी एफआईआर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी के समस्त ऐसे वाहन स्वामियों एवं विद्यालयों/संस्थानों के प्रबन्धकों/प्रोपराइटरों (जिन्हें एतद्द्वारा स्वामी कहा गया है) को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी/सहायक यातायात प्रभारी आलोक कुमार ने सूचित करते हुए बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र के प्रेस विज्ञप्ति संख्या 323/ सीईओ-2 दिनांक 16 मार्च, 2024 के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-160 के उप धारा (1) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट, प्रयोजनों के लिए आवश्यकता है अथवा पड़ने की सम्भावना है।




जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने अधिसूचना संख्या- ई9476/17 दिनांक 10 दिसम्बर, 1951 के साथ पठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-160 के अधीन जिन वाहनों को अधिग्रहीत कर, नोटिस/आदेश उनके वाहन स्वामियों/ विद्यालयों/ संस्थानों को तामील, चस्पा अथवा मोबाइल के माध्यम से सूचित कराया जा चुका है। ऐसे समस्त वाहनों को ठीक हालत में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर मय वाहन चालक एवं उसके क्लीनर सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में विधिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित वाहन स्वामी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व वाहन स्वामी स्वयं का होगा।

# मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी होंगे मान्य : डीएम





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जनहित में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए होने वाले मतदान में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

ये हैं वैकल्पिक दस्तावेज

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

**फोटोग्राफ मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा वैकल्पिक दस्तावेज**

डीएम ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

**निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत प्रवासी निर्वाचक की पासपोर्ट से ही होगी पहचान**

उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) केआधार पर ही पहचाना जायेगा।

# पेंशन देखने के बहाने बैंक कर्मी ने महिला के खाते से उड़ाए 25 हजार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** पेंशन की जानकारी करने के बहाने मशीन पर अंगूठा लगाकर एक महिला के खाते से पच्चीस हजार रुपए बैंक मित्र द्वारा हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ाति ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आनलाईन शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। सुबेहा थाना अंतर्गत पूरे बलगर मजरे शुक्लपुर गांव निवासिनी चौना पत्नी रामखेलावन ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत में बताया कि उसका बचत खाता आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा चौबिसी में संचालित है जिसमे 27 हजार रुपए जमा थे। उक्त गांव निवासनी क नाम जो बैंक मित्र के पद पर कार्यरत हैं उन्होंने पेंशन देखने के बहाने मुझसे पास बुक ले ली और अंगूठा लगवाकर तीन बार में खाते से 27 हजार रुपए निकाल लिए। दो हजार रुपए मुझे देकर शेष 25 हजार रुपए हड़प लिया जानकारी करने पर अभद्रता व गाली गलौज करते हुए भगा दिया। पीड़िता ने महिला बैंक कर्मी की कार्य शैली से क्षुब्ध होकर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आनलाईन शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। समय के गर्भ में ससमय कब कार्यवाही होगी ?

# भाजपा की सरकार आई तो हमारी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी भी बनेंगे अग्निवीर: अखिलेश

लोकमित्र ब्यूरो

**बहराइच।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बृहस्पतिवार दोपहर सपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने पहले, दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में भाजपा को काफी पीछे कर दिया है। चौथे और पांचवें चरण के मतदान में आप लोग मतदान कर इनके मंसूबों को रोकने का काम करें।



शहर के गेंद घर मैदान में बृहस्पतिवार को सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा आयोजित हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:15 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह चार पहिया वाहन से शहर के गेंद घर मैदान पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री का सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अखिलेश भैया जिंदाबाद के नारे लगाए। बहराइच, कैसरगंज और गोंडा के प्रत्याशियों के समर्थन में उन्होंने सभा को 12.40 बजे संबोधित करना शुरू किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पूरे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है। जबकि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का दावा करती है लेकिन विकास के नाम पर काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने डबल इंजन की सरकार में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन किसानों की कमाई को बिचौलियों के हाथ में सौंप दिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 साल के लिए अग्निवीर योजना शुरु की है। इससे युवाओं में नाराजगी है। अगर भारतीय जनता पार्टी की फिर सरकार बनी तो हमारी और आपकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को भी अग्निवीर योजना में शामिल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ बता रही है कि आने वाले चौथे और पांचवें चरण में गठबंधन प्रत्याशियों को बहुमत मिलेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि पहले, द्वितीय और तृतीय चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा के झूठ की हवा निकालते हुए उनके मंसूबों को पर पानी फेर दिया है। पूर्व सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का कोई जिक्र नहीं किया जा रहा सिर्फ हिंदू और मुस्लिम में लड़ाया जा रहा है। इस दौरान सभी प्रत्याशी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंजन हुआ खराब

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी वह बहराइच के पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरे। उसके बाद वहां से गेंद घर के लिए रवाना हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोर्ड लगा हुआ है जिसमें डबल इंजन की सरकार का स्लोगन ही गायब है। उन्होंने कहा कि पोस्टर से ही साबित हो रहा है कि जनता इनके साथ नहीं है।

## पैसे के लेनदेन में युवक ने खाया जहर, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के थाना सरोजनी नगर क्षेत्र की एक घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे उन्नाव के एक युवक ने अपने के साथी को जो की सरोजनी नगर थाना क्षेत्र का निवासी है और उसने व्यापार के लिए युवक के साथ पार्टनर शिप में व्यापार खोला था और लेकिन व्यापार में पैसे डूब जाने के चलते पीड़ति ने सरोजनी नगर निवासी से अपने पैसे मांगे लेकिन पीड़ति को पैसे नहीं मिले तो उसने भारी नुक्सान होने के सदमे से ग्रसित होकर बीते दिन जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले का संज्ञान होने पर पुलिस ने परिजनों से बात कर मामले की जानकारी ली और तहरीर आने का इन्तेजार कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया की वायरल वीडियो के अनुसार सोनू पांडेय नामक व्यक्ति जो की उन्नाव जनपद का निवासी और उसकी दोस्ती लखनऊ के थाना सरोजनी नगर के निवासी मनीष कनौजिया से थी।

## सैम पित्रोदा के बयान पर सीएम योगी का हमला, बोले- ये निंदनीय है कांग्रेस माफी मांगे



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के नस्ली बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। कांग्रेस ने देश को 1947 में बांटा। इसके बाद वो जाति, धर्म और भाषा के नाम पर देश को बांटते रहे हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

हालांकि, सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस ने खुद को इससे अलग कर लिया और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा ले लिया।

बता दें कि बुधवार को सैम पित्रोदा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह देश के अलग-अलग हिस्सों के लोगों की तुलना विदेशियों से कर रहे हैं। पूर्व के लोगों को उन्होंने चीनी, दक्षिण के निवासियों को अफ्रीकी और पश्चिम के लोगों को अरब जैसा दिखने वाला बताया। उनके इस बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी नाराजगी जाहिर की है।

## सैम पित्रोदा की नस्लीय टिप्पणी पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन सैम पित्रोदा की नस्ली टिप्पणी पर घमासान मचा है। विरासत विवाद के बाद एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में सैम ने नया विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं।

जब बयान ने तूल पकड़ा तो उन्हें कांग्रेस से इस्तीफा देना पड़ा। अब उनके बयान पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसी कड़ी में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि जब आप इस (गांधी) परिवार से जुड़े होते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना होगा। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल असहमत हूं। उन्होंने बकवास की बात की है। जो व्यक्ति इतना पढ़ा-लिखा हो वह ऐसा कैसे कह सकता है? वे राजीव गांधी के बहुत करीबी थे लेकिन उन्हें थोड़ा जिम्मेदार होना चाहिए। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनके एक बयान से भाजपा को अनावश्यक मुद्दे उठाने का मौका मिल गया।

वहीं, वाड्रा ने कहा कि मैं किसी को जवाब देने के लिए राजनीति में नहीं आना चाहता। मैं देश के लोगों की सेवा करना चाहता हूं, इसलिए शायद यह राज्यसभा के माध्यम से हो। मैं देश भर के लोगों के लिए काम करता रहूंगा और अमेठी, रायबरेली और मुरादाबाद की यात्रा करूंगा क्योंकि उनका आशीर्वाद पाकर मुझे बहुत खुशी होती है। इसलिए मैं निश्चित रूप से कुछ समय बाद सक्रिय राजनीति में शामिल हो जाऊंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच कुछ गलतफहमी है, रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, 'कभी नहीं। मैंने उनके बीच किसी भी तरह का कोई मुद्दा नहीं देखा है। अगर उनके पास किसी तरह का तर्क है, तो यह स्वस्थ तर्क है कि हम देश के लिए कुछ बेहतर कैसे कर सकते हैं। कोई भी पद और कोई भी शक्ति उनके या मेरे बीच किसी भी तरह की गतिशीलता को नहीं बदल सकती है। लोगों ने माना कि मैं बहुत परेशान था क्योंकि मुझे अमेठी से लड़ने का मौका नहीं मिला। मेरे लिए इसका कोई मतलब नहीं है। मुझे परिवार में किसी भी व्यक्ति के बीच किसी भी तरह का कोई मुद्दा नहीं दिखता। हम पूरे देश के लिए मिलकर काम करेंगे। रॉबर्ट वाड्रा चुनाव क्यों नहीं लड़ेंगे, इसके जवाब में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, 'मैं खुश हूं कि केएल शर्मा अमेठी से और राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। मैं काफी लोगों से मिलता हूं। और जहां भी मैं गया हूं लोगों को लगता है कि मुझे सक्रिय राजनीति में आना चाहिए। हमने काफी मेहनत की और 2004 में हम सोनिया गांधी को अमेठी से जीता कर लाए तब से लोगों ने हमें बहुत प्यार, इज्जत दी। मैं गांधी परिवार का सदस्य हूं और दुनिया से लोग आते हैं तो उनकी इच्छा होती है कि वे हमसे मिले।

## 42 लाख की अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को 2.700 किग्रा. अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 42 लाख रुपए) के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रईस अहमद पुत्र मो. सफी, संजय कश्यप पुत्र देवीदास, विकास कुमार भुईयां पुत्र रामवृक्ष भुईया है। एसटीएफ टीम को सूचना मिली गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन व्यक्ति आने वाले है, जिनके पास भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ होने की सम्भावना है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास कर, गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड थाना सुभाष नगर जनपद बरेली पहुंचकर मुखबिर की निशानदेही पर उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त रईस अहमद द्वारा बताया गया कि वह यह अफीम रंजीत दांगी निवासी ग्राम देहर पोस्ट देहर, थाना चौपारन, जनपद हजारीबाग, झारखण्ड से मंगवाता है।

## इलेक्टोरल बांड के खुलासे में पाक साफ निकली बसपा : मायावती

लोकमित्र ब्यूरो

**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचीं बसपा प्रमुख मायावती ने इलेक्टोरल बांड का हवाला देकर अपनी पार्टी को पाक साफ बताया है। भाजपा और कांग्रेस को मिले बांड का हवाला देते हुए कहा कि बसपा कभी धन्ना सेठों से पैसे नहीं लेती, यह बात सुप्रीम कोर्ट के खुलासे से साफ हो चुका है। बसपा अपने कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों से मिले आर्थिक सहयोग से ही गतिविधियों को संचालित करती है।




कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा की संयुक्त चुनावी सभा में पहुंचीं बसपा प्रमुख ने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर कई सियासी हमले किए। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों ने गलत नीतियां अपनाईं, उससे वो केंद्र और प्रदेश सरकार से बाहर हुई। अब उसी रास्ते पर भाजपा भी चल रही है। भाजपा की सरकार में दलित, शोषित, वंचित, मुस्लिम, धार्मिक, अलसंख्यक वर्ग परेशान है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे लोगों में नाराजगी है।

इनकी कथनी और करनी में फर्क है। इसलिए यह तय हो गया है कि इस चुनाव में भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं होने जा रही है। बसपा के नेतृत्व में सभी वर्गों का सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की तर्ज पर ध्यान दिया जाएगा। किसी का शोषण नहीं होगा। बसपा ने चार बार यूपी की सरकार में जो कल्याणकारी काम किए, उसे अब दूसरे प्रदेशों की सरकार नकल करके चल रही हैं। केंद्र में मौका मिला तो यूपी के उसी मॉडल की तर्ज पर केंद्र में भी सरकार चलाई जाएगी। कहा कि सपा की सरकार में प्रदेश में दलित और वंचित वर्ग से भेदभाव हुआ। सपा की सरकार ने दलित महापुरुषों के नाम से बनाए गए जिलों, संस्थानों और पार्कों का नाम बदल दिया। इसलिए उन्हें अब इस वर्ग से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है।

### अच्छे दिन दिखाने का वादा निकला हवा-हवाई, गारंटी भी दिखावा

बसपा प्रमुख ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनका अच्छे दिन का वादा हवा-हवाई साबित हुआ। इसी तरह गारंटी की बात भी महज दिखावा है। उनकी बातों में नहीं आना है। इन लोगों की हवा-हवाई बातों से भरा हुआ घोषण पत्र जाति किया है। बाद में यह घोषणा पत्र की बातें भूल जाते हैं। बसपा की ओर से कभी भी घोषणा पत्र जारी नहीं होता है। बिना घोषणा पत्र के ही चार बार प्रदेश में सरकार बनी है। बसपा ने किसी के भी घोषण पत्र से ज्यादा काम किया है। बसपा सरकार में हुए काम को जनता आज भी याद करती है।

## माता-पिता के शवों के पास रातभर सिसकती रही मासूम

लोकमित्र ब्यूरो

**अमरोहा।** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक में दंपती के शव मिले हैं। महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई, जबकि पति का शव फंदे से लटका मिला। दंपती के शव के पास रातभर बेटी सिसकती रही। सिसकते-सिसकते उसे कब नींद आ गई यह पता नहीं चला।



सुबह ग्रामीणों ने उसे मचान पर सोते हुए से उठाया। मुनेश के पिता भगवत सिंह का कहना है कि मंगलवार की देर रात मुनेश अपनी पत्नी और बेटी के साथ फतेहपुर से अपने घर नहीं पहुंचा। वह सीधे ही खेत पर पहुंच गया। वह घर की बजाय खेत पर ही क्यों पहुंचा? इसका कारण समझ नहीं आया है। रात में किसी समय मुनेश की पत्नी प्रवेश की हत्या हुई होगी। इसके बाद मुनेश की भी जान चल गई। मुनेश का शव उसी मचान पर लटक रहा था, जिस पर उसकी छह वर्षीय बेटी दिवांशी सो रही थी। जबकि मात्र दस मीटर की दूरी पर ही मुनेश की पत्नी का शव पड़ा था। माता-पिता के शव के पास रातभर छह वर्षीय बेटी सिसकती रही। ना वह रोई और ना ही उसने गांव जाने का प्रयास किया। घटना आसपास के गांवों में कौतूहल का विषय बनी हुई है।

### दस दिन पहले हरियाणा से मजदूरी करके लौटा था मुनेश

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक निवासी मुनेश सिंह परिवार के साथ मजदूरी करता था। बताते हैं कि करीब दस दिन पहले ही वह पत्नी एवं बच्चों के साथ हरियाणा में मजदूरी करने के बाद गांव लौटा था। आठ दिन पहले गांव अल्लीपुर मिलक में ही उसके साढ़ू के घर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुआ था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक में जिस खेत में पति-पत्नी के शव मिले। उस खेत में मैंथा की फसल है। यह खेत मुनेश ने अपने ममेरे भाई से बटाई पर ले रखा था। फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर लोहे के तारों से तारकशी कर रखी थी।

### लोहे के तारों में मिला महिला के बालों का गुच्छा

शव के पास ही लोहे के कांटेदार तारों में महिला के बालों का गुच्छा उलझा मिला। जिसे फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य के रूप अपने पास रखा है। इसके अलावा महिला के गले की हसली और मुनेश का मोबाइल भी वहीं से बरामद हुआ है। घटनास्थल को देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे महिला की हत्या से पहले उसके साथ मारपीट की गई है।

मां और पिता के बीच हुई मारपीटः पुलिस

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि पुलिस पूछताछ में मुनेश की छह वर्षीय बेटी दिवांशी ने बताया कि मां और पिता के बीच मारपीट हुई थी। काफी देरतक मारपीट होती रही। जिससे मां की मौत हो गई और इसके बाद पिता ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि बच्ची की बातों में कितनी सच्चाई है। तमाम बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## गुरूद्वारा में मना गुरू अंगद देव महाराज का प्रकाश पर्व

**लखनऊ।** नाका हिंडोला स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा में गुरू अंगद देव महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरूवार को हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह शबद कीर्तन गायन एवं नाम सिमरन द्वारा समूह साध संगत को निहाल किया। इसके पश्चात ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरू अंगद देव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु का जन्म गाँव हरीके, फिरोजपुर, पंजाब में हुआ था।

पिता का नाम फेरू और माता का नाम माता रामो देवी था। उन्होंने कहा कि गुरू अंगद देव का पहला नाम भाई लाहिणा था। वह देवी के पुजारी थे एक सिख से गुरू नानक देव की बाणी सुनकर मुग्ध होक र गुरू दर्शन की लालसा से करतारपुर आकर गुरू के दर्शन किये और दर्शन करके अपने आप को गुरू को समर्पित कर दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के पश्चात कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को गुरू अंगद देव के प्रकाश पर्व की बधाई दी।

## एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, दो की मौत, 27 घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को मक्का से लदा ट्रक बिहार से हरियाणा जा रहा था। ठठिया थाना क्षेत्र के होलेपुर गांव के पास वाहन को ओवरटेक करते समय डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिससे सड़क पर मक्का के कट्टे फैल गए। इसी दौरान पीछे से बिहार से सवारी लेकर दिल्ली जा रही तेज रफ्तार बस सड़क पर फैले मक्का के कट्टे पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर पलट गई।



हादसे में बस सवार 29 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां दो लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में 27 लोग घायल हो गए। हादसे में गोपालगंज के कटिया थाना क्षेत्र के चकरपान गांव निवासी प्रांशु (15),गोपाल पुर गांव निवासी चन्द्रिका राय (40), मंझरिया गांव निवासी मुराद (24), पचलोरी गांव निवासी विनोद कुमार (38), महावीर (20), विष्णुपुरा गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार (24), भूपतपुर गांव निवासी प्रकाश राय (36), आशाराम गांव निवासी अमन पांडेय (25), नावादा पपरौली गांव निवासी रमेश चंद्र (37), हथुआ गांव निवासी बूटन (35), गोपालपुर गांव निवासी विनोद कुमार (25),फुलवरिया थाना क्षेत्र के बनिया सापड़ गांव निवासी उपेंद्र कुमार (37), अमरेंद्र सिंह (32), सैनही गांव निवासी जमल अहमद (19),वथुआबाजार गांव निवासी अशरफ अली (25), भूरे गांव निवासी शुभम सिंह (21),

वहीं कुशीनगर जनपद के रोवहरी थाना क्षेत्र के अवदानटोला गांव निवासी बविता देवी (35), कमलेश (40), मीरागंज थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी आशिफ अहमद (18), साहिल अंसारी (18), पटारिया थाना क्षेत्र के कोयलापुरवा गांव निवासी मुनीम(40), गोरखपुर के कैम्परी थाना क्षेत्र के रासूपुर गांव निवासी सुग्रीव कुमार (35), कम्पियरगंज थाना क्षेत्र के राकूखैर गांव निवासी कन्हैया लाल (18), रोहतक के घमड़ गांव निवासी पूजा (32), यशपाल (40), मांजपुरआरा के सिन्हा गांव निवासी चन्दन सिंह (40), मिथलेश देवी (35) घायल हुए हैं।

गंभीर हालत होने पर चार मरीजों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे में गोपालगंज निवासी अशोक कुमार समेत एक अन्य की मौत हो गई है। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त की जा रही है।

## वाराणसी में नामांकन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** रायफल क्लब में लोकसभा चुनाव के नामांकन को देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन जारी किया है। 14 मई तक सुबह नौ बजे से शाम 5 बजे तक यह डायवर्जन प्रभावी रहेगा। एडीसीपी ट्रैफिक राजेश पांडेय ने बताया कि पुलिस लाइन चौराहा से कचहरी आने वाले वाहनों को पुलिस लाइन चौराहा से गोलघर कचहरी चौराहा होते हुए नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग तक जाने दिया जाएगा। मल्टीलेवल पार्किंग से आगे रास्ता पूरी तरह से बंद रहेगा। ऐसे वाहन जिन्हें गोलघर कचहरी चौराहा से सर्किट हाउस के सामने से होकर जेपी मेहता तिराहे की तरफ या भोजूबीर तिराहे की तरफ जाना हैं, वे सभी वाहन गोलघर कचहरी से आंबेडकर चौराहा से जेपी मेहता तिराहा से सेंट्रल जेल तिराहा होते हुए शिवपुर चुंगी से दाहिने गिलट बाजार होते हुए गंतव्य को जा सकेंगे।

जेपी मेहता तिराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को दैत्रावीर, भोजूबीर तिराहा की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। इन वाहनों को सेंट्रल जेल रोड की तरफ डायवर्ट किया जाएगा, जो जेल तिराहा से शिवपुर चुंगी और गिलट बाजार चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगें।

दूध सट्टी तिराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को दैत्राबीर तिराहा, सर्किट हाउस या जेपी मेहता की तरफ जाने वाले वाहनों को भोजूबीर तिराहा से अर्दली बाजार तिराहा से पुलिस लाइन चौराहा की तरफ निकाला जाएगा। मिंट हाउस से आशियाना तिराहा होकर आंबेडकर चौराहा होते हुए कचहरी जाने वाले वाहनों को मिंट हाउस तिराहे से इंडिया होटल (एयरफोर्स चौराहा) से शारदा मोटर ट्रेनिंग तिराहा से नेहरू पार्क तिराहा से इमलिया घाट होते हुए सेंट्रल जेल तिराहा की तरफ जाने दिया जाएगा। अपील है कि शिवपुर, बाबतपुर जाने के लिए फुलवरिया ओवरब्रिज का प्रयोग करें।

## यातायात नियमों से किया जागरूक

**लखनऊ।** राजधानी में पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देश राजधानी में स्कूली छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिया चलाये जा रहे अभियान के तहत ट्रैफिक बुधवार को ट्रेनिंग पार्क में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देश 10 मई को न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज, श्रृंगार नगर आलमबाग लखनऊ में छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रुप में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क, लखनऊ से पंकज शर्मा ने सड़क चिन्ह, रोड मार्किंग, ट्रैफिक लाइट, लाईसेंस सम्बन्धी जानकारी तथा गुड समेरिटन कानून के प्रति जागरूक किया। जिसमें प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं 225 छात्रों ने भाग लिया।

## मतदाताओं को रिझाने के लिए कानपुर में आज राहुल, अखिलेश और माया की सभा



सुनील बाजपेई

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव को चलते महानगर में मतदाताओं को रिझाने जाने के लिए नेताओं की सभाओं और रैलियों का दौर लगातार जारी है । इसी क्रम में आज 10 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती की सभा होनी है।

7 साल बाद या दूसरा मौका है जब सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक साथ चुनावी सभा करने कानपुर आ रहे हैं। उनकी आज 10 मई को शहर के जीआइसी चुन्नीगंज में संयुक्त सभा होनी है। इसके लिए सपा और कांग्रेस के नेताओं को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस सभा की सफलता के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने गठबंधन दल के नेताओं के साथ संयुक्त बैठक में रणनीति पर चर्चा की है।

वहीं दूसरी ओर सपा के महानगर अध्यक्ष फजल महमूद ने बताया कि 10 मई को कन्नौज की चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव सीधे सीएसए के हेलीपैड पर उतरेंगे। इसके बाद जीआइसी चुन्नीगंज में मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।

इसी तरह से आज 10 को रमईपुर मगरासा बसपा सुप्रीमो मायावती भी अकबरपुर से प्रत्याशी राजेश कुमार द्विवेदी की समर्थन में जनसभा करेंगे। इसके लिए भीड़ जुटाना के लिएबसपा के स्थानीय नेता और पदाधिकारी जी जान से जुटे हुए हैं।

## मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान पलट गई हाइड्रा



लोकमित्र ब्यूरो

**मैनपुरी।** मैनपुरी में महाराणा प्रताप की जयंती पर बृहस्पतिवार को क्षत्रिय समाज के लोग उत्साहित थे। करहल चौराहे पर लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान हाइड्रा पर चढ़ कर कुछ युवकों ने माला पहनाई। वजन अधिक होने के कारण हाइड्रा कुछ नीचे आकर पलट गई। जिसके चलते आयोजन स्थल पर भगदड़ मच गई।

क्षत्रिय समाज के लोगों की ओर से बृहस्पतिवार को महाराणा प्रताप की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाराणा प्रताप को याद करते हुए क्षत्रिय नेताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने और बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही गई। आयोजन के दौरन करहल चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।

वइस बीच कुछ अति उत्साह में युवा नगर पालिका की हाइड्रा पर सवार होकर माल्यार्पण करने के लिए ऊपर चले गए। माल्यार्पण तो कर दिया, लेकिन वजन अधिक होने की वजह से हाइड्रा संतुलन खो बैठा और कुछ नीचे आते ही हाइड्रा को साधने वाली मशीन पलट गई। उसमें बैठे चारों युवक सड़क पर जा गिरे।

हादसे के चलते आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि हाइड्रा का संतुलन काफी नीचे आने के बाद बिगड़ा नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। गिरने से युवकों को मामूली चोट लगी। नगर पालिका कर्मियों ने मशीन को सही किया और वहां से ले गए।

## संक्षेप

### स्वाभिमान शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

गाजियाबाद । दिनांक 09 .05 .2024 को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयन्ती स्वाभिमान शोर्य दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनायी गयी इस शुभ अवसर पर यादव महासभा व क्षनिय सभा गाजियाबाद के पदाधिकारीयों द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव को प्रतीक चिन्ह व शोर्य प्रतीक तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नरेश यादव (एडवोकेट) सचिन यादव (एडवोकेट, के0के0 सिंह रघुवंशी, श्री रामअवतार राणा, कु0 ललिता बालियान, भी सन्तोष यादव, श्री सुन्दा यादव, कैलाश यादव मयंक यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अलीगंज विधानसभा में तैनात की गई पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण 10 मई को

एटा। प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने सूचित किया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लोक सभा क्षेत्र 40-फर्रुखाबाद, समाविष्ट 103-अलीगंज की पोलिंग पार्टियों का विशेष प्रशिक्षण, 10 मई, 2024 को प्रथम पाली( प्रात: 10 :00 बजे से अपरान्ह 01 :00 बजे तक) में पोलिंग पार्टी संख्या-1249 से 1500 तक एवं द्वतीय पाली( अपरान्ह 02 :00 बजे से अपरान्ह 05 :00 बजे तक) में पोलिंग पार्टी संख्या-1501 से 1683 तक सेण्ट पोल्स, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, निधौली रोड एटा पर उन्हीं कक्षों में दी जाएगी, जिनमें वह द्वतीय प्रशिक्षण के समय बैठे थे।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का किया निरीक्षण

अमेठी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में स्ट्रांग रूम तथा पोलिंग पार्टी रवाना स्थल बनाया गया है जिसका आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं को दिखा तथा सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का पोस्टल बैलेट से मतदान कराए जाने हेतु प्रशिक्षण स्थल पर बनाए गए वोटर फैसिलिटेशन सेंटर का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पर पीने हेतु स्वच्छ पानी, मोबाइल टॉयलेट, छांव के लिए शेड, प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रियंका गाँधी के कार्यक्रम मे उमडी भीड

अमेठी। जिले की सरहद पर गांव ओदारी मे जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के तत्वावधान मे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बुधवार को सम्मेलन मे कांग्रेस कमेटी के ग्राम पंचायत अध्यक्ष,न्याय पंचायत अध्यक्ष,मण्डल अध्यक्ष,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो को कार्यक्रम मे आमंत्रित किया गया था। इसके साथ आनुषंगिक संगठन के पदाधिकारियो की उपस्थित रही। कार्यक्रम मे भरी भीड उमड पडी इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी,पूर्व विधायक हरि चरण यादव,पूर्व एम एल सी दीपक सिंह,कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल,ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल,शाहगढ ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव,बिमलेश सरोज,मोहम्मद नईम,फतेह बहादुर,बिजय पासी,मनोज मुटटू,नगर पालिका परिषद जायस अध्यक्ष मनीषा सिंह,सपा जिला अध्यक्ष राम उदित यादव,आप जिलाध्यक्ष हरि शंकर जायसवाल,लोक सभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा आदि नेताओ मौजूद रहे। कार्यक्रम मे कई हजार लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथित्य कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी बिलम्ब से कार्यक्रम शिरकत किया।

### भरत मिलाप का किया भावपूर्ण वर्णन



नोएडा। सेक्टर 82 स्थित पॉकेट 7 के सेंट्रल पार्क में आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने दशरथ मरण व भरत मिलाप का मार्मिक प्रसंग सुनाया। भगवान राम, लक्ष्मण और सीता सहित चित्रकूट में वास करते हैं। इधर राजा दशरथ राम के वियोग में अपने प्राण त्याग देते हैं। भरत जब अयोध्या लौटते हैं तो राम जी को वनवास और पिता की मृत्यु पर अपनी मां को धिक्कारते है। भरत जी गुरु व माताओं सहित चित्रकूट राम जी को मनाने पहुंचते हैं । भगवान राम उनको गले से लगाकर मिलते है और पिता का आदेश याद दिलाकर वापस अयोध्या भेज देते है। भरत भगवान राम की खड़ाऊँ लेकर सभी के साथ अयोध्या वापस आ जाते हैं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 10 मई को पंचवटी निवास, सीता हरण, शबरी पर कृपा आदि प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर देवमणि शुक्ल, रवि राघव, गोरे लाल, रमेश वर्मा, संजय पांडे, अंगद सिंह तोमर, हरि सिंह, संजय शुक्ला, एस के तिवारी (सुरभि पब्लिक स्कूल)रमेश दास, हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, राजेश गुप्ता, जे पी सिंह,विश्वनाथ त्रिपाठी, गौरव, नीरज शर्मा, जितेंद्र सतपति, रविंद्र कुमार, देवेंद्र गुप्ता, बहादुर चौहान, संतोष कुमार यादव, अनूप सिंह, संगम प्रसाद मिश्रा, कोमल यादव,प्रकाश जोशी, संदीप, सर्वेश तिवारी, दीपक तिवारी, विष्णु शर्मा, सुशील पाल, अजय सिंह,नीरज शर्मा, उमाकांत त्रिपाठी, सर्वेश तिवारी, सुबोध तिवारी, अवनीश तिवारी, विकास कुमार, उत्तम चंद्रा , राजवीर सिंह,सी एल तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, विनय त्रिवेदी, छाया सिंह, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

# नेता नहीं बेटा हूँ अमेठी का: किशोरी लाल शर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** गुरूवार को जिला कलक्ट्रेट गौरीगंज में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पहुंचने पर समस्त सम्मानित अधिवक्ता गणों नें गले लगाकर स्वागत किया शर्मा नें कहा मैं अमेठी का बेटा हूं नेता नहीं।



43 साल से अमेठी की सेवा कर रहा हूं। किशोरी लाल शर्मा बुधवार को गौरीगंज के बिसुनदासपुर में जिला पंचायत सदस्य के डी सरोज की अगुवाई में हुईं नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी रायबरेली गांधी परिवार की है। इसे सहेजने,संवारने, और आपके आशीर्वाद से चुनाव जीतने की जिम्मेदारी हमें सौंपी गई है।

43 सालों से अमेठी की सेवा की है। शर्मा ने कहा कि 1983 से गांधी परिवार के साथ और आपकी सेवा मे हूँ. राजीव गांधी अमेठी चार बार सांसद चुने गए थे। दुर्भाग्यवश 1991 में राजीव गांधी की हत्या हो गई । इसके बाद राजीव गांधी की खड़ाऊ लेकर कैप्टन सतीश शर्मा अमेठी में चुनाव लड़कर जीते थे। अमेठी से सोनिया गांधी सांसद चुनी गई थी। इसके बाद 2004 में सोनिया गांधी अपनी सियासी विरासत राहुल गांधी को सौंप कर रायबरेली से चुनाव लड़कर सांसद बनी । राहुल गांधी अमेठी से तीन बार 2004,2009 और 2014 में सांसद चुने गए आपके प्रेम और गाँधी के नेतृत्व के साथ आपके हर सुख दुख में साथ रहा श्री शर्मा ने कहा कि कभी भी मेरे लिए राजनीति महत्वपूर्ण नहीं थी ।

आपकी सेवा के लिए गांधी परिवार के साथ खड़ा रहा वरना बहुत पहले सांसद और मंत्री बन गए होते। मैं गांधी परिवार का वफादार सिपाही और अमेठी का सेवक रहा

जंग जीतने के लिए वफादार सिपाही लड़ाई में भेजे जाते हैं। अमेठी जीतकर गांधी परिवार का साथ व अमेठी की सम्मानित जनता का सम्मान वापस लाना है। इसके लिए अमेठी लोकसभा क्षेत्र की जनता किशोरी लाल शर्मा के साथ सड़क पर उतर पड़ी है। जिससे अमेठी में चुनाव जीतना आसान हो गया है।कारण कांग्रेस का चुनाव अमेठी की जनता लड़ रही है। श्री शर्मा गौरीगंज तहसील,विशुनदासपुर, दयालापुर, नरौली, सुजानपुर, बरौलिया,गांधीनगर,बनी, भेलिया, बरखुरदारपुर में नुक्कड़ सभा किए। कांग्रेस की नुक्कड़ सभा में भारी भीड़ जमा हो रही है। जिससे कांग्रेसियों के चेहरे खिल उठे हैं। शर्मा के कार्यक्रम में सपा के वोटर और सपोर्टर भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। जिससे भीड़ जमा होना लाजमी है। अमेठी में केएल शर्मा का नहीं अमेठी जनता का मुकाबला झूठी सांसद से हैं। जो लगातार चुनाव प्रचार मे भय,अराजकता और डर महौल बनाना चाहती हैं हमें पूज्य अमेठी की जनता पर पूरा भरोसा है।

## पूर्व डीडीसी भाजपा छोड समर्थक संग कांग्रेस का दामन थामा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मे अमेठी के पूर्व जिला पंचायत सदस्यो ने समर्थको संग शमिल हुए। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के मुख्य अतिथित्य मे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल ने पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करायी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री देवी सुनील कुमार सिंह यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कलावती बलराम मौर्य आदि ने अपने समर्थको के संग भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मे पूर्व जिला पंचायत सदस्यो और समर्थको का अभिनन्दन स्वागत करते है। कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल ने कहा कि भाजपा मे भगदड मची है। ।क्योकि भाजपा मे नेताओ और जनता का दम घुट रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री देवी सुनील कुमार सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस के मजबूती के सदैव काम करेंगे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य कलावती बलराम मौर्य ने कहा कि सरकार अब जनता के हितो की अनदेखी कर रही है। ऐसी सरकार को सत्ता मे बने रहने का हक खो दिया। ऐसे दल मे रहकर काम नही रह पायेंगे। कांग्रेस के साथ रहेंगे। और उत्थान के लिए सदैव काम करेगे।

गांव ताला मे विशाल भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमे भारी भीड उपस्थित रही।इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी ब्लाक अमेठी अध्यक्ष डा देव मणि तिवारी सहित कई नेताओ की फौज मौजूद रही।

## अज्ञात महिला का शव मिलने से फैली सनसनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज क्षेत्र के अंतर्गत ससोता दोसपुर पहलवान ईट भट्टा के पास गुरुवार को एक अज्ञात महिला का सब मिलने से एरिया में सनसनी फैल गई। युवती का गला रेत कर हत्या की आशंका जताई जा रही है उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। बता दें कि मृतक को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है। कि वह कहीं बाहर की है उसकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है राहगीरों ने बताया की एक महिला की डेड बॉडी पहलवान ईट भट्टा के पास खाई में पड़ी है इसके बाद थाना प्रभारी अमित कुमार मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर ने बताया कि महिला को देखकर यह लग रहा है कि उसका गला रेत कर हत्या की आशंका जताई गई है अभी महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

### विश्व हिन्दू परिषद् ने पथवारी मंदिर को अराजक तत्वों से मुक्त कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

**एटा।** विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों द्वारा 9 मई को बैठक करके मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन-मांग पत्र वेदप्रिय आर्य अतरिक्त उपजिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट जाकर दिया। शिवांग गुप्ता जिलामंत्री विश्व हिन्दू परिषद् के नेतृत्व में ज्ञापन मांग-पत्र द्वारा पथवारी मंदिर ठंडी सड़क एटा तथा उससे जुड़ी हुई संपत्ति को अराजक तत्वों से मुक्त कराने, मंदिर प्रांगण में स्थापित रिहायशी घर का दरवाजा बंद कराने तथा प्राचीन पथवारी मंदिर जो की नगर का प्रसिद्ध मंदिर व हिन्दू समाज की मान प्रतिष्ठा और आस्था का केंद्र भी है, अराजक तत्वों द्वारा आए दिन झगड़े फसाद का केंद्र भी बनता जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा पथवारी मंदिर व उसके प्रांगण में स्थित अन्य मंदिरों का प्रबंधन जिला प्रशासन से कराए जाने की मांग ज्ञापन पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से विश्व हिन्दू परिषद् के पदाधिकारियों मुकेश राठौर जिला सहमंत्री, मिलन प्रमुख द्वारा रखी गई।

## राष्ट्र रक्षा के संकल्प के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एटा के तत्वाधान में वीर शिरोमणि राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती महाराणा प्रताप चौक एटा पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओ ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा जिला अध्यक्ष सुनील सोलंकी ने राष्ट्रीय नायक को नमन करते हुए कहां की महाराणा प्रताप देश की अस्मिता के प्रतीक थे। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। स्वाभिमान के लिए उन्होंने राष्ट्र के खातिर घास तक की रोटी खाई किंतु दुश्मन के आगे झुके नहीं। और आखिरी सांस तक संघर्ष करते रहे। ऐसे त्याग और बलिदान की विशाल विश्व में नहीं है। ऐसे राष्ट्र नायक की जयंती पर हम सभी राष्ट्रीय रक्षा का संकल्प लेते हैं। संचालन करते हुए लोकनायक बसंत पतझड़ ने देश धर्म की पर मिटना हमारा अभिकर है। सिवान के बिना इस धरा पर जिन धिक्कार है। घास की रोटी खाएं फिर भी देश धर्म नहीं छोड़ा मरते दम तक रण क्षेत्र में ना छोड़ा हो वह था प्रताप का घोड़ा जैसे गीतों से महाराणा प्रताप को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की महामंत्री उमेश प्रताप मधु ने कहा कि महान देशभक्त राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप ने देश की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। वीरता और साहस तथा स्वाभिमान की मिसाल उनके प्रिय घोड़े चेतक ने अदा की तथा दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप का सदैव साथ दिया। इस अवसर पर युवा नौजवान ने महाराणा प्रताप अमर रहे भारत माता की जय के जोशीले नारे लगाए प्रमुख रूप से उमेश पुंडीर, अखंड प्रताप सिंह सोलंकी, सुधीर राघव, नवीन चौहान, बजरंग चौहान आदि लोगों उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर किए गए कार्य का कभी क्षय नहीं होता है : आचार्य दीपक तेजस्वी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व माना गया है। अक्षय तृतीया सर्व सिद्धि मुहूर्तों में से एक मुहूर्त है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आराधना का विशेष महत्व होता है। उनकी पूजा-अर्चना करने से जो फल प्राप्त होता है, उसका कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन गंगा स्नान करना चाहिए। अगर गंगा स्नान के लिए ना जा पाएं तो घर में ही गंगाजल मिलाकर स्नान कर भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की आराधना करनी चाहिए। आचार्य दीपक तेजस्वी ने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार 10 मई को है। वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगी और इसका समापन 11 मई को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगा। भगवान



विष्णु व मां लक्ष्मी की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। इस दिन किए गए पुण्य कार्य अक्षय हो जाते हैं। शुभ कार्यों के लिए अक्षय तृतीया की तिथि बहुत ही खास मानी गई है। अक्षय तृतीया तिथि को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त माना गया है। यानी बिना मुहूर्त के सभी प्रकार के शुभ कार्य किए जा सकते हैं। इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी की जयंती भी मनाई जाती है। अक्षय तृतीया पर ही सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के अवतार नरण्नारायण और हयग्रीव का अवतरण अक्षय तृतीया तिथि पर ही हुआ था। ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। इस दिन से ही वेद व्यास और श्रीगणेश ने महाभारत ग्रंथ के लेखन का कार्य प्रारंभ किया गया था। इस दिन ही महाभारत के युद्ध का समापन हुआ था और मां गंगा का पृथ्वी पर आगमन हुआ था। इस तिथि पर ही हर वर्ष बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाते हैं । वृन्दावन के श्री बांकेबिहारी जी के मंदिर में सम्पूर्ण वर्ष में केवल एक बार उनके श्री विग्रह के चरणों के दर्शन भी होते हैं। अक्षय तृतीया तिथि से ही उड़ीसा के प्रसिद्धि पुरी रथ यात्रा के लिए रथों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाता है।

### खुले में मीट काटने वालों पर तत्काल रोक लगाई जाए : अरविंद चौहान

**एटा।** विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि जव कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट आदेश है कि कोई भी बिना लाइसेंस के मीट की दुकाने संचालित नहीं होगी तथा खुले में मीट नहीं काटा जायेगा इसके बावजूद भी जनपद में खुलेआम धड़ल्ले से चल रही है मीट की दुकानें कासगंज रोड पर आई. टी.आई.के सामने तथा कासगंज रोड से रेलवे रोड की तरफ अंडरपास के पास खोखे मे मीट खुलेआम काटा जा रहा है। तथा मुख्यमंत्री जी के आदेशों को खुलेआम हवा में उडाया जा रहा है। मेरा जिला प्रशासन से आग्रह है कि जनपद में विना लाइसेंस की चल रही दुकानें तथा खुले में मीट काटने वालों पर तत्काल रोक लगाई जाए। अन्यथा आचार संहिता के बाद ऐसे लोगों के खिलाफ आंदोलन होगा तथा उक्त के बारें में मुख्यमंत्री जी को भी अवगत कराया जायेगा।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई द्वारा विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया गया संस्थापक का जन्म दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई द्वारा रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विश्व रेड क्रॉस दिवस विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों को करके मनाया गया।

सुबह रेड क्रॉस के बैनर तले भारत विकास परिषद राजनगर एक्सटेंशन शाखा द्वारा धवल गुप्ता व शुभम चतुर्वेदी के सौजन्य से गाजियाबाद हिंडन किनारे पर स्थित नंदी पार्क में गोवंश नंदी हरा चारा सेवा की गई जिसमें साक्षी के रूप में गाजियाबाद के व्यापारी नेता, वरिष्ठ समाजसेवी मयंक गोयल जी उपस्थित रहे जहां उन्होंने भाविप द्वारा मुद्रित भारतीय तिथि कैलेंडर का भी विमोचन किया तथा साथ ही सभी चतुर्थ श्रेणी निगम महिला कर्मचारियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए सेनेटरी पैड भी वितरित किए दूसरे पड़ाव में रेड क्रॉस की टीम सिहानी गांव स्थित विद्यालय मे पहुंची जहां गर्मी के मौसम को देखते हुए भारत विकास परिषद रा. न. एक्स.की सहभागिता से पंखे लगाने के बाद सभी बच्चियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। तीसरे पड़ाव में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई के तत्वाधान में रोटरी क्लब गाजियाबाद आइडियल के सौजन्य से 50 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की गई । चौथे पड़ाव में विश्व रेडक्रॉस दिवस के समर्थन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गाजियाबाद तथा रोटरी क्लब गाजियाबाद आइडियल के सौजन्य से जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम भारत माता के चित्र व रेड क्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के चित्र पर माल्यार्पण करके तथा रेड क्रॉस उपाध्यक्ष डॉ भवतोश शंखधर द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# अब फतेहपुर सीकरी में मां कामाख्या देवी का मंदिर होने का दावा, वाद दायर

**अशोक अग्निहोत्री**

**आगरा।** जामा मस्जिद के बाद अब फतेहपुर सीकरी में मां कामाख्या देवी का मंदिर होने का दावा किया गया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने आगरा न्यायालय में वाद दायर किया है। इन्हीं अधिवक्ता की ओर से इससे पहले जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह दबे होने को लेकर भी वाद दायर किया जा चुका है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि आगरा के सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में फतेहपुर सीकरी में स्थित सलीम चिश्ती की दरगाह को कामाख्या माता का मंदिर और मस्जिद को कामाख्या माता मंदिर परिसर बताते हुए नया दावा दायर किया गया है।



मुकदमे में माता कामाख्या, आस्थान माता कामाख्या, आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट, योगेश्वर श्रीकृष्ण सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान ट्रस्ट, क्षत्रिय शक्तिपीठ विकास ट्रस्ट और अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह वादी हैं। उनकी ओर से उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, प्रबंधन कमेटी दरगाह सलीम चिश्ती, प्रबंधन कमेटी जामा मस्जिद को प्रतिवादी बनाया गया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में विवादित संपत्ति भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है। जिस पर सभी विपक्षीगण अतिक्रमणी है।

फतेहपुर सीकरी का मूल नाम सीकरी है, जिसे विजयपुर सीकरी भी कहते थे जोकि सिकरवार क्षत्रियों का राज्य था। विवादित संपत्ति माता कामाख्या देवी का मूल गर्भ गृह व मंदिर परिसर था। प्रचलित ऐतिहासिक कहानी के अनुसार फतेहपुर सीकरी को अकबर ने बसाया जोकि गलत है। बाबर ने अपने बाबरनामा में सीकरी का उल्लेख किया था और वर्तमान में बुलंद दरवाजे के नीचे दक्षिण पश्चिम में एक अष्टभुजीय कुआं/बावड़ी है। दक्षिण पूर्वी हिस्से में एक गरीब घर है जिसके निर्माण का वर्णन बाबर ने किया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अभिलेख भी यही मानते है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि डी बी शर्मा जोकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद रहे हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में फतेहपुर सीकरी के वीर छबीली टीले की खुदाई की, जिसमें उन्हें सरस्वती और जैन मूर्तियां मिली। जिनका काल एक हजार ईसवीं के लगभग था। डी वी शर्मा ने अपनी पुस्तक ₹आर्कियोलॉजी ऑफ फतेहपुर सीकरी- न्यू डिस्कवरीज़₹ में इसका विस्तार से वर्णन किया है। इसी पुस्तक के पेज संख्या 86 पर वाद संपत्ति का निर्माण हिन्दू व जैन मंदिर के अवशेषों से बताया है।

अंग्रेज अधिकारी ई बी हावेल ने वाद संपत्ति के खम्भों व छत को हिन्दू शिल्पकला बताया है और मस्जिद होने से इंकार किया है। खानवा युद्ध के समय सीकरी के राजा राव धामदेव थे। खानवा युद्ध में जब राणा सांगा घायल हो गए तो राव धामदेव धर्म बचाने के लिए माता कामाख्या के प्राण प्रतिष्ठित विग्रह को ऊंट पर रखकर पूर्व दिशा की ओर गए। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सकराडीह में कामाख्या माता के मंदिर को बनाकर इस विग्रह को पुनः स्थापित किया। उस तथ्य का उल्लेख राव धामदेव के राजकवि विद्याधर ने अपनी पुस्तक में किया है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय कानून भी यही कहता है कि किसी भी मंदिर की प्रकृति को बदला नहीं जा सकता। यदि एक बार वह मंदिर के रूप में प्राण प्रतिष्ठित हो गया तो वह हमेशा मंदिर ही रहेगा। केस को न्यायाधीश मृत्युंजय श्रीवास्तव के न्यायालय लघुवाद न्यायालय में पेश किया गया, जिसपर माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी करने का आदेश किया। सुनवाई की अगली तिथि ऑनलाइन ई कोर्ट पर देखने को कहा गया। सुनवाई के दौरान वादी व अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुलश्रेष्ठ, अधिवक्ता अभिनव कुलश्रेष्ठ व अजय सिकरवार उपस्थित रहे।

## काम किया है और काम करके दिखाएंगे : नैना चौटाला

**» हिसार से पहली महिला सांसद बनाने के लिए जेजेपी को वोट दें: नैना चौटाला**

**हरियाणा/ हिसार।** मैं हरियाणा की राजनीति में जनता की सेवा करने, उनकी समस्याओं का निवारण करवाने और उनके आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए आई हूं। जननायक स्वर्गीय चौधरी देवीलाल द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए मैंने राजनीति में काम किया है और उन्हीं की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प हूं। यह बात हिसार लोकसभा से जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कही। वे वीरवार को नारनौंद हलके के गांव सिंघवा खास में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने गांव मदनहेड़ी, सीसर, खरबला, रोशन खेड़ा, बड़छप्पर व मोहला सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में ग्राम सभाओं को संबोधित किया। गांवों में नैना चौटाला का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान गांव सीसर में नैना चौटाला किसान नेताओं से भी मिली, उनसे बातचीत की और उनके सवालों का जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि दुष्यंत ने किसानों के हित में सदा काम किया है। किसानों की संतुष्टि के बाद गांव सीसर में जेजेपी प्रत्याशी का जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जोरदार स्वागत हुआ।

जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कहा कि जननायक स्वर्गीय चौ. देवीलाल ने सदैव गरीब, किसान, कमेरे वर्ग की आवाज को मजबूती दी और जब वे सत्ता में आए तो उनके लिए कानून बना कर अनेक ऐतिहासिक निर्णय किए। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन उनके द्वारा शुरू की गई ऐसी योजना थी जिसे हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों की सरकारों ने अपने राज्यों में इसे लागू किया। नैना चौटाला ने कहा कि जेजेपी की हरियाणा सरकार में साझेदारी की बदौलत बुढ़ापा पेंशन तीन हजार पहुंची जो कि देशभर में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि देश में हरियाणा के अलावा 18 राज्यों में बीजेपी की सरकार है लेकिन किसी भी राज्य में 1500 रूपए से अधिक बुढ़ापा पेंशन नहीं है। नैना चौटाला ने यह भी कहा कि 5100 रूपए बुढ़ापा करना जेजेपी का प्रमुख वादा है और इसे जेजेपी ही पूरा करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हमने जनता के लिए काम किया और आगे भी काम करेंगे दिखाएंगे।

नैना चौटाला ने कहा कि जनता ने मुझे जब भी जो जिम्मेदारी दी है, उन्होंने उसे बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा कि 2014 में डबवाली की जनता ने उन्हें विधायक बनाया था और 2019 में बाढड़ा हलके का विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया था। नैना चौटाला ने कहा कि दोनों हलकों की समस्याओं को मैंने विधानसभा में उठाया और सरकार से क्षेत्रवासियों का हक दिलाया हैं। उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा की जनता मेरा ट्रैक रिकॉर्ड देख सकती है।

# आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें- अखिलेश यादव

## आनंद भदौरिया की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छुटे




**विमल मिश्रा**

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने धौरहरा लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया के लिए विधानसभा मितौली के कस्ता ग्राम में एक विशाल जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहाकि अपनी गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे, किसानों को एमएसपी देंगे, उन्होंने आगे कहाकि जिन्होंने झूठी बातें की हो, झूठे वादे किए हैं उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे, पिछले 10 साल में केवल झूठ बोला है इन्होंने और एक वादा पूरा नहीं किया, ये चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है, ये बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं, ये संविधान हमें ताकत देता है और जो 4 सौ पार का नारा दे रहे थे बीजेपी के लोग, वह संविधान बदलने के लिए दे रहे थे, किसी उद्योगपति को नहीं छोड़ा इन्होंने, उसे भी नहीं छोड़ा जिस कंपनी से हमें वैक्सीन लगवाई उससे चंदा ले लिया, सुना है जिन्होंने वैक्सीन लगवा ली है सबसे ज्यादा दिल की बीमारी उन्हें ही ये बीमारी ज्यादी हो रही है ये अत्यंत दुःखद बात है, ये सरकार वाले सोच रहे हैं कि अब उनका क्या होगा, भाषा बदल गई और जो दिल्ली वाले प्रधान सांसद हैं अब तो वो अपने खासम खास लोगों को भला बुरा कह रहे हैं, जो लोग उनके दाना पानी का इंतजाम करते थे उनके खिलाफ हो गए, नौजवानों, आपकी नौकरी तो छीनी ही छीनी भाजपा ने, साथ ही एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया, 10 साल हो गए हैं, हमारे किसान भाई बताओ क्या आय दोगुनी हो गई है? न आय दोगुनी की, न उनके पक्ष में फैसले किए और महंगाई जो इतनी बढ़ी है उससे लागत दोगुनी हो गई, जो किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहते थे वह लोग किसानों के लिए तीन काले कानून लाकर रख दिया, अच्छी बात यह है कि यूपी ही नहीं बल्कि पूरे देश के किसान एकजुट होकर तीनों काले कानून के लिए आंदोलन किया कि जब तक काले कानून वापस नहीं हुआ किसान भाई डटे रहे, तीनों काले कानून तो वापस हो गए, लेकिन एक हजार से अधिक हमारे किसान शहीद हो गए, जिनका परिवार को आज तक न्याय के लिए भटक रहे है, हमारी सरकार बनती हैं तो पीड़ित परिवारों को न्याय देने के साथ ही आर्थिक मदद की जाएगी और किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा, युवाओं के बेरोज़गारी का मुद्दा उठाने पर अखिलेश यादव ने कहाकि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा धक्का युवाओं को लग रहा है, पहले तो बैकेंसी नहीं निकली, जब निकली है तो उसका पेपर लीक हो जाता है, हमारा युवा कड़ी मेहनत कर नौकरी के लिए प्रयास करता है, परीक्षा देने जाता है और जब वह घर लौटकर आता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया, उन्होंने कहाकि मुख्यमंत्री लीकेज नहीं रोक पा रहे हैं, हमारे युवा अग्निवीर की नौकरी बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे, हमारी सरकार बनती हैं तो इसको पक्की नौकरी कर युवाओं को वर्दी पहनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहाकि मौजूदा समय में खाकी वर्दी भी हम लोगों को परेशान कर रही है, लेकिन उनको यह नहीं पता कि जिस तरह फौज की नौकरी चार साल की हो गई है उसी तरह पुलिस की नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी, भाजपा सरकार सब कुछ बेच रही है, सभी सरकारी नौकरी संविदा पर कर देंगे और पुलिस की नौकरी तीन साल की कर देगी, महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे हर वर्ग परेशान है, हर भारतीय महिला को किचेन मे महंगाई का सामना कर रहा है उन्होंने उमड़े जा सैलाब से अपील की कि आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें जिससे इस संविधान विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया जा सके! महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की !

> ☞ इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा- अखिलेश यादव
>
> ☞ गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगें- अखिलेश यादव

# सीएम विपक्ष पर जमकर बरसे सरकार की गिनाई दस साल की उपलब्धियां




**बिसवां,सीतापुर।** सीतापुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के बिधानसभा बिसवां की ग्राम पंचायत कन्दुनी अर्जुनगढ़ के आईआईटी खेल मैदान पर भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में एक चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया 7 कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में बोलते हुए राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि तीन चरणों के चुनाव होने के बाद मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र मे तीसरी बार सरकार बनने का रास्ता साफ़ है 7 उन्होंने उपस्थिति जन समूह का अभिवादन करते हुए कहा कि जो राम को लायें है आपको उनको ही लाना है 7 विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ रामभक्त हैं तो दूसरी ओर राम के विरोधी हैं जिन्हें अयोध्या में बनवाया गया राम मंदिर अच्छा नहीं लग रहा है 7 उन्होंने कहा कि अयोध्या भगवान राम कि पवन जन्मभूमि है अगर यहाँ राम मंदिर नहीं होगा तो क्या कराची और लाहौर में होगा 7 उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कन्दुनी में लगी रेडिको खेतान लिमिटेड कंपनी का उदाहरण देते हुए इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इस फैक्ट्री से हजारों नौजवानों को रोजगार मिल रहा है 7 उन्होंने समाजसेवी शरद चौधरी को विकास पुरुष बताते हुए उनके द्वारा कन्दुनी के विकास में दिए गए योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के नौजवानों को इनसे सीखने जानने की जरुरत है। उन्होंने तपोभूमि नैमिषारण के विकास पर बात करते हुए कहा कि जिस तरह अयोध्या और काशी को भव्य बनाया गया है उसी तरह नैमिष का भी सर्वांगीण विकास उनकी सरकार की मंशा बताया। उन्होंने सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि आज अस्सी करोड़ को फ्री राशन मिल रहा है, आयुष्मान कार्ड के जरिये फ्री इलाज मिल रहा है, किसानो को किसान सम्मान निधि मिल रही है महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर मिले हैं, गरीबो को पक्के मकान मिले और जिसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता है यदि वो किसी विधायक या सांसद से पत्र लिखवाता है या मुझे पत्र लिखता है तो मैं डाइरेक्ट उसके जनधन खाते में पैसे भेजकर उसके इलाज का जिम्मा स्वयं लेता हूँ 7 उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताते हुए कहा कि सपा की सरकार बनते ही सबसे पहले आतंकवादियों के मुक़दमे वापस लेने वाली फ़ाइल पर हस्ताक्षर किये गए थे 7 सपा की सरकार में परिवार और आतंकवाद की सिफारिश की जाती है 7 उन्होंने आगे कहा कि मोदी की केंद्र मे सरकार आत्मनिर्भर भारत बनाने की ओर प्रयत्नशील् है 7 उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही भय मुक्त,गुंडाराज मुक्त समाज देने में सफल रही है आज आपकी सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता है 7 आज माफिया और अपराधी अपने गले में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं 7 ये भाजपा सरकार द्वारा बनाये गए सुरक्षा के वातारवरण के कारण ही संभव हो पाया है। बिजनेस मैन यूपी का रुख कर रहे हैं 7 उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को भारी बहुमत से जिताने की अपील की 7 मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व कार्यक्रम को प्रत्याशी राजेश वर्मा, मंत्री राकेश राठौर.गुरु, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन लोकसभा प्रभारी नीरज सिंह ने किया 7 इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, सिधौली विधायक मनीष रावत, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, प्रमुख समाजसेवी शरद चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, राकेश सिंह, जितेन्द्र यादव करुणा शंकर पटेल, अनुराधा पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# ट्रेंड्स मॉल में यूपी टॉपर्स को किया गया सम्मानित

## वरिष्ठ पत्रकार और जैन समाज के अध्यक्ष अनुज जैन ने यूपी टॉपर्स को किया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील में स्थित ट्रेंड्स मॉल में यूपी टॉपर्स को सम्मानित किया गया। बात अगर शिक्षा और अच्छे आचरण की आती है तो वही सीतापुर की तहसील महमूदाबाद का नाम पूरे प्रदेश में गूंजने लगता है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2023 24 की हाईस्कूल की टॉपर प्राची निगम एवं इंटरमीडिएट के टॉपर शुभम वर्मा सहित लगभग 120 स्टूडेंट्स को ट्रेंस परिवार महमूदाबाद द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार जैन ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और पुरस्कृत किया।

इस मौके पर आए सीता इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा अतिथियों सहित अन्य शिक्षक एवं ट्रेंड्स परिवार के प्रबंधक सुधीर धुरिया व समस्त सम्मानित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें परिश्रम कर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए धन्यवाद दिया गया एवं उनके जीवन में कठिन परिश्रम की कुंजी को और तेजी से भरा गया। इस मौके पर शिक्षक समर सिंह, अनुराग शुक्ला ,अंकित शर्मा ,विजय यादव ,राकेश शुक्ला व तुषार तिवारी तथा नवनीत पांडे आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना में प्रधान,रोजगार सेवक और सचिव द्वारा किया जा रहा है जमकर भ्रष्टाचार



**महमूदाबाद,सीतापुर।** ब्लॉक महमूदाबाद इलाके की ग्राम पंचायत रजपारापुर में मनरेगा योजना चढ़ाई जा रही है भ्रष्टाचार की भेंट। आपको बता दें कि केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा रोजगार गारंटी योजना भ्रष्टाचार्यो के लिए आमदनी का जरिया बन चुकी है जिससे जिम्मेदार अधिकारी अपनी तिजोरी भरने का कार्य कर रहे हैं सरकार की तरफ से गांव में बेरोजगारों को इस योजना का लाभ देकर स्वरोजगार बनाना चाहती है लेकिन कुछ प्रधान और सचिन की जोड़ी मिलकर इस योजना को धरातल के बजाय कार्यो पर ही सीमित कार्य हो रहे हैं और फर्जी तरीके से मनरेगा कार्य में हाजिरी लगाकर मोटी रकम निकालकर अपनी अपनी तिजोरी भरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं वहीं पंचायत में कागजों पर अस्थाई गौशाला में टीन सेट रखने का कार्य दिखाकर बीते कुछ दिनों से चल रहा है जिसकी हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर देखा जाए तो उसे गौशाला में करीब 6 महीने पहले से पिलर बने हुए हैं जिस पर अभी ना तो कोई तीन सेट रखा गया है और ना ही कोई गौशाला में टीन सेट से संबंधित कोई कार्य कराया गया है वहीं दूसरी तरफ अमर शहीद सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर पर भी केवल चार या पांच मजदूर ही कार्य कर रहे थे बस केवल कार्य के नाम पर ही मास्टर रोल पर लगातार फर्जी उपस्थिति दर्ज कर मोटी रकम निकालने का कार्य हो रहा है लगाई गई हाजिरी के अनुसार कार्य कुछ नजर नहीं आया बीते 2 या 3 दिन पहले से ही लगातार मास्टर रोल फर्जी तरीके से भर दिया जा रहा है अगर सूत्रों की माने तो तालाब पर कुछ लेबरों को लगाकर फोटो खींचकर केवल जिओ टेक करने केवकुछ ही देर बाद फिर वापस भेज दिया जाता है दिनांक 9/5/2024 को तालाब पर लेबर कार्य करते हुए एक भी नहीं मिला और ना ही टीन सेट रखे हुए गौशाला में मिले जब इसकी जानकारी के लिए केयरटेकर से बात की गई तो केयरटेकर ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि तीन-चार दिन पहले से किसी प्रकार का कोई लेबर नहीं लगाया गया है मास्टर रोल पर देखा जाय तो 42 उपस्थित लगाई गई और ना ही गौशाला में किसी प्रकार का कार्य कराया गया है और जब प्रधान से जानकारी चाही गई तो प्रधान ने बताया की अगर इस तरीके से पैसा निकाला नहीं जाएगा तो हमारी भरपाई कैसे होगी अब देखना यह है ब्लॉक स्तर से लेकर जिले के उच्च अधिकारी कितना उपरोक्त प्रकरण पर संज्ञान लेंगे या कागज पर इसी तरीके से फर्जी उपस्थिति दर्ज कर अपनी तिजोरी भरने का काम करते रहेंगे।

# लोन दिलाने के नाम पर हजारों रुपयों की कर ली ठगी

**मिश्रित,सीतापुर।** कस्बा मिश्रित के मोहल्ला थोक वार्ड नंबर 3 निवासी अमन कुमार पुत्र बसंत लाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है । उसको देखकर उसने लोन लेने के नाम पर अप्लाई किया था । जिस पर लोन कंपनी द्वारा उसको फोन नंम्बर 9647280373 से फोन आया कि खाता संख्या 110096 734997 आईइसवी कोड सीएन 31 35 पर फार्म सममिट करने के नाम पर 1750 रुपए ट्रांसफर करने की बात कही । उसने 3500 ट्रांसफर कर दिया । इसी तरह पीड़ित से 50349 रुपए ट्रांसफर करा लिया । उसके बाद भी 11500 रुपए बैंक कमीशन के नाम पर लिए । उसने वह भी दे दिया । लेकिन उसको सक होने पर पैसा वापस करने की बात कही । परंतु आरोपी ने पीड़ित व्दारा ट्रांसफर किया गया पैसा वापस नहीं किया गया

# गर्मियों के मौसम में खानपान में बदलाव की आवश्यक्ता है



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिश्रित,सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के कस्बा आंट में स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के चिकित्सक डा. सचान के न्त्रत्व में योग प्रशिक्षक डा. योगेश ने जानकारी देते हुए बताया है । कि मानव शरीर में लगभग 70 प्रतिशत जल होता है । और जल की कमी होने से शरीर में अनेक बीमारियां फैलती हैं । उन्होंने बताया है । कि विशेष कर तांबे के बर्तन में जल को रात में ढक कर रख देना चाहिए और प्रातः उठकर दातून करें और बैठकर धीरे धीरे जल पीना चाहिए । कम से कम दो गिलास से चार गिलास जल की मात्रा होनी चाहिए । उसके पश्चात ताड़ासन , तिर्यक आसान तथा कट चक्रासन को करना चाहिए । जिससे पिया हुआ जल नीचे की ओर गतिमान हो सके । और पूरी तरह आहार नाल की धुलाई हो सके । इस प्रक्रिया से पूरा पेट साफ हो जाएगा । इस प्रक्रिया को सुबह उठकर किया जाता हैं । इस लिए इसको उषा पान प्रक्रिया कहा जाता है । उषा पान प्रक्रिया के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं । गैस , एसटिडी , त्वचा संबंधी रोग मोटापा , अर्श बवासीर , कमर दर्द लू लगना , मासिक धर्म , चेहरे पर झुर्रियां , तलवों में जलन आदि रोगों के लिए लाभकारी है । उन्होंने बताया है । कि सर्दियों के मौसम में सर्दी खांसी जुकाम आदि में गुनगुने पानी का सेवन किया जाना आवश्यक है काफ वाद की अधिकता , निमोनिया हिचकी जैसे ग्रसित मरीजों को उषा पान का सेवन नहीं करना चाहिए । योग शिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया है । कि वर्तमान समय प्रचंड गर्मी पड़ रही है ।

जिससे सभी को अपने खान-पान और नियमित व्यायाम पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है । ताकि वह बीमार न पड़ सके ।

# कुपात्रों का पूजन व सम्मान ही देश में अशान्ति का कारण-.अशोक प्रवृद्ध

भारत में राष्ट्र के लिए साधना करने वाले महान तपस्वियों की लम्बी श्रंखला है। अत्यंत प्राचीन काल की बात छोड़ भी दी जाएए और आधुनिक इतिहास के परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाएए तो भी यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि 712 ईस्वी में भारत पर विदेशियों के पहले आक्रमण के समय से देश को परतंत्रता से मुक्ति मिलने के समय 1947 तक भी भारत के अनगिनत राष्ट्रप्रेमी सपूतों ने अपने .आपको तपस्या की अग्नि में झोंककर स्वयं को अमर कर दिया है। राजा दाहरए पृथ्वीराज चौहानए राजा जयपालए सम्राट मिहिरभोजए राजा अनंगपालए राणा सांगाए महाराणा प्रताप सिंहए छत्रपति शिवाजीए बंदा वीर वैरागीए राजा छत्रसालए रानी हाड़ीए रानी पद्मिनीए पन्नाधायए गुरू गोविन्दसिंह आदि से लेकर महर्षि दयानन्दए श्यामजी कृष्ण वर्मा महादेव गोविन्द रानाड़ेए लाला लाजपत रायए वीर सावरकरए भाई परमानन्द जीए सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रभृति अनेक और असंख्य देशभक्तों ने देश के लिए कष्ठ उठाए और महान तप किया। फलस्वरूप देश को विदेशी शासन से मुक्ति मिली। लेकिन आज भी देश में ऐसे निर्लज्जए ऐसे कृतघ्न मौजूद हैंए जो अपनी मुगलिया मानसिकता का परिचय देते हुएलोककल्याण के लिए राष्ट्र की साधना अर्थात तप करने वालेए दूसरों के उद्धार के लिए अपने सुख तक का त्याग करने वाले इन महान सपूतों का अपमान करने से नहीं चूकतेए और अपनी मानसिक विद्वेष अथवा राजनीतिक लाभ के लिए समय मिलते ही इनके प्रति अपमानजनक वक्तव्यों का प्रयोग अथवा इनके प्रतीक स्थलोंए प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की मानसिकता का प्रदर्शन करने लगते हैं। इसी प्रकार की एक घटना में विगत4 मई 2024 दिन शनिवार को मोदी विरोध से राष्ट्रविरोध की ओर अग्रसर विपक्ष ने एक बार फिर से राष्ट्र को शर्मसार करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम देकरउत्तरप्रदेश के मैनपुरी में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप का घोर अपमान किया है। खबरों के अनुसार 4 मई को समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से उम्मीदवार डिंपल यादव के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक रोड शो का आयोजन मैनपुरी में किया था। इस रोड शो के बाद बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता करहल चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़ गएए और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कथिततौर पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। इस घटना के बाद महाराणा प्रताप के आक्रोशित प्रशंसकों का कहना है कि महाराणा प्रताप किसी जाति विशेष के नायक नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत राष्ट्र के नायक हैं। उनका अपमान किसी क्षत्रिय समाज का अपमान नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतीय समाज और राष्ट्र का अपमान है।

उल्लेखनीय है कि आज भी इस देश में महाराणा प्रताप सरीखे राष्ट्रनायकों को अपमानित करने में अपने .आपको गौरवान्वित महसूस करने वाले और विदेशी आक्रांताओं अकबर और औरंगजेब को महान बतानेतथा महाराणा प्रतापए वीर शिवाजी प्रभृति राष्ट्र प्रहरियों को बाग़ीमानने वालों की कमी नहीं है। कहा जाता है कि इस देश में आज भी ऐसे लोगों की एक लॉबी कार्यशील है। जिहादी मानसिकता से ग्रसित मुग़लभक्तों की यह टोली राष्ट्र और राष्ट्रनायकों के गौरव को कलंकित करने हेतु नाना प्रकार के षड्यंत्र रचने को लालायित रहती है। यह अलग बात है कि इनके विपरीत इस देश का आम नागरिक चाहे वह किसी भी धर्मए जाति अथवा सम्प्रदाय का होए आज भी विदेशी आक्रांताओं को खलनायक की ही संज्ञा देता हैए और महाराणा प्रतापए वीर शिवाजी को अपना नायक मानता है। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चातभारत के सत्ता पर सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रहने वाली कांग्रेस और उसके छद्म धर्म निरपेक्ष सहयोगी दलों के द्वारा प्रस्तुत इतिहास के कारण महाराणा प्रताप जैसे देश के वीर सपूतों का अपमान निरंतर जारी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के सत्य व जीवंत इतिहास के उज्ज्वल पृष्ठों को छल प्रपंचों में ढँक दिया गया। जिसके कारण महाराणा प्रताप का गौरवमयी व्यक्तित्व सर्वाधिक आहत हुआ है।स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में तुष्टीकरण का नशा देकर भारतीय जनता को पुनः नींद में सुलाने का षड्यन्त्र का दौर शुरू हुआए तो सत्ता के ऐसेकेंद्र निर्मित हुएए जिन्होंने निज गौरव और निज देश पर अभिमान करने वालों को संकीर्ण और साम्प्रदायिक घोषित कर दिया। भारत के बहुसंख्यकों को अपने गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करनेए अपने आराध्य देवों का नाम लेने तक का अधिकार न रहा। ऐसा करने पर उन्हें विधर्मी तत्वों व देश पर शासन करने वालों के द्वारा प्रताड़ित किए जाने की लंबी कथा है। निज गौरव और निज देश पर अभिमान करने की सोच भारतीयों में विकसित न हो सकेए इसके लिए इस देश में इतिहास का विकृतिकरण ही नहीं किया गयाए बल्कि सत्य इतिहास का विलोपीकरण ही कर दिया गया। सत्य इतिहास पर झूठ की परत चढ़ाकर सत्य को छुपाने का हरसंभव प्रयास किया गयाए और विकृत इतिहास व साहित्य को भारतीयों के समक्ष प्रस्तुत किया गयाए ताकि इस देश के नागरिकों के मस्तिष्क में चमत्कार दिखाने वाले व्यक्तियों का नामोनिशान तक न रहेए जिससे सम्पूर्ण देश निज गौरव और स्वाभिमान से कहीं अभिभूत न हो उठे। स्वदेश हेतु इतना बड़ा पाप संसार के किसी अन्य देश में नहीं किया गयाए जितना बड़ा इस देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कर दिखाया गया। इसके लिए इस देश पर छठी शताब्दी से ही शासन करने वाले मेवाड़ के राणा वंश और उस राजवंश के दमकते हीरों को इतिहास में मूल्यविहीन कर दिया गयाए जिनकी आभा और तेज से सिर्फइस आज के भारत ही नहींए अपितु अफ़ग़ानिस्तान के उस पार ईरान की सीमा तक का विशाल भूभाग सदियों सेआलोकित हुआ करता था। लेकिन उसके स्थान पर असत्य और विकृत इतिहास प्रस्तुत कर तुष्टीकरण के नशे में डूबी भारतीय जनता को लोकतंत्र आने का स्वप्न दिखला दिया। इस कार्य में देश विभाजन के बाद भारत के केंद्र में देश के इतिहास और संस्कृति के प्रति बिल्कुल तंग नजरेंरखने वाली सत्तासीन सरकार और उसके मंत्रीमंडल ने भरपूर योगदान प्रदान किया।

# मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन




**लहरपुर,सीतापुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को स्थानीय आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, सेविकाओं के द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस के स्वयं सेवक, सेविकाओं ने प्रतिभाग कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने स्वयंसेवक व सेविकाओं को जागरुक करते हुए उन्हें लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी से स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में रमेश चंद्र मिश्रा, विनोद कुमार शुक्ला, नीता सिंह, कृष्ण चंद्र द्विवेदी, रियाज अहमद, अंकित कुमार, संजीत मिश्रा, शिवकुमार मिश्रा सहित राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवक सेविका उपस्थित थे।

# आगजनी में दो घर जल कर खाक

## बिजली के सार्ट सर्किट से नहर चौराहा का एटीएम बना आग का निशाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिश्रित,सीतापुर।** विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत मुड़ियारा के मजरा नौवाखेड़ा में अचानक आग लगने से दो घर जलकर खाक हो गए है । आपको बता दें कि ग्राम नौआखेड़ा में रहने वाले उसमान और इमरान पेशे से कला बाज है । आग लगने से उनकी चार बकरी 2 कुंटल गेहूं समेत पूरा घर जलकर खाक हो गया है । घर के अंदर रखी खाद्यान्न सामग्री भी जल कर खाक हो गई है । यहां के प्रधान प्रतिनिधि राजन मिश्र ने बताया है । कि लेखपाल से सर्वे करा दिया गया है । सभी को ग्राम पंचायत द्वारा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है । किसी प्रकार की दिक्कत नही होने दी जाएगी । वहीं आज कस्बा मिश्रित के नहर चौराहा पर स्थित एटीएम में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई । जिससे वह अचानक घूं घूं कर जलने लगा ।

पड़ोस के लोगों ने फायर यूनिट मिश्रित को सूचना दी । मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया । जिससे काफी नुकसान होने से बच सका ।

# क्षत्रियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे महाराणा प्रताप- अल्पना सिंह

## पूर्वजों द्वारा अर्जित ख्याति की रक्षा हम सभी का दायित्व है-अर्चना सिंह

**सीतापुर।** क्षत्रिय समाज के साथ सभी के लिए अपने पराक्रम और वीरता से आजीवन लोहा मनवाने वाले इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा चुके महाराणा प्रताप जी की जयंती पर आज किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह की अगुवाई में एकत्रित समूह ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया !कार्यक्रम में उपस्थित सीतापुर पूर्व एम एल सी व वर्तमान में लोकसभा धौरारह से सपा प्रत्याशी आनन्द भदौरिया की पत्नी अर्चना सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज हमेशा देश हित व जनहित के लिए अपनी कुर्बानी के लिए विख्यात है !और अब वर्तमान समय में हम सभी को पूर्वजों द्वारा अर्जित की गई ख्याति की रक्षा का वीणा उठाने का समय है !श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शिवम् प्रताप सिंह, दिव्य सिंह,मुनेश्वर सिंह,श्री कृष्ण पाल, बिट्टो मौर्या,नीलम,करणी सेना से मनोज सिंह,दिव्यांश तोमर,प्रशांत भदौरिया,अवनेन्द्र विक्रम सिंह,मोनू सिंह,ऋतुराज सिंह आदि उपस्थित थे ! एकत्रित लोगों ने किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/ प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह के लिए ईश्वर से शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की !